remaining lines to be closed down, despite taking up the matter with the State Governments at the highest level. there has been no progress so far. Railway Convention Committee—1985 recommended that the dialogue with the State Govts. should be continued further and that the Railways should try to convince of the desirability of agreeing for closure of lines recommended by RRC. Accordingly, the General Managers of the Zonal Railways have been asked to reopen the dialogue with the State Govts.

MGIPRRND—S/96 RB/91—TSS-I—13-7-91—10,000

Works, Machinery and Rolling Stock Programme of Railways for 1991-92

विषय सूची

INDEX

		पृष्ठ PAGES
1.	1991-92 में रेलों के निर्माण, मशीन और चल-स्टाक के कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण Summary of Railways' Works, Machinery and Rolling Stock Programme for 1991-92 . .	1—44
2.	ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण की प्रगति Progress of Road over/under-bridges	45—48
3.	1991-92 में चल-स्टाक कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण Summary of Rolling Stock Programme for 1991-92	49—51
4.	1991-92 में मशीन और संयंत्र कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण Summary of Machinery and Plant Programme for 1991-92	52—53
5.	1991-92 में सभी रेलों के लिए सामान का लेन-देन Stores Transactions for all Railways for 1991-92	54—59
6.	1991-92 में सभी रेलों में विनिर्माण-कार्य Manufacturing Operations for all Railways for 1991-92	60—68
7.	1991-92 में सभी रेलों के विविध अग्रिम Miscellaneous Advances for all Railways for 1991-92	69

1991-92
में
रेलों के निर्माण, मशीन और चल-स्टाक कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

SUMMARY
OF
RAILWAYS' WORKS, MACHINERY AND ROLLING STOCK PROGRAMME FOR 1991-92

नीचे दी गयी तालिका में 1989-90 के वास्तविक, 1990-91 के बजट और संशोधित अनुमान तथा 1991-92 के बजट अनुमान दिये गये हैं। यह खर्च पूंजी, मूल्यह्रास आरक्षित निधि, विकास निधि, दुर्घटना क्षतिपूर्ति, संरक्षा एवं यात्री सुविधा निधि और राजस्व (चालू लाइन निर्माण राजस्व) के खाते किया जाता है :—

The table below sets out the Actuals for 1989-90, Budget and Revised Estimates for 1990-91 and the Budget Estimates for 1991-92 of expenditure chargeable to Capital, Depreciation Reserve Fund, Development Fund, Accident Compensation, Safety and Passenger Amenities Fund and Revenue (OLWR).

(हजार रुपयों में)
(Figures in thousands of rupees)

विवरण Particulars	वास्तविक Actuals 1989-90	बजट अनुमान Budget Estimates, 1990-91	संशोधित अनुमान Revised Estimates, 1990-91	Budget Estimates, 1991-92 फरवरी, 1991 में यथाप्रस्तुत As presented in Feb, 1991	अब प्रस्तुत As now presented
पूंजी Capital	1669,82,54	1573,99,85	1461,58,38	1058,98,27	1528,98,27
मूल्यह्रास आरक्षित निधि Depreciation Reserve Fund	1564,30,27	1820,00,00	1877,00,00	1891,00,00	1887,00,00
विकास निधि Development Fund	127,37,01	186,00,00	155,00,00	140,00,00	125,00,00
दुर्घटना क्षतिपूर्ति, संरक्षा एवं यात्री सुविधा निधि Accident Compensation, Safety and Passenger Amenities Fund	55,88,63	80,00,00	77,00,00	72,00,00	74,00,00
राजस्व (चा०ला०रा०) Revenue (OLWR)	41,32,26	50,00,00	50,00,00	48,00,00	45,00,00
जोड़ TOTAL	3458,70,71	3709,99,85	3620,58,38	3209,98,27	3659,98,27
महानगर परिवहन परियोजनाएं—विविध अग्रिम (पूंजी) Metropolitan Transport Projects—Misc. Advances (Cap.)	*103,53,43	*120,00,15	*125,41,62	*110,01,73	*165,01,73
कुल जोड़ GRAND TOTAL	£3562,24,14	£3830,00,00	£3746,00,00	£3320,00,00	£3825,00,00

*इसमें पूंजी-भंडार उचंत के अन्तर्गत 0.05 लाख रुपये (वास्तविक 1989-90) 0.15 लाख रुपये (बजट अनुमान 1990-91) 0.12 लाख रुपये (संशोधित अनुमान 1990-91) तथा 1.73 लाख रुपये (बजट अनुमान 1991-92) शामिल है।

*Includes Rs. 0.05 lakh (Actuals, 1989-90), Rs. 0.15 lakh (Budget Estimate 1990-91) Rs. 0.12 lakh (Revised Estimate 1990-91) and Rs. 1.73 lakhs (Budget Estimate 1991-92) under Capital—Stores Suspense.

£इसमें भारतीय रेल वित्त निगम द्वारा रेलवे योजना के वित्त पोषण के लिए भारतीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार से ऋण के माध्यम से जुटाये जाने वाले 1000 करोड़ रुपये (वास्तविक 1989-90) 1170 करोड़ रुपये (बजट अनुमान और संशोधित अनुमान 1990-91) और 1500 करोड़ रुपये (बजट अनुमान 1991-92) शामिल नहीं है।

£Excludes Rs. 1000 crores (Actuals, 1989-90), Rs. 1170 crores (Budget Estimates and Revised Estimates, 1990-91) and Rs. 1500 crores (Budget Estimates, 1991-92) proposed to be raised through borrowings by the Indian Railway Finance Corporation in the domestic and international market for financing the Railway Plan.

विशिष्ट वर्ग के निर्माण-कार्यों के लिये 3825 करोड़ रुपये की शुद्ध व्यवस्था का बंटवारा इस प्रकार है :—

The following is the distribution of the net provision of Rs. 3825 crores among the various classes of works :—

(लाख रुपयों में)
(Figures in lakhs of rupees)

मांग के लघु शीर्ष Minor Heads of Demand	वास्तविक Actuals 1989-90	संशोधित अनुमान Revised Estimates, 1990-91	बजट अनुमान/Budget Estimates, 1991-92					
			पूंजी Capital	मूल्यह्रास आरक्षित निधि Depreciation Reserve Fund	विकास निधि Development Fund	दुर्घटना क्षतिपूर्ति, संरक्षा तथा यात्री सुविधा निधि Accident Compensation, Safety and Passenger Amenities Fund	राजस्व (चालू लाइन निर्माण राजस्व) Revenue (OLWR)	जोड़ Total
1	2	3	4	5	6	7	8	9
(क) नयी लाइनें (निर्माण) (*a*) New lines (Construction)	269,55	292,83	247,47	1,55	..	..	..	249,02
	1,86	*344*	*1*	*1*	..	..	..	*2*
(ख) नयी लाइनों की खरीद (*b*) Purchase of new lines	..	..	..	..	..	..	..	..
(ग) उखाड़ी गयी लाइनों को फिर से बिछाना (*c*) Restoration of dismantled lines	53	13,03	4,54	10,46	..	..	..	15,00
(घ) आमान परिवर्तन (*d*) Gauge conversion	94,95	86,02	94,01	4,86	51	62	..	100,00
	8,33	*80*	..	*56*	..	..	..	*56*
(ङ) दोहरी लाइन बिछाना (*e*) Doubling	261,36	301,24	299,57	4,70	6,12	1,11	..	311,50
	1,28	*71*	*2*	*42*	..	..	..	*44*
(च) यातायात सुविधाएं—यार्ड के ढांचे में परिवर्तन तथा अन्य कार्य (*f*) Traffic facilities—Yard remodelling and others	195,68	199,32	165,88	27,92	9,57	4,07	4,00	211,44
	34	*4,11*	*1,44*	*50*	..	..	..	*194*
(छ) संगणकीकरण (*g*) Computerisation	45,07	45,28	22,00	..	20,00	..	3,00	45,00
	..	..	..	..	..	..	..	..
(ज) रेल अनुसंधान (*h*) Railway Research	12,01	5,83	50	10	4,00	..	40	5,00
	..	..	..	..	..	..	..	..
(झ) चल-स्टाक (*i*) Rolling stock	582,78	721,18	57,00	550,35	50	..	..	607,85
	60,74	*67,89*	..	*61,85*	..	..	..	*61,85*
(ञ) रेलपथ का नवीकरण (*j*) Track Renewals	1055,77	1091,24	..	1234,35	..	..	..	1234,35
	169,01	*160,20*	..	*234,35*	..	..	..	*234,35*
(ट) पुल-संबंधी कार्य (*k*) Bridge works	64,29	83,67	3,40	63,90	80	21,00	1,80	90,90
	86	*25*	..	*90*	..	..	..	*90*

(लाख रुपयों में)
(Figures in lakhs of rupees)

1	2	3	4	5	6	7	8	9
(ठ) सिगनल और दूर-संचार संबंधी कार्य (*l*) Signalling and Tele-communication works	107,96	140,31	13,00	76,72	9,00	33,04	4,00	135,76
	37	*2,37*	..	*72*	..	*4*	..	*76*
(ड) डाक-तार विभाग से लाइन तारों का लिया जाना (*m*) Taking over of line wires from P&T	7	18	..	..	..	..	...	...
	..	..	..	..	..	..	..	..
(ढ) विद्युतीकरण परियोजनाएं (*n*) Electrification Projects	236,23	235,05	216,00	17,50	1,00	50	..	235,00
	37	*1*	..	..	..	..	..	..
(ण) विद्युत संबंधी अन्य कार्य (*o*) Other electrical works	49,53	53,45	24,00	32,02	7,70	..	6,30	70,02
	16	*31*	..	*2*	..	..	..	*2*
(त) मशीन और संयंत्र (*p*) Machinery & Plant	104,11	99,57	32,40	68,20	8,40	..	6,00	115,00
	43	*31*	..	..	..	..	..	..
(थ) कारखाने—उत्पादन यूनिटों सहित (*q*) Workshops—including Production Units	265,38	247,46	180,12	78,09	6,90	10	10,00	275,21
	63	*13*	*12*	*9*	..	..	..	*21*
(द) कर्मचारियों के लिए क्वार्टर (*r*) Staff quarters	34,13	38,23	27,50	10,01	..	..	50	38,01
	..	..	..	*1*	..	..	..	*1*
(ध) कर्मचारियों के लिए सुविधाएं (*s*) Amenities for staff	29,50	30,88	13,00	1,50	17,50	..	1,00	33,00
	..	*1*	..	..	..	..	..	..
(न) (i) यात्री सुविधाएं (*t*) (*i*) Passenger amenities	23,52	29,07	20	1,80	26,00	2,00	1,00	31,00
	..	*7*	..	..	..	..	..	..
(ii) अन्य रेल उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधाएं (*ii*) Other railway users' amenities	7	10	..	..	..	..	..	..
	..	..	..	..	..	..	..	..
(प) सरकारी वाणिज्यिक उपक्रमों में निवेश—सार्वजनिक उपक्रम (u) Investment in Government Commercial Undertakings—Public Undertakings—								
(i) भा०रे०वि०नि० (*i*) IRFC	72,00	..	1,00	..	..	..	..	1,00
(ii) भा०कं०नि० (*ii*) CONCOR	13,00	15,00	14,00	..	..	..	..	14,00
(*iii*) को० रे० नि० (*iii*) KRC	..	70,00	51,00		..	..	..	51,00

(लाख रुपयों में)
(Figures in lakhs of rupees)

1	2	3	4	5	6	7	8	9
(फ) अन्य विनिर्दिष्ट कार्य (v) Other specified works	29,52	29,48	9,00	2,41	7,00	11,60	7,00	37,01
	1	*22*	..	*1*	..	..	..	*1*
(ब) भंडार उचंत (w) Stores suspense	1648,53	1767,01	1920,82	..	..	..	..	1920,82
	1528,24	*1750,98*	*1921,20*	..	..	..	..	*1921,20*
(भ) निर्माण उचंत (x) Manufacture suspense	1725,24	1986,16	2219,33	..	..	..	..	2219,33
	1703,42	*1959,14*	*2191,60*	..	..	..	..	*2191,60*
(म) विविध अग्रिम (y) Miscellaneous Advances	279,15	236,22	298,96	..	..	..	..	298,96
	265,18	*246,27*	*271,31*	..	..	..	..	*271,31*
महानगर परिवहन परियोजनाएं Metropolitan Transport Projects	104,75	126,51	166,50	..	..	..	..	166,50
	1,21	*1,10*	*1,50*	..	..	..	..	*1,50*
जोड़ स्वीकृत TOTAL Voted	7303,29	7939,83	6078,60	2186,38	124,96	74,04	45,00	8508,98
प्रभृत *Charged*	*1,39*	*4,49*	*2,60*	*6*	*4*	..	..	*2,70*
जमा या वसूलियां Credits or Recoveries :								
विनिर्मुक्त सामान के जमा खाते Credits for released materials	240,35	232,49	..	299,44	..	..	..	299,44
अन्य जमा Other credits	*5,25*	*9,44*	*3,09*	..	..	*4*	..	*3,13*
वस्तुसूची के अन्तर्गत Credits under inventories	3496,84	3956,39	4384,11	..	..	..	..	4384,11
जोड़ जमा TOTAL CREDITS	3742,44	4198,32	4387, 20	299,44	..	4	..	4686,68
योजना परिव्यय (शुद्ध) Plan outlay (Net)								
कुल जोड़ GRAND TOTAL	£3562,24	£3746,00	1694,00	1887,00	125,00	74,00	45,00	£3825,00

प्रत्येक योजना शीर्ष के सामने दूसरी लाइन में दिखाए गये आंकड़े जमा को दर्शाते हैं।

Figures in the second lines shown against each plan head indicates credits.

@इसमें मेट्रो रेलवे, कलकत्ता के लिए 15.98 लाख रुपये सकल, 15.93 लाख रु० जमा (वास्तविक 1990-91) 16.72 लाख रुपये सकल, 16.60 लाख रु० जमा (संशोधित अनुमान 1990-91) तथा 39.48 लाख रुपये सकल, 37.75 लाख रु० जमा (बजट अनुमान 1991-92) शामिल हैं।

@Includes Rs. 15.98 lakhs—Gross: Rs. 15.93 lakhs—Credit (Actual 1989-90) Rs. 16.72 lakhs—Gross; Rs. 16.60 lakhs—Credit (Revised Estimate 1990-91) and Rs. 39.48 lakhs—Gross; Rs. 37.75 lakhs—Credit (Budget Estimate 1991-92) for Metro Railway, Calcutta.

£इसमें भारतीय रेल वित्त निगम द्वारा रेलवे योजना के वित्त पोषण के लिए भारतीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार से ऋण के माध्यम से जुटाये जाने वाले 1000 करोड़ रुपये (वास्तविक 1989-90), 1170 करोड़ रुपये (संशोधित अनुमान 1990-91) 1500 करोड़ रुपये (बजट अनुमान 1991-92) शामिल नहीं हैं।

£Excludes Rs. 1000 crores (Actuals 1989-90), Rs. 1170 crores (Revised Estimate, 1990-91) and Rs. 1500 crores (Budget Estimate 1991-92) proposed to be raised through borrowings by the Indian Railway Finance Corporation in the domestic and international market, for financing the Railway Plan.

1991-92 के बजट में 50 लाख रुपये से अधिक की लागत वाले प्रस्तावित नए कार्यों के औचित्य संबंधी संक्षिप्त टिप्पणियां तथा इन कार्यों की अनुमानित लागत और 1991-92 में प्रस्तावित परिव्यय नीचे दिए गये हैं:—

दोहरी लाइन बिछाना

1. **रामपुरा केबिन—न्यू आजादपुर पर दोहरी लाइन बिछाना—उत्तर रेलवे** :—रामपुरा केबिन—न्यू आजादपुर इकहरी लाइन खंड दिल्ली परिहार लाइन को दिल्ली-अम्बाला-कालका खंड के साथ जोड़ता है। आजादपुर, दयाबस्ती और पटेल नगर में माल-गाड़ियों की रुकावट से बचने के लिए, जापान इंटरनेशनल कार्पोरेशन एजेंसी (जे आई सी ए), जिसने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन की विकास योजना के बारे में अध्ययन किया था, द्वारा की गयी सिफारिशों के अनुसार, इस खंड पर दोहरी लाइन बिछाने का प्रस्ताव है। इस काम पर 4.98 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है और इसके लिए 50 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

2. **हजरत निजामुद्दीन—तिलक ब्रिज और हजरत निजामुद्दीन के बीच तीसरी लाइन—उत्तर रेलवे** :—बढ़े हुए यातायात और अतिरिक्त गाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर केन्द्रीकृत कोचिंग अनुरक्षण सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। कोचिंग रेकों को हजरत निजामुद्दीन और नयी दिल्ली के बीच अन्तरित करने के उद्देश्य से, तिलक ब्रिज और हजरत निजामुद्दीन के बीच तीसरी लाइन बनाने का प्रस्ताव है। इस काम पर 3.53 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है और इसके लिए 87 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

3. **कृष्णा और येरमरस के बीच रेलपथ को दोहरा करना (16.25 कि०मी०) —दक्षिण मध्य रेलवे** :—वाडी-रायचूर खंड हैदराबाद को बेंगलूर और तिरुपति से जोड़ता है। सीमेंट संयंत्रों और रायचूर ताप बिजली घर के लिए कोयले के माल यातायात के अतिरिक्त संचलन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए 15.54 करोड़ रुपये की प्रत्याशित लागत से कृष्णा और येरमरस के बीच रेलपथ को दोहरा करने का प्रस्ताव किया गया है जिसके लिए 50 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

4. **कोसगी और मटामारी के बीच रेलपथ को दोहरा करना (24.20 कि०मी०) दक्षिण मध्य रेलवे** :—रायचूर-गुन्तकल खंड हैदराबाद और बेंगलूर तथा तिरुपति को जोड़ता है। गुत्ती-नंदलूर खंड में स्थित सीमेंट संयंत्रों के लिए कोयले तथा विकाराबाद-वाडी-शाहाबाद खंड में स्थित कारखानों से सीमेंट

Brief notes of justification for new works proposed in the budget for 1991-92 at a cost of more than Rs. 50 lakhs each are given below with their estimated cost and the outlay proposed in 1991-92.

DOUBLING

1. *Doubling of Rampura cabin—New Azadpur—Northern Railway.* — Rampura Cabin — New Azadpur single line section links Delhi avoiding line with Delhi—Ambala—Kalka section. To avoid detention to goods trains at New Azadpur, Dayabasti and Patel Nagar, doubling of this section as recommended by the Japan International Corporation Agency (JICA), who conducted a study on development plan for New Delhi railway station, is proposed at an estimated cost of Rs. 4.98 crores with an outlay of Rs. 50 lakhs.

2. *Hazrat Nizamuddin.—Third line between Tilak Bridge and Hazrat Nizamuddin—Northern Railway.*— To meet the needs of increased traffic and additional trains, centralised coaching maintenance facilities are being developed at Hazrat Nizamuddin station. To transfer coaching rakes between Hazrat Nizamuddin and New Delhi, a third line between Tilak Bridge and Hazrat Nizamuddin is proposed at an estimated cost of Rs. 3.53 crores with an outlay of Rs. 87 lakhs.

3. *Doubling of Track between Krishna-Yermaras (16.25 Kms) — South Central Railway.*—Wadi-Raichur section connects Hyderabad with Bangalore and Tirupati. To cater to additional movement of goods traffic of coal for cement plants and Raichur Thermal Power Station, doubling of track between Krishna and Yermaras has been proposed at an anticipated cost of Rs. 15.54 crores with an outlay of Rs. 50 lakhs.

4. *Doubling of track between Kosgi-Matmari (24.20 Kms)—South Central Railway.*—Raichur—Guntakal section connects Hyderabad and Bangalore and Tirupati. For additional movement of coal for the cement plants located on Gooty—Nandalur

के अतिरिक्त संचलन के लिए उपर्युक्त कार्य को 22.46 करोड़ रुपये की प्रत्याशित लागत से करने का प्रस्ताव है जिसके लिए 50 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

5. **बिलासपुर और अकलतरा के बीच तीसरी लाइन (27 किलोमीटर)—दक्षिण पूर्व रेलवे**—हवड़ा-बंबई ट्रंक मार्ग पर बिलासपुर-अकलतरा बहुत ही उच्च घनत्व वाला खंड है। इस खंड पर होने वाले यातायात में भिलाई इस्पात संयंत्र, राउरकेला इस्पात संयंत्र, सीमेंट संयंत्र आदि के लिए किया जाने वाला यातायात शामिल है। कोरबा में एचईसीएल कोयला खानों और इब घाटी की सीमेंट क्षमता के विस्तार के परिणामस्वरुप बिलासपुर, और अकलतरा के बीच तीसरी लाइन का निर्माण करके इस खंड की क्षमता में वृद्धि करने की तत्काल जरूरत है। इस कार्य की अनुमानित लागत 35.91 करोड़ रुपये है जिसके लिए 1.00 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

6. **तालचेर—हिंडोल रोड के बीच दोहरीकरण (32.1 कि॰ मी॰) — दक्षिण पूर्व रेलवे** — दक्षिण में विभिन्न तटवर्ती सुपर थर्मल पावर संयंत्रों के लिए कोयले के परिवहन का दबाव तालचेर-रजतगढ़ खंड पर सबसे अधिक पड़ेगा। रजतगढ़ से हिंडोल रोड (40.7 कि.मी.) तक दोहरीकरण का कार्य पहले ही स्वीकृत कर दिया गया है। इस खंड का कार्य पूरा करने के लिए तालचेर से हिंडोल रोड तक शेष 32 कि.मी. के दोहरीकरण का कार्य 29.25 करोड़ रुपये की लागत पर करने का प्रस्ताव है जिसके लिए 2.00 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

यातायात सुविधाएं—यार्ड के ढांचे में परिवर्तन तथा अन्य कार्य

1. **तडाली-कार्ड लाइन-लूप लाइन और पार्श्व-केबिन सहित-मध्य रेलवे**—वर्धा-बल्हारशाह खण्ड पर स्थित तडाली जंक्शन से 14.11 किलोमीटर लम्बी एक शाखा लाइन घुगुस तक जाती है। कोयले के वर्तमान और प्रत्याशित लदान भार की कर्षण सहित सभी प्रकार के चल स्टाक की भारी रुकौनी से बचने के लिए, एक कार्ड लाइन बिछाने का प्रस्ताव है जिससे कि गाड़ियां सीधे और तेजी से जा सकें। इस काम की प्रत्याशित लागत 2.10 करोड़ रुपये है जिसके लिए 10.60 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

2. **(क) करारी-दतिया (13.30 किलोमीटर), (ख) मनिया-जजाऊ (14.39 किलोमीटर), (ग) जाजौ-भांडई (15.34 किलोमीटर) के बीच दोनों दिशाओं में मध्यवर्ती ब्लाक खंड प्रणाली-मध्य रेलवे**—झाँसी-आगरा खंड महत्वपूर्ण उत्तर-दक्षिण ग्रांड ट्रंक मार्ग का भाग है जहां निरन्तर बढ़ रहे यात्री यातायात के अतिरिक्त खाद्यान्न, उर्वरक, सीमेंट तथा पेट्रोल,

section and of cement from factories located on Vikarabad--Wadi--Shahabad section, the above is proposed at an anticipated cost of Rs. 22.46 crores with an outlay of Rs. 50 lakhs.

5. *3rd line between Bilaspur and Akaltara (27 Kms.)—South Eastern Railway.*—Bilaspur—Akaltara is a very high density section on the Howrah—Bombay trunk route. The stream of traffic on this section includes traffic for Bhilai Steel Plant, Rourkela Steel Plant, Cement Plant etc. Consequent to the expansion of HECL Colliaries in Korba and in Ib valley cement capacity. There is immediate need for augmentation of this section by construction of a 3rd line between Bilaspur and Akaltara. The estimated cost of the work is Rs. 35.91 crores with an outlay of Rs. 1.00 crore.

6. *Doubling between Talcher—Hindol Road—(32.1 Kms) — South Eastern Railway.* — The pressure of coal transportation to various Coastal Super Thermal Power Plants in the South will be the heaviest on the Talcher—Rajatgarh section. The doubling from Rajatgarh to Hindol Road (40.7 Kms) is already sanctioned. To complete this section, doubling of the balance 32 Kms. from Talcher to Hindol Road is proposed at a cost of Rs. 29.25 crores with an outlay of Rs. 2.00 crores.

TRAFFIC FACILITIES —YARD REMODELLING AND OTHERS

1. *Tadali-Chord line with a loop line and end cabins.—Central Railway.*—A branch line of 14.11 kms. to Ghugus takes off from Tadali junction located on Wardha—Balharshah section. In order to eliminate heavy detention to rolling stock including motive power of existing and anticipated coal loads, a chord line has been proposed to facilitate direct and speedy movement of trains. The anticipated cost of the work is Rs. 2.10 crores with an outlay of Rs. 10.60 lakhs.

2. *IBSS in both directions between (a) Karari—Datia* (13.30 *Kms*) *(b) Mania—Jajau* (14.39 kms) *(c) Jajau—Bhandai* (15.34 *Kms*)—*Central Railway.*—Jhansi-Agra section constitutes a part of vital North-South Grand Trunk route through which important commodities like food grains, fertilizers,

तेल, स्नेहक जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं की ढुलाई की जाती है। खंड संतृप्त स्तर तक पहुंच गया है। प्रत्याशित यातायात को सम्हालने के लिए 1.74 करोड़ रुपये की प्रत्याशित लागत से (क) करारी-दतिया, (ख) मनिया-जाजौ तथा (ग) जाजौ-भांडई के बीच दोनों दिशाओं में मध्यवर्ती ब्लाक खंड प्रणाली की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस कार्य के लिए 10.60 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

3. **दीवा और तलोजा–पंचांद के बीच अतिरिक्त 3 लाइन वाला क्रासिंग स्टेशन––मध्य रेलवे**––बम्बई-कल्याण नई लाइन से निकलने वाले दीवा-पनवेल खण्ड को रोहा तक बढ़ाया गया है जो कोंकण रेलवे का हिस्सा बनेगा। न्यू बम्बई में नया जवाहर लाल नेहरु बंदरगाह (नावा शेवा) तक रेल द्वारा इस लाइन के माध्यम से पहुंचा जाता है। इस खंड पर प्रत्याशित यातायात को सम्हालने के लिए दीवा जंक्शन और तलोजा-पंचांद स्टेशनों के बीच एक अतिरिक्त 3 लाइन वाले क्रासिंग स्टेशन की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 2.53 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 10.60 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

4. **(क) वर्धा––बड़नेरा 4 लाइनों की वरीयता में कौठा स्टेशन का परिवर्तन, (ख) बडनेरा––भुसावल––(i) कुरम–माना 13.19 कि.मी.) (ii) खामखेद––बोडवाद (10.82 कि.मी.) क बीच दोनों दिशाओं में मध्य वर्ती ब्लाक खंड––मध्य रेलवे**––वर्धा-भुसावल खंड महत्वपूर्ण बम्बई-हवड़ा ट्रंक मार्ग का एक भाग है। कौठा "सी" श्रेणी स्टेशन को कुरम-माना और खामखेद-बोडवाद खंडों पर दोनों दिशाओं में मध्यवर्ती ब्लाक खंड और अन्तर्पाशन सहित 4 लाइन की वरीयता स्टेशन में बदलने का प्रस्ताव है ताकि चल स्टाक की भारी रुकौनी से बचा जा सके। इस पर 4.19 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 10.60 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

5. **बम्बई––कल्याण धीमे गलियारे में सिगनलों का पुनः अंतरण करना––मध्य रेलवे**:––वी.टी. और कल्याण (54 कि.मी.) के बीच धीमे गलियारे पर उपनगरीय रेलगाड़ी सेवाओं की आवृत्ति में सुधार लाने के लिए सिगनलों का पुन: अन्तरण करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 9.21 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए वर्ष 15 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

6. **फतुहा––माल डिब्बों के लिए टर्मिनल सुविधाएं पूर्व रेलवे**––पटना शहर के लिए राजेन्द्र नगर का माल गोदाम प्रमुख माल डिब्बा टर्मिनल के रुप में कार्य करता है। वर्तमान यातायात के लिए यह टर्मिनल अब पर्याप्त नहीं रह गया है। राजेन्द्र नगर में कार्य-व्यापार की वृद्धि के लिए अब कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए पटना शहर के विकास के अनुरुप माल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए फतुहा में माल डिब्बों के लिए टर्मिनल सुविधाओं

cement and POL flow in addition to the ever growing passenger traffic. The section has reached the saturation level. To cater to the anticipated traffic, it is proposed to provide IBSS in both directions between (a) Karari-Datia (b) Mania-Jajau and (c) Jajua-Bhandai at an anticipated cost of Rs. 1.74 crores with an outlay of Rs. 10,60 lakhs.

3. *Additional* 3 *line crossing station between Diva—Taloja and Panchand—Central Railway.*—Diva—Panvel section taking off from Bombay—Kalyan new line is extended upto Roha and would form part of the Konkan Railway. The new Jawaharlal Nehru Port (Nhava Sheva) in New Bombay is approached by rail through this line. To cater to the anticipated traffic on the section, it is proposed to provide an additional 3 line crossing station between Diva Junction and Taloja—Panchand stations at an anticipated cost of Rs. 2.53 crores with an outlay of Rs. 10.60 lakhs

4. *(a) Wardha—Badnera—Conversion of Kaotha station into 4 lines precedence station*—(b) *Bandnera—Bhusawal—IBS in both directions between (i) Kuram—Mana* (13.19 *Kms*) *(ii) Khamkhed—Bodwad* (10.82 *Kms*) *Central Railway.*—Wardha—Bhusawal section is a part of important Bombay—Howrah trunk route. To avoid heavy detention to rolling stock, it is proposed to convert Kaotha 'C' class station into 4 lines precedence station with panel interlocking and IBS in both directions on Kuram—Mana and Khamkhed—Bodwad sections at an anticipated cost of Rs. 4.19 crores with an outlay of Rs. 10.60 lakhs

5. *Respacing of Signals on Bombay—Kalyan slow corridor—Central Railway.*—In order to improve the frequency of services of suburban trains on the slow corridor between V.T. and Kalyan (54 Kms), it is proposed to respace signals. The work is anticipated to cost Rs. 9.21 crores with an outlay of Rs. 15 lakhs

6. *Fatuha—Freight terminal facilities—Eastern Railway.*—Rajendranagar goods shed which is the principal freight terminal for Patna city is now inadequate for the traffic offering. There is hardly any scope to increase the dealing at Rajendranagar. It has become imperative to develop freight terminal facilities at Fatuha to meet the freight

का विकास करना अपरिहार्य हो गया है। इस काम पर 10.44 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है जिसके लिए 6.02 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

7. **धात्रीग्राम, पाटुली—दसीहाट में एकसाथ आदान सुविधाएं, बागना पाड़ा, भण्डारटीकुरी फ्लेग स्टेशनों को क्रासिंग स्टेशनों में बदलना तथा अतिरिक्त क्रासिंग स्टेशन पूर्व रेलवे—बंडेल-**कटवा खंड पर अवसंरचनात्मक समस्याओं के कारण, उपनगरीय क्षेत्र में गैर-बिजलीकृत खंड में विपरीत दिशा से आने वाली दो गाड़ियों में से एक गाड़ी को क्रासिंग के दौरान रोकना पड़ता है जिसके कारण गाड़ियां विलम्ब से चलती हैं। हावड़ा मंडल में उपनगरीय नेटवर्क में समग्र रूप से सुधार लाने के लिए, कटवा खंड की क्षमता बढ़ाना आवश्यक है। इस कार्य की अनुमानित लागत 6.62 करोड़ रुपये है जिसके लिए 10 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

8. **बंगलादेश को पत्थर के यातायात की ढुलाई के लिए अतिरिक्त सुविधाएं—पूर्व रेलवे**—भारत में सिंहबाद और बंगलादेश में रोहनपुर के रास्ते बंगलादेश को सामान की ढुलाई के लिए एक नया मार्ग 1-10-90 से खोला गया है। बंगलादेश में सड़क और अन्य परियोजनाओं के लिए पूर्व रेलवे के पाकुर-बड़हरवा क्षेत्र से पत्थर/पत्थर के टुकड़ों की ढुलाई जल्दी ही शुरू हो जाने की सम्भावना है। अतः यह विनिश्चय किया गया है कि एक अतिरिक्त लूप की व्यवस्था की जाए और बाकुडी में खदान साइडिंग के भीतर यार्ड में एक लूप की लम्बाई बढ़ाई जाए तथा बड़हरवा में एक अतिरिक्त लूप और डैमेज कलेक्शन स्पर की व्यवस्था की जाए। इस काम पर 1.20 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है और वर्ष इसके लिए 3.01 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

9. **पटना—गया खण्ड—नादील और चाकंद में एक-साथ आदान की सुविधाएं—पूर्व रेलवे** —पटना-गया खण्ड मुख्य लाइन को ग्रांड कार्ड के साथ मिलाता है और उत्तर तथा दक्षिण बिहार के बीच यह एक बहुत उपयोगी सम्पर्क के रूप में कार्य करता है। इस खण्ड पर क्षमता की काफी कमी है और इसकी क्षमता बढ़ाना जरूरी है। इसलिए नादील और चाकंद में एक-साथ आदान की सुविधाओं की व्यवस्था करना अनिवार्य हो गया है। इस काम पर 1.77 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है और इसके लिए 6.02 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

10. **सैंथिया और पांडवेश्वर के बीच टोकन रहित ब्लाक प्रणाली की व्यवस्था—पूर्व रेलवे**—अंडाल—सैंथिया शाखा लाइन पर पांडवेश्वर-सैंथिया एक 53 किलोमीटर लम्बा इकहरी लाइन का टुकड़ा है। तीन लम्बी ब्लाक खंडों वाला यह खंड टोकन उपकरणों द्वारा संचालित है। इस खंड पर माल यातायात होता है उसमें कोयला, डोलोमाइट और पेट्रोल तेल व स्नेहक शामिल हैं, इस समय इस खंड का लगभग 90

requirements of the growing city of Patna. The work is estimated to cost Rs. 10.44 crores and an outlay of Rs. 6.02 lakhs.

7. *Simultaneous reception facilities at Dhatrigram, Patulis—Dasihat, conversion of flag stations into crossing at Baghnapara-Bhandatikuri and additional crossing stations—Eastern Railway.*—Due to infrastructural problems on Bandel-Katwa section, the non-electrified section in the suburban territory, one of the two opposing trains has to be detained during crossing resulting in late running of trains. For overall improvement of suburban network in Howrah Division, it is necessary to augment capacity on Bandel-Katwa section. The work is estimated to cost Rs. 6.62 crores with an outlay of Rs. 10 lakhs.

8. *Additional facilities for movement of stone traffic to Bangladesh—Eastern Railway.*—A new route to Bangladesh has been opened via Singhabad in India and Rohanpur in Bangladesh from 1-10-90 for movement of cargos. Movement of stones/aggregates from Pakur—Barharwa area of Eastern Railway for road and other projects in Bangladesh is expected to start very soon. It has, therefore, been decided to provide an additional loop and lengthening of one loop in the yard inside quarry siding at Bakudi, an additional loop and a damage collection spur at Barharwa. The work is estimated to cost Rs. 1.20 crores and an outlay of Rs. 3.01 lakhs.

9. *Simultaneous reception facilities at Nadual and Chakand—Eastern Railway.*—Patna—Gaya section connects the main line with the Grand Chord and serves as a very useful link between North and South Bihar. The section is faced with capacity constraints and it is necessary to augment its capacity. It has, therefore, become imperative to provide simultaneous reception facilities at Nadual and Chakand. The work is estimated to cost Rs. 1.77 crores and an outlay of Rs. 6.02 lakhs.

10. *Tokenless Block Working between Sainthia and Pandaveswar—Eastern Railway*—Pandaveswar—Sainthia is a 53 Km. long singleline stretch on Andal—Sainthia branch line. The section having three long block sections is worked on token instruments. Freight movement over the section consists of coal dolomite and POL. The present utilisation of the

प्रतिशत उपयोग हो रहा है। प्रस्तावित बाकेश्वर बिजलीघर के लिए निर्माण सामग्री, कोयला और पेट्रोल तेल व स्नेहक के अतिरिक्त यातायात और दुर्गापुर तथा बोकारो इस्पात कारखानों के आधुनिकीकरण/विस्तार के परिणामस्वरूप डोलोमाइट के बढ़ते यातायात को देखते हुए इस खंड की क्षमता बढ़ाना अपेक्षित है। इस काम पर 1.82 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है, जिसके लिए 6.02 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

11. **राजेन्द्र नगर में कोचिंग टर्मिनल सुविधाएं—पूर्व रेलवे**—पटना जंक्शन पर यात्री यातायात में वृद्धि को देखते हुए 1974-75 में इस स्टेशन के ढांचे में परिवर्तन की स्वीकृति दी गई थी। इस के परिणामस्वरूप अब इस स्टेशन की टर्मिनल क्षमता पर्याप्त नहीं रह गई है। अतः पटना जंक्शन में टर्मिनल की अतिरिक्त सुविधाओं के विकास के लिए राजेन्द्र नगर में जो कि पटना जंकशन से पूर्व की ओर 2.38 किलोमीटर दूर एक हाल्ट स्टेशन है, सवारी पार्सल आदि डिब्बों के लिए टर्मिनल सुविधाओं का विकास करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 5.00 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 6.02 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

12. **पाथरडीह के रास्ते धनबाद और टाटानगर में सवारी गाड़ियों के लिए अतिरिक्त सुविधाएं—पूर्व रेलवे**—धनबाद-पाथरडीह-टाटानगर मार्ग को सवारी गाड़ी संचलन के उपयुक्त बनाने के लिए अतिरिक्त निर्माण कार्यों का प्रस्ताव है क्योंकि पाथरडीह के रास्ते धनबाद से टाटानगर तक एक सीधी गाड़ी की मांग है। इस काम पर 64 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 64 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

13. **मुगलसराय — इलाहाबाद — गाजियाबाद — अतिरिक्त सुविधाएं (चरण-IV) — उत्तर रेलवे** — मुगलसराय-इलाहाबाद-गाजियाबाद विद्युतीकृत खंड पर यातायात में भारी वृद्धि हो गयी है। इस खंड पर ढोये जाने वाले भारी यातायात की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रेलपथ के नवीकरण का काम बड़े पैमाने पर शुरू किया जा रहा है। मुगलसराय में 40 थ्रू माल गाड़ियां लेने के लिए एकीकृत ब्लाक योजना के भाग के रूप में, योजना के चरण-IV, जिसमें गाजियाबाद-टूंडला-कानपुर-इलाहाबाद खंड पर छः अतिरिक्त लूप लाइनों की व्यवस्था शामिल है, पर काम शुरू करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 5 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है और इसके लिए 21.49 लाख रुपये परिव्यय का प्रस्ताव है।

14. **मुरादाबाद—गाजियाबाद—15 स्टेशनों पर टोकन रहित ब्लाक उपकरणों की व्यवस्था—उत्तर रेलवे**—मुरादाबाद-गाजियाबाद खंड 141 कि०मी० लंबा है, जो दिल्ली को मुरादाबाद से जोड़ता है। इस खंड पर गाड़ियों के चालन-समय में कमी लाने और समय-पाबंदी सुधारने के उद्देश्य से, इस खंड के

section is about 90 per cent. Capacity of this section is required to be augmented to allow movement of additional traffic of construction materials, coal and POL to the proposed Bakreswar Power Station and incremental flow of dolomite consequent upon modernisation/expansion of Durgapur and Bokaro Steel Plants. The work is estimated to cost Rs. 1.82 crores and an outlay of Rs. 6.02 lakhs.

11. *Rajendranagar—Coaching terminal facilities—Eastern Railway.*—Keeping in view the growing passenger traffic at Patna Jn., remodelling of the station was sanctioned in 1974-75. The terminal capacity generated through remodelling has, by now, become inadequate. To develop additional terminal facilities at Patna Jn., it is proposed to develop coaching terminal facilities at Rajendranagar, a halt station, 2.38 Km. east of Patna Jn. The work is estimated to cost Rs. 5.00 crores and an outlay of Rs. 6.02 lakhs.

12. *Dhanbad—Tatanagar—Additional facilities for movement of passenger trains via Patherdih—Eastern Railway.*—Additional works to make the Dhanbad-Patherdih-Tatanagar route fit for passenger movement are proposed as there is a demand for a direct train from Dhanbad to Tatanagar via Patherdih. The work is estimated to cost Rs. 64 lakhs, with an outlay of Rs. 64 lakhs.

13. *Mughalsarai — Allahabad — Ghaziabad — Additional facilities (Phase IV)—Northern Railway.*—There has been a phenomenal increase in traffic on Mughalsarai—Allahabad—Ghaziabad electrified section. Massive track renewal programme is being undertaken on this route to meet the needs of heavy traffic moving on this section. As part of an integrated block scheme for accepting 40 through goods trains at Mughalsarai, it is proposed to take up Phase-IV of the scheme, comprising provision of six additional loops on Ghaziabad—Tundla—Kanpur—Allahabad section. This work is estimated to cost Rs. 5 crores with an outlay of Rs. 21.49 lakhs.

14. *Moradabad—Ghaziabad section—Tokenless Block Instruments at 15 stations.—Northern Railway.*—Moradabad—Ghaziabad is a 141 Km. long section connecting Delhi with Moradabad. To reduce the running time and improve punctuality, it is

15 स्टेशनों पर टोकन रहित ब्लाक उपकरणों की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 1.61 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है और इसके लिए 5.06 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

15. **टूंडला—स्वतन्त्र निकास के लिए सुविधाओं सहित —दो अधिक लंबी स्वतन्त्र लूप लाइनें—उत्तर रेलवे**—टूंडला यार्ड का वर्तमान ढांचा और वहां उपलब्ध सुविधाएं तेजी से बढ़ रहे यातायात के लिए पर्याप्त नहीं हैं। अधिक भार वाली गाड़ियों के लिए दो अपेक्षाकृत अधिक लंबी स्वतंत्र लूप लाइनों की व्यवस्था करने एवं कम भार वाली गाड़ियों के लिए स्वतंत्र रूप से प्रवेश/निकास की सुविधाओं की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 1.36 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है और इसके लिए 4.42 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

16. **शकूरबस्ती—सीमेंट यातायात की सम्हलाई के लिए अतिरिक्त सुविधाएं—उत्तर रेलवे**—दिल्ली क्षेत्र में समूचा सीमेंट यातायात शकूरबस्ती में सम्हाला जाता है। इसलिए (i) पूरे ब्लाक रेकों को सम्हालने के लिए सीमेंट प्लेटफार्म का विस्तार और (ii) सड़क, उतराई स्थल तथा परिचलन क्षेत्र का विस्तार करके शकूरबस्ती में सीमेंट सम्हलाई साइडिंग के संवर्धन का प्रस्ताव है। इस काम पर 1.09 करोड़ रुपये की लागत आने का प्रस्ताव है और इसके लिए 4.42 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गयी है।

17. **थामसनगंज—लाइन नं० 1 और 3 का पूरा रेक साइडिंग के रूप में विस्तार—उत्तर रेलवे**—थामसनगंज, जो बालामऊ-सीतापुर खंड पर एक महत्वपूर्ण रेक सम्हलाई स्थल है, में बहुत-सा फुटकर यातायात होता है तथा वहां खाद्यान्न, उर्वरक, कोयला और सीमेंट के ब्लाक रेक सम्हाले जाते हैं। वहां कोई पूरा रेक साइडिंग उपलब्ध नहीं है जिसके कारण थामसनगंज में काफी शंटिंग करनी पड़ती है जिससे डीजल रेल इंजनों तथा माल डिब्बों की भारी रुकौनी होती है। अतः बड़े आमान की लाइन नं० 1 और 3 की पूरी रेक साइडिंग के रूप में विस्तार करने और लाइन नं० 2 को उखाड़ देने का प्रस्ताव है। इस काम पर 94 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है और इसके लिए 4.42 लाख रुपये के परिव्यय को व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

18. **हरदोई—पूरी रेक साइडिंग—उत्तर रेलवे**—लखनऊ-मुरादाबाद खंड पर स्थित हरदोई में रेक लोड सुविधाएं न होने के कारण, रैकों को अलग-अलग किया जाता है, जिसके फलस्वरूप उन्हें भारी रुकौनी होती है और शंटिंग भी अत्यधिक करनी पड़ती है। अतः इस स्टेशन पर ब्लाक रैक लदान सुविधाओं की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 60 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है और इसके लिए 3.79 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

proposed to provide tokenless block instruments on 15 stations of this section at an estimated cost of Rs. 1.61 crores with an outlay of Rs. 5.06 lakhs.

15. *Tundla—Two independent longer loops alongwith facilities for independent exit.—Northern Railway.*—The present lay-out and facilities available in Tundla Yard are inadequate for the rapid growth of traffic. It is proposed to provide two independent longer loops for heavy haul trains as well as facilities for independent entry/exit for non-heavy trains. The work is estimated to cost Rs. 1.36 crores with an outlay of Rs. 4.42 lakhs.

16. *Shakurbasti—Additional facilities for handling cement traffic—Northern Railway.*—The entire cement traffic in Delhi area is handled at Shakurbasti. It is therefore proposed to augment cement handling siding at Shakurbasti by (i) extension of cement platform to handle full block rakes and (ii) extension of road, unloading space and circulating areas. This work has been proposed at a cost of Rs. 1.09 crores with an outlay of Rs. 4.42 lakhs.

17. *Thomsonganj—Extension of line No. 1 & 3 into full rake siding—Northern Railway.*—Thomsonganj, an important rake handling point on Balamau—Sitapur section, deals with sizeable piecemeal traffic and block rakes of foodgrains, fertilizers, coal and cement. Full rake siding is not available at Thomsonganj necessitating a lot of shunting movements and causing abnormal detention of diesel engines and wagons. It is therefore proposed to extend BG line No. 1 & 3 to full rake length and to dismantle line No. 2. The work is estimated to cost Rs. 94 lakhs with an outlay of Rs. 4.42 lakhs.

18. *Hardoi—Full rake siding—Northern Railway.*—In the absence of rake load facilities at Hardoi, located on Lucknow—Moradabad section, the rakes are split resulting in heavy detention and extensive shunting operations. It is therefore, proposed to provide block rake loading facilities at this station at an estimated cost of Rs. 60 lakhs with an outlay of Rs. 3.79 lakhs.

19. दिल्ली क्षेत्र (नई दिल्ली)--अतिरिक्त अनुरक्षण सुविधाएं जिनमें यात्री प्लेटफार्म आदि शामिल हैं (चरण-1)-उत्तर रेलवे--यात्री यातायात की बढ़ती हुई मांगों को पूरा करने और जापान इन्टरनेशनल कार्पोरेशन एजेंसी की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए नयी दिल्ली स्टेशन पर अतिरिक्त टर्मिनल सुविधाओं की चरणों में व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस कार्य के चरण-I में अतिरिक्त प्लेटफार्म, स्वचालित धुलाई संयंत्र सहित धुलाई लाइनों, मरम्मत लाइनों और ऊपरी पैदल पुलों की व्यवस्था करना शामिल है। इस काम पर 24.22 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है और इसके लिए 15.80 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

20. स्वामी नारायण छपिया और ओरवारा फ्लैग हाल्ट स्टेशनों का तीन लाइन वाले "बी" श्रेणी के पार-स्टेशनों में बदलाव--पूर्वोत्तर रेलवे:--पूर्वोत्तर रेलवे का बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर खंड परिवहन अवसंरचना में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इस खंड की खंडीय क्षमता 105 प्रतिशत तक सन्तृप्त हो चुकी है, जिसके फलस्वरूप माल गाड़ियों की भारी रुकौनी होती है। इस पर काबू पाने के लिए, स्वामी नारायण छपिया और ओरवारा फ्लैग/हाल्ट स्टेशनों को पार स्टेशनों में बदलने का प्रस्ताव है। इस काम पर 2.41 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है और इसके लिए 10 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

21. तिरुप्पुर--रेक से माल उतारने की सुविधाएं--दक्षिण रेलवे--इस स्टेशन पर जो माल यातायात आता है वह रेक भार में होता है और वर्तमान सुविधाओं द्वारा आसानी से उसे संभाला नहीं जा सकता। माल डिब्बों की रुकौनी कम करने और माल डिब्बों के लदान फेरे में सुधार के उद्देश्य से, रैक से माल उतारने की सुविधाओं और शंटिंग ग्रीवा की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है जिस पर लगभग 52 लाख रुपये की लागत का अनुमान है जिसके 4.42 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

22. मणप्पारै--दिण्डीगुल--टोकन रहित ब्लाक प्रणाली की व्यवस्था--दक्षिण रेलवे--तिरुच्चिरापल्ली-मणप्पारै और दिण्डीगुल-मदुरै खंडों पर टोकन रहित ब्लाक प्रणाली की व्यवस्था की जा रही है। खंड की क्षमता बढ़ाने और गाड़ियों की रुकौनी से बचने के लिए मणप्पारै-दिण्डीगुल खंड पर भी टोकन रहित ब्लाक प्रणाली की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 1.41 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है जिसमें से 6 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

23. व्हाइट फील्ड--अनुषंगी माल टर्मिनल पर अतिरिक्त यातायात के लिए सुविधाएं--दक्षिण रेलवे--व्हाइट फील्ड में अनुषंगी माल टर्मिनल जनवरी, 1989 में यातायात के लिए खोला गया था। इस टर्मिनल पर और अधिक यातामात संभालने के उद्देश्य से अनाज और अन्य सामान व्यापारिक

19. *Delhi Area (New Delhi)—Additional maintenance facilities including passenger platforms etc. (Phase-I)—Northern Railway*—To meet the increasing demands for passenger traffic and keeping in view the recommendations of the Japan International Corporation Agency, additional terminal facilities are proposed to be provided at New Delhi station in phases. Phase-I of the work includes provision of additional platform, washing lines with automatic washing plant, sick lines and foot over bridges. This is estimated to cost Rs. 24.22 crores with an outlay of Rs. 15.80 lakhs

20. *Conversion of Swami Narain Chhapia and Orwara Flag/Halt stations into 3 line 'B' class crossing stations—North Eastern Railway*—Barabanki-Gonda-Gorakhpur section of North Eastern Railway plays a vital role in the transport infrastructure. To overcome the over saturation of the sectional capacity to the extent of 105%, causing heavy detention to goods trains, it is proposed to convert Swami Narain Chhapia and Orwara flag/halt stations into crossing stations. The work is estimated to cost Rs. 2.41 crores with an outlay of Rs. 10 lakhs.

21. *Tiruppur.—Rake unloading facilities—Southern Railway.*—The goods traffic received on this station is in rake loads, which cannot be dealt with conveniently with the existing facilities. To minimise detention to wagons and to improve wagon turnround, rake unloading facilities and shunting neck have been proposed at an estimated cost of Rs. 52 lakhs with an outlay of Rs. 4.42 lakhs.

22. *Manapparai—Dindigul.—Tokenless block working—Southern Railway*—Tokenless block working is being provided on Tiruchchirappali—Manapparai and Dindigul—Madurai sections. To improve capacity of the section and to avoid detention to trains, it is proposed to provide tokenless block working in Manapparai—Dindigul section also. This work has been proposed at an estimated cost of Rs. 1.41 crores with an outlay of Rs. 6 lakhs.

23. *White Field.—Additional traffic facilities at satellite goods terminal—Southern Railway.*—The satellite goods terminal at White Field was opened for traffic in January, 1989. To handle more traffic at this terminal, separate covered goods shed for

यातायात के लिए एक अलग छतदार माल गोदाम बनाने का प्रस्ताव है। इससे माल डिब्बे कम से कम समय के लिए रुकेंगे और परिचालन कुशलता बढ़ेगी। इस काम पर 1.54 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है, जिसके लिए 28.27 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

24. **अरकोणम — वालाजाह रोड — स्वचल ब्लॉक सिगनल की व्यवस्था (चरण-I)—दक्षिण रेलवे**:—अरकोणम-जोलारपेट्टै खंड दक्षिण पश्चिमी लाइन का एक ऐसा महत्वपूर्ण भाग है जहां बेंगलूर, मैसूर और तिरुच्चिरापल्ली से देश के उत्तरी क्षेत्रों की ओर से यातायात होता है। इस खंड की निर्धारित क्षमता पहले ही अधिकतम पर पहुंच चुकी है और लाइन क्षमता की भावी आवश्यकताओं को देखते हुए अरकोणम और वालाजाह रोड के बीच परियोजना के पहले चरण के रूप में स्वचल सिगनल की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 12.97 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है जिसके लिए 2.11 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

25. **विल्लिवाकम—अन्नानगर—दूसरे कोचिंग टर्मिनल के लिए भूमि का अधिग्रहण—दक्षिण रेलवे**:—मद्रास सेन्ट्रल स्टेशन पर भारी संख्या में गाड़ियों का आना जाना होता है। चूंकि मद्रास सेंट्रल पर गाड़ियों की बढ़ती हुई संख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपलब्ध स्थान पर्याप्त नहीं है इसलिये इस क्षेत्र के निकट ही एक दूसरा कोचिंग टर्मिनल बनाना आवश्यक है। इस प्रयोजन के लिए 9 करोड़ रुपये की प्रत्याशित लागत पर भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव है जिसके लिये 50 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

26. **चागल्लू, द्वारपूडी और मेडपाडू में विशिक लूप लाइन—दक्षिण मध्य रेलवे**:—विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र, काकीनाडा के निकट गोदावरी उर्वरक संयंत्र से अतिरिक्त माल यातायात, कृष्णा देवी पेटा से बाक्साइट अयस्क यातायात, तालचेर से कोयले के संचलन आदि की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विजयवाड़ा-विशाखापत्तनम दोहरी लाइन खंड पर चागल्लू, द्वारपूडी और मेडपाडु में विशिक लूप लाइनों की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस कार्य पर 1.75 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 6.98 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

27. **वेमलुरीपाडु, गंगायपल्ली, हस्तावरम और अनन्तराजूपेट में दूसरी सिगनल लूप—दक्षिण मध्य रेलवे**:—अतिरिक्त माल और यात्री यातायात के लिए गूटी-रेणिगुंटा खंड की लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए वेमुलुरीपाडु, गंगायपल्ली, हस्तावरम और अनंतराजिपेटा में एक साथ आदान सुविधाओं सहित दूसरी सिगनल लूप की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 3.71 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 21.50 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

food-grain and general merchandise traffic are proposed. This would reduce detention to wagons and improve operational efficiency. This work is estimated to cost Rs. 1.54 crores with an outlay of Rs. 28.27 lakhs.

24. *Automatic Block signalling between Arakkonam & Walajah Road (Phase-I)—Southern Railway*—Arakkonam—Jolarpettai section is an important stretch of South-West line carrying traffic to and from Bangalore, Mysore and Tiruchchirappalli to up country and vice-versa. The chartered capacity of the section is already saturated and keeping in view the future requirement of line capacity, automatic block signalling has been proposed between Arakkonam—Wallajah Road as phase-I of the project at an estimated cost of Rs. 12.87 crores with an outlay of Rs. 2.11 crores.

25. *Villivakam—Annagar—Acquisition of land for second coaching terminal—Southern Railway*—A large number of trains are being handled at Madras Central. As the space available at Madras Central is not adequate to meet the needs of the increasing number of trains, a second coaching terminal in the vicinity is essential. For this purpose, acquisition of land has been proposed as an anticipated cost of Rs. 9 crores with an outlay of Rs. 50 lakhs.

26. *Directional loop lines at Chagallu, Dwarapudi and Medapadu—South Central Railway.*—To cater to the additional freight traffic from Visakhapatnam Steel Plant, Godavari Fertilizer Plant near Kakinada Bauxite ore traffic from Krishna Devi Peta, coal movement from Talcher etc. it is proposed to provide directional loop lines at Chagallu, Dwarapudi and Medapadu, on Vijayawada-Visakhapatnam double line section. The work is estimated to cost Rs. 1.75 crores with an outlay of Rs. 6.98 lakhs.

27. *Second singalled loop at Vemulapadu, Gangayepalle, Hastavaram and Anantarajupeta—South Central Railway.*—To increase the line capacity on the Gooty—Renigunta section for additional goods and passenger traffic, it is proposed to provide 2nd signalled loop with simultaneous reception facilities at Vemulapadu, Gangayepalle, Hastavaram and Anantarajupeta. The work is estimated to cost Rs. 3.71 crores with an outlay of Rs. 21.50 lakhs.

28. **वेनडोडु, यल्लाकारु और रचगुन्नेरी स्टेशनों पर दूसरी सिगनल लूप—दक्षिण मध्य रेलवे** :—अतिरिक्त प्रत्याशित माल यातायात के लिए गुडूर-रेणिगुंटा इकहरी बड़ी लाइन विद्युतीकृत खंड पर लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए वेनडोडु, येल्लाकारु और रचगुन्नेरी स्टेशनों पर दूसरी सिगनल लूप की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 2.83 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 13.44 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

29. **येरागुंटला—दो माल आदान और प्रस्थान लाइनें—दक्षिण मध्य रेलवे** :—येरागुंटला दो बड़ी सीमेंट साइडिंगों अर्थात् सीमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया तथा टेक्समको और रायलसीमा क्षेत्र के एक व्यस्त व्यापारिक नगर पैडडोटूर को सेवित करता है। डीजल रेल इंजनों की रुकौनी को कम करने तथा साइडिंगों को कारगर ढंग से सेवित करने के लिए येरागुंटला स्टेशन पर दो अतिरिक्त माल लाइनों का प्रस्ताव है। इन पर 1.75 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 9.67 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

30. **मानिकगढ़ बाई-पास लाइन—दक्षिण मध्य रेलवे**:—मुख्य लाइन (बल्लारशाह-काजी पेट ट्रंक मार्ग) पर खाली/लदे रेकों तथा गाड़ियों की रुकौनी से बचने के लिए, मानिकगढ़-विहिरगांव के बीच युगल चालू इकहरी लाइनों सहित मानिकगढ़ में मुख्य लाइन से मानिकगढ़-गढ़चंडूर शाखा लाइन को जोड़ने वाली बाई-पास लाइन बनाने का प्रस्ताव है। इस काम पर 3.15 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 63.44 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

31. **मानिकगढ़ में दो अतिरिक्त माल लूप लाइनें—दक्षिण मध्य रेलवे** :—गढ़चंडूर को नयी शाखा लाइन इस स्टेशन से शुरू होती है। गढ़चंडूर में सीमेंट साइडिंगों की यातायात की प्रत्याशित मांग को पूरा करने के लिए तथा गाड़ियों की रुकौनी से बचने के लिए, बल्लारशाह-काजीपेट खंड पर मानिकगढ़ जंकशन पर दो अतिरिक्त माल लूप बनाने का प्रस्ताव है। इस काम पर 1.65 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 15.96 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

32. **शालीमार—कोचिंग टर्मिनल—(चरण I)—दक्षिण पूर्व रेलवे** :—हावड़ा स्टेशन के प्लेटफार्मों पर भीड़-भाड़ को कम करने तथा गाड़ी सेवाओं में वृद्धि करने के लिए, दक्षिण पूर्व रेलवे की गाड़ियों की सम्हलाई करने के वास्ते कलकत्ता के लिए शालीमार में एक दूसरा टर्मिनल बनाना बहुत आवश्यक हो गया है। इस कार्य के चरण I पर 15.85 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 16.25 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

28. *Second signalled loops at Vendodu, Yellakaru and Rachgunneri—South Central Railway.*—To increase the line capacity on the Gudur—Renigunta BG single line electrified section for additional anticipated freight traffic, it is proposed to provide 2nd signalled loop at Vendodu, Yellakaru and Rachgunneri stations. The work is estimated to cost Rs. 2.83 crores with an outlay of Rs. 13.44 lakhs.

29. *Yerraguntala — Two R & D lines — South Central Railway.*— Yerraguntala serves two major cement sidings viz., CCI & Texmaco and Peoddotur, a busy commercial town of Rayalaseema area. To minimise detention to diesel locos and to effectively serve the siding, two additional goods lines are proposed at Yerraguntala station at an estimated cost of Rs. 1.75 crores with an outlay of Rs. 9.67 lakhs.

30. *Manikgarh Bye-pass line—South Central Railway.*—To avoid detention to empty/loaded rakes and hold up of trains on main line (Balharshah—Kazipet trunk route) it is proposed to have a bye-pass line connecting Manikgarh-Gadchandur branch line to main line at Manikgarh alongwith twin single line working between Manikgarh—Wihirgaon. The work is estimated to cost Rs. 3.15 crores with an outlay of Rs. 63·44 lakhs.

31. *Manikgarh—Two additional goods loops—South Central Railway.*—The new branch line to Gadchandur takes off from this station. To meet the anticipated traffic demands of cement sidings at Gadchandur and avoid detention to trains two additional goods loops at Manikgarh Junction on Balharshah—Kazipet section have been proposed at an anticipated cost of Rs. 1.65 crores with an outlay of Rs. 15.96 lakhs.

32. *Shalimar—Coaching Terminal (Phase-I)—South Eastern Railway.*—To reduce over crowding on station platforms of Howrah and increase train services as second terminal for Calcutta to deal with the South Eastern Railway trains at Shalimar has become an absolute necessity. Phase-I of this work is estimated to cost Rs. 15.85 crores with an outlay of Rs. 16.25 lakhs.

33. **सोनुआ--तुनिया--गोइलकेरा--युगल इकहरी लाइन संचालन (12.7 कि०मी०)--दक्षिण पूर्व रेलवे :--** चक्रधरपुर-बोंडामुंडा खंड पर यातायात का घनत्व भारतीय रेलों पर सबसे अधिक है। प्रतिकूल भू-भाग होने के कारण इस खंड में गाड़ियों का संचलन संकटपूर्ण हो गया है। इस खंड के एक भाग में अर्थात् मनोहरपुर से गोइलकेरा तक युगल इकहरी लाइन है। गोइलकेरा से सोनुआ तक के शेष भाग पर यही प्रणाली लागू करना आवश्यक हो गया है ताकि दोनों लाइनों का समान रूप से उपयोग किया जा सके। इस कार्य की अनुमानित लागत 2.54 करोड़ रुपये है जिसके लिए 6.50 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

34. **सरोना डाउन--4 लूप--दक्षिण पूर्व रेलवे**--सरोना स्टेशन हवड़ा-नागपुर मुख्य लाइन के बिलासपुर-दुर्ग विद्युतीकृत दोहरी लाइन खंड पर तीन लाइन वाला स्टेशन है जहां डाउन दिशा में कोई लूप लाइन नहीं है जिसके कारण दिन-प्रतिदिन के कार्यसंचालन में कठिनाई होती है। इस क्षेत्र में इस्पात संयंत्रों, सीमेंट संयंत्रों और नई कोयला खानों के विस्तार से होने वाले प्रत्याशित यातायात को सम्हालने तथा डाउन दिशा की माल-गाड़ियों की रुकौनी कम करने के उद्देश्य से सरोना में डाउन लूप लाइन की व्यवस्था करना आवश्यक है। इस कार्य की अनुमानित लागत 63 लाख रुपये है जिसके लिए 3.25 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

35. **युगल इकहरी लाइन सहित बाकरा--नयाबाज बाल्तिकुरी ब्लाक हट को जोड़ने वाली टाई लाइन (2.5 कि०मी०)--दक्षिण पूर्व रेलवे**--बाकरा-नयाबाज और बाल्तिकुरी के बीच की इकहरी लाइन का तंग मार्ग (चिकन नेक) पूर्व और दक्षिण पूर्व रेलवे के बीच यातायात की अदला-बदली के संचलन में बाधक है। इन कठिनाइयों पर काबू पाने और अतिरिक्त यातायात की सम्हलाई करने के लिए, बाकरा से बाल्तिकुरी तक दूसरी इकहरी लाइन की व्यवस्था करने और इस प्रकार 2.5 कि.मी. खंड को युगल इकहरी लाइन खंड में बदलने का प्रस्ताव है इस कार्य की अनुमानित लागत 2.97 करोड़ रुपये है जिसके लिए 8.12 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

36. **बडाखन्दिता और रहामा में अतिरिक्त लूप लाइनें--दक्षिण पूर्व रेलवे**--कटक-पारादीप इकहरी लाइन खंड पर बडाखन्दिता और रहामा दो लाइन वाले स्टेशन हैं। तटीय क्षेत्र में पारादीप पोर्ट के रास्ते तालचेर से ताप बिजलीघर के लिए कोयले के बढ़े हुए यातायात की सम्हलाई के लिए, इन दो स्टेशनों पर अतिरिक्त लूप लाइनों की व्यवस्था करना अपेक्षित है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 1.47 करोड़ रुपये है जिसके लिए 4.87 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

33. *Sonua--Tunia—Goilkera Twin single line working (12.7 kms.)—South Eastern Railway.*—The density of traffic over Chakradharpur—Bondamunda section is one of the highest on the Indian Railways. With adverse terrain, the movement of trains in this section has become critical. A part of this section viz Manoharpur to Goilkera is already having twin single line working, the application of same system on the balance portion from Goilkera to Sonua is imperative to make use of both the lines equally. The work is estimated to cost Rs. 2.54 Crores with an outlay of Rs. 6.50 lakhs.

34. *Sarona down—4 loop—South Eastern Railway.*—Sarona is a three line station on the Bilaspur—Durg electrified double line section of the Howrah—Nagpur main line with no loop line in the down direction resulting in difficulty on day to day working. To cope up with the anticipated traffic arising from expansion of steel plants, cement plants and new collieries in the area and to reduce detention to down goods trains provision of a down loop at Sarona is imperative. The work is estimated to cost Rs. 63 lakhs with an outlay of Rs. 3.25 lakhs.

35. *Tie line connecting Bakra - Nayabaj Baltikuri Block Hut (2.5 Kms.) with twin single line working—South Eastern Railway.*—The single line chicken neck between Bakra—Nayabaj and Baltikuri is a bottle-neck in the movement of inter-change traffic between Eastern and South Eastern Railway. To overcome the constraints of chicken neck and deal with the additional traffic, it is proposed to provide another single line from Bakra to Baltikuri and thereby convert the 2.5Km section to twin single line section. The work is estimated to cost Rs. 2.97 crores with an outlay of Rs. 8.12 lakhs.

36. *Additional loops at Badakhandita and Rahama—South Eastern Railway.* — Badakhandita and Rahama are two line stations on Cuttack—Paradeep single line section. For dealing with increased traffic of coal from Talcher to the Thermal Power Station in coastal area via Paradeep Port, additional loops at these two stations are required. The project is estimated to cost Rs. 1.47 crores with an outlay of Rs. 4.87 lakhs.

37. **विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के लिए रेल सुविधाएं—परिधीय यार्ड (3.4 मी० टन) (चरण–II) दक्षिण पूर्व रेलवे**—विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के खाली यार्ड में तीन लाइनों और तैयार उत्पादन यार्ड में 3 लाइनों (कुल 8.9 कि०मी०) का निर्माण करना उन सुविधाओं का भाग है जिन्हें दिसम्बर, 1991 में चालू की जाने वाली विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र की दूसरी झोंका भट्टी की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए विकसित किया जाना था की जा सकें। इस कार्य की अनुमानित लागत 8.49 करोड़ रुपये है जिसके लिए 8.12 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

38. **विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के लिए बाह्य रेल सुविधाएं—चरण-II—दक्षिण पूर्व रेलवे**—सिम्हाचलम नार्थ पर लूप लाइन सहित सिम्हाचलम नार्थ से इस्पात संयंत्र के भीतर तक दूसरी लाइन का निर्माण तथा जगय्यापेलेम यार्ड का पुनर्गठन करना दिसम्बर 1991 में विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र की दूसरी झोंक-भट्टी चालू कर दिए जाने से प्रत्याशित बढ़े हुए यातायात को सम्हलाई के लिए अपेक्षित है। इस कार्य की अनुमानित लागत 23.73 करोड़ रुपये है जिसके लिए 48.51 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

39. **निराकारपुर चिल्का, हुम्मा, गोलंथरा और झादुपुडी में अतिरिक्त लूप — दक्षिण पूर्व रेलवे**: — तालचेर कोयला खानों और विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र का विस्तार कर दिये जाने से, खोरधा-पलासा खंड पर आगामी वर्षों में यातायात की मात्रा बहुत अधिक बढ़ जायेगी। खंड की क्षमता बढ़ाने के लिए निराकापुर, हुम्मा, गोलंथरा, चिलका और झादुपुडी स्टेशनों पर एक अतिरिक्त लूप बनाना आवश्यक हो गया है। इस कार्य पर 2.68 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 6.50 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

40. **भोजुडीह—डाउन यार्ड में लाइनों का विस्तार—दक्षिण पूर्व रेलवे**:—डीजल रेल इंजनों द्वारा कर्षित 58 बी ओ एक्स "एन" रेकों के चलाये जाने के बाद भारी गाड़ियों को सम्हालने के लिए लम्बी लाइनों का होना आवश्यक हो गया है। बी ओ एक्स "एन" गाड़ियों को सम्हालने के लिए उपयुक्त शिरोपरि उपस्कर सहित पूरी लम्बाई की क्षमता के लिए भोजुडीह में डाउन यार्ड में लाइनों का विस्तार किया जाना है। इस कार्य पर 2.87 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 6.82 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

41. **कुरकुरा और पोकला में दो क्रासिंग स्टेशन खोलना—दक्षिण पूर्व रेलवे**:—राउरकेला-चक्रधरपुर-सिनी-चांडिल विद्युतीकृत खंड 94% की सीमा तक बहुत ही संतृप्त हो गया है जो 1992-93 तक अधिकतम 111% तक पहुंच जायेगा। इस विद्युतीकृत खंड पर यातायात को सुप्रवाही बनाने के लिए पोकला और कुरकुरा में दो अन्य क्रासिंग स्टेशन खोलना अनिवार्य हो गया है। इस कार्य पर 3.09 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 6.50 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

37. *Rail facilities for Visakhapatnam Steel Plant Peripheral Yard (3.4 M.T.) (Phase-II)—South Eastern Railway.*—Construction of 3 lines in Visakhapatnam Steel Plant Empty Yard and 3 lines in Finished Product Yard (total 8.9 Kms), are part of facilities to be developed to serve the second Blast Furnace of Visakhapatnam Steel Plant scheduled to become operative in December, 1991. The work is estimated to cost Rs. 8.49 crores with an outlay of Rs. 8.12 lakhs.

38. *External Rail Facilities for Visakhapatnam Steel Plant (Phase-II)—South Eastern Railway.*—Construction of second line from Simhachalam North to inside Steel Plant with a loop at Simhachalam North and reorganisation of Jaggayyapalem Yard, are required for handling increased traffic anticipated with the commissioning of second Ballast Furnace of the Visakhapatnam Steel Plant in December, 1991. The estimated cost of the work is Rs. 23.73 crores with an outlay of Rs. 48.51 lakhs.

39. *Additional loops at Nirakarpur, Chilka, Hurma Golanthra and Jhadupudi—South Eastern Railway.*—With the expansion of Talcher coal fields and Visakhapatnam Steel Plant, the quantum of traffic on Khurda—Palasa section will tremendously increase in the coming years. The construction of one additional loop at Nirakarpur, Hurma, Golanthara, Chilka and Jhadupudi stations is imperative to increase the capacity of the section. The work is estimated to cost Rs. 2.68 crores with an outlay of Rs. 6.50 lakhs.

40. *Bhojudih—Extension of lines in Dn. Yard—South Eastern Railway.*—Introduction of 58 BOX 'N' rakes drawn by diesel locos have necessitated longer lines for handling heavier trains. Extension of lines in the down yard at Bhojudih for full length capacity with OHE to suit handling of BOX 'N' trains is estimated to cost Rs. 2.87 crores with an outlay of Rs. 6.82 lakhs.

41. *Opening of two crossing stations at Kurkura and Pokla.—South Eastern Railway.*—The Rourkela—Chakradharpur—Sini—Chandil electrified section is heavily saturated to the extent of 94% which will reach as high as 111% by 1992-93. To ease this electrified section, it is essential to open two more crossing stations at Pokla and Kurkura. The work is estimated to cost Rs. 3.09 crores with an outlay of Rs. 6.50 lakhs.

42. खानूडीह—लाइन नं० 2, 3, 6 और 7 का मानक लम्बाई तक विस्तार—दक्षिण पूर्व रेलवे :—खानूडीह स्टेशन का कोयला पायलटों के लिए एक आधार स्टेशन तथा पूर्व रेलवे के साथ एक अंतर्बदल स्टेशन के रूप में उपयोग होता है। खानूडीह स्टेशन पर मधुबन्द धुलाई कारखाना स्थापित हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाले प्रत्याशित यातायात को सम्हालने तथा अन्तर्बदल स्थल पर गाड़ियों की रुकौनी कम से कम करने के लिए चार लाइनों का मानक लम्बाई तक विस्तार करना अनिवार्य हो गया है। इस कार्य पर 56 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 2.60 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

43. सांकराइल माल टर्मिनल (चरण-4)—दक्षिण पूर्व रेलवे :—चूंकि शालीमार का कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकास किया जाना है ताकि दूसरे हुगली पुल के चालू होने के साथ-साथ इसे विकसित किया जा सके इसलिए सांकराइल का एक माल टर्मिनल के रूप में विकास करना अनिवार्य हो गया है। इस कार्य पर 2.77 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 6.82 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

44. बारंग — मंचेश्वर और रेतांग भुवनेश्वर के बीच खंडीय क्षमता बढ़ाने के लिए दो "सी" श्रेणी के स्टेशन—दक्षिण पूर्व रेलवे—तालचेर क्षेत्र से विशाखापतनम सुपर थर्मल संयंत्र के लिए ढोये जाने वाले कोयला यातायात के बढ़ जाने से, दक्षिण में राष्ट्रीय ताप बिजली निगम के ताप बिजली संयंत्रों और विशाखापतनम इस्पात संयंत्र के अधीनस्थ बिजली संयंत्र के लिए 1994-95 तक इस खंड पर गाड़ियों की संख्या 40.5 से 55 तक बढ़ जायेगी। इस खंड पर क्षमता बढ़ाने के लिए दो "ग" श्रेणी के स्टेशन, अर्थात् एक बारंग-मानचेश्वर और दूसरा रेतांग-भुवनेश्वर के बीच खोलना अनिवार्य हो गया है। इस कार्य पर 51.72 लाख रुपये की अनुमानित लागत आयेगी जिसके लिए 1.62 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

45. पाथरडीह-सुदामडीह — सवारी गाड़ियां चलाने के लिए सुविधाओं का उन्नयन—दक्षिण-पूर्व रेलवे :—पाथरडीह से भोजूडीह तक सवारी गाड़ी संपर्क की सुविधा के लिए सिगनल व्यवस्था का उन्नयन और सुदामाडीह स्टेशन के विन्यास में परिवर्तन का प्रस्ताव है। इस काम पर 80 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है। जिसके लिए 25 लाख रुपये के परिव्यय व्यय का प्रस्ताव है।

कम्प्यूटरीकरण

21 स्टेशनों पर यात्री आरक्षण सेवाओं के कम्प्यूटरीकरण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया जा चुका है/कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है। इस सुविधा को वाराणसी, जोधपुर, आगरा, वडोदरा, नागपुर, सूरत, तिरुच्चि और कोयम्बटूर में भी देने का प्रस्ताव है। इस काम पर 5.62 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है। इससे भारतीय

42. *Khanudih—Extension of line Nos. 2, 3, 6, & 7 to standard length.—South Eastern Railway.* Khanudih serves as a base station for coal pilots and also as an interchange station with Eastern Railway. To deal with anticipated traffic coming up with the establishment of Madhuband Washery at Khanudih station and also for minimising detention in the interchanging point, the extention of four line to standard length is necessary. The work is estimated to cost Rs. 56 lakhs with an outlay of Rs. 2.60 lakhs.

43. *Sankrail Goods Terminal (Phase-IV)—South Eastern Railway.*—Since Shalimar has to be developed into a coaching terminal to synchronise with the commissioning of the second Hooghly Bridge, the development of Sankrail as a Goods Terminal has become imperative. The work is estimated to cost Rs. 2.77 crores with an outlay of Rs. 6.82 lakhs.

44. *Two 'C' class stations between Barang—Mancheswar and Retang—Bhubaneswar to augment section capacity—South Eastern Railway.*—With the increase in the coal traffic to be moved to Visakhapatnam Super Thermal Plant from Talcher area, NTPC's Thermal Power Plants in South and for the *captive* power plant of Visahhapatnam Steel Plant, the number of trains on this section would increase from 40.5 to 55 by 1994-95. For expansion of the capacity in this section, opening of two 'C' class stations i.e. one between Barang—Mancheswar and another between Retang—Bhubaneswar is essential. The work is estimated to cost Rs. 51.72 lakhs with an outlay of Rs. 1.62 lakhs.

45. *Patherdih-Sudamdih—Upgradation of facilities for introduction of passenger services South Eastern Railway.* — Upgradation of signalling arrangement and remodelling of the lay-out of Sudamdih station is proposed to facilitate a passenger connection from Patherdih to Bhojudih. The work is estimated to cost Rs. 80 lakhs. An outlay of Rs. 25 lakhs has been proposed.

COMPUTERISATION

Computerisation of Passenger Reservation System has already been successfully implemented/is in the process of being implemented at 21 stations. It is proposed to extend this facility to Varanasi, Jodhpur, Agra, Vadodara, Nagpur, Surat, Tiruchy and Coimbatore, at an estimated cost of Rs. 5.62 crores, bringing about 70 per cent of the total reservation

रेलों में आरक्षण के कुल कार्य का लगभग 70 प्रतिशत कम्प्यूटर के माध्यम से होने लगेगा। इसके लिए 1991-92 के दौरान 5.17 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है। निम्नलिखित स्टेशनों पर यात्री आरक्षण प्रणालियों से संबंधित प्रमुख नये कार्य करने का प्रस्ताव है :—

(आंकड़े लाख रुपयों में)

	प्रत्याशित लागत	1991-92 में परिव्यय
1. आगरा (मध्य रेलवे)	65.00	40.00
2. नागपुर (मध्य रेलवे)	89.00	53.00
3. वाराणसी (उत्तर रेलवे)	70.00	50.00
4. बडोदरा (पश्चिम रेलवे)	95.00	68.36
5. सूरत (पश्चिम रेलवे)	65.00	60.00

रेलपथ नवीकरण

1991-92 के दौरान रेलपथ नवीकरण के लिए 1234.35 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है—915.95 करोड़ चालू काम के लिए और 318.40 करोड़ रुपये नये निर्माण कार्यों के लिए।

(लाख रुपयों में)

	कि० मी०	प्रत्याशित लागत	परिव्यय
चालू काम			
प्राथमिक नवीकरण	2380	1986.44	824.35
गौण नवीकरण	446	252.75	91.60
नये काम			
प्राथमिक नवीकरण	420	1121.17	286.56
गौण नवीकरण	79	137.65	31.84

पुल संबंधी कार्य

1. पुणे-वाडी—सीना पुल में पुनः गर्डर लगाना—मध्य रेलवे—इस पुल का निर्माण वर्ष 1896 में किया गया था जिसमें लगे पूर्ववर्ती इस्पात के गर्डरों ने अपना निर्धारित सेवा काल पूरा कर लिया है। पूर्ववर्ती इस्पात के गर्डरों में सल्फर और फासफोरस की अधिक मात्रा इन गर्डरों को क्षीण कर रही है और इनके अवशिष्ट सेवा काल तक चलने में संदेह है। नीति स्वरूप सभी पुलों में लगे पूर्ववर्ती इस्पात के गर्डरों को एक कार्यक्रम के आधार पर बदला जा रहा है। तदनुसार 2.56 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से इस पुल में लगे पूर्ववर्ती इस्पात के गर्डरों का पी एस सी बाक्स गर्डरों द्वारा बदलाव करने का प्रस्ताव है जिसके लिए 8 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

2. खंडवा-भोपाल और भोपाल-बीना—पुलों में छोर पर लगे बी जी एम एल बियरिंगों का बदलाव—मध्य रेलवे—ग्रुप "ए" मार्गों और पूर्व-पश्चिम बी ओ एक्स एन मार्गों पर उच्च अश्व शक्ति वाले इंजनों को चलाने के लिए खुले जालीदार गर्डर पुलों में लगे छोर बेयरिंगों का एम बी जी लदान मानकों के लिए उपयुक्त बेयरिंगों से बदलाव करने की

work-load on Indian Railways under computerisation. An outlay of Rs. 4.57 crores has been proposed during 1991-92. Major new works proposed to be taken on hand for Passenger Reservation Systems at the following stations :—

(Figures in lakhs of rupees)

	Anticipated cost	Outlay in 1991-92
1. Agra (Central Railway)	65.00	40.00
2. Nagpur (Central Railway)	89.00	53.00
3. Varanasi (Northern Railway)	70.00	50.00
4. Vadodara (Western Railway)	95.00	68.36
5. Surat (Western Railway)	65.00	60.00

TRACK RENEWALS

A total provision of Rs. 1234.35 crores has been made for Track Renewals during 1991-92, Rs. 915.95 crores for works-in-progress and Rs. 318.40 crores for new works.

(Rs. in crores)

	Kms	Anticipated cost	Outlay for 1991-92
Works-in Progrees			
Primary Renewals	2380	1986.44	824.35
Secondary Renewals	446	252.75	91.60
New Works			
Primary Renewals	420	1121.17	286.56
Secondary Renewals	79	137.65	31.84

BRIDGE WORKS

1. *Pune-Wadi—Regirdering of Seena Bridge.—Central Railway.*—This bridge was constructed in the year 1896 with steel girders which have outlived their life. Higher sulphur and phosphorous content, in the early steel girders makes them brittle and their residual fatigue life is suspect. As a matter of policy, early steel girders of all bridges are being replaced on a programmed basis. Accordingly, the early steel girders of this bridge are proposed to be replaced by PSC BOX girders at an estimated cost of Rs. 2.56 crores and an outlay of Rs. 8 lakhs has been proposed .

2. *Khandwa-Bhopal and Bhopal-Bina.—Replacement of fixed end bearings of BGML girdes on 7 bridges—Central Railway.*—With a view to running high horse power engines on Group 'A' routes and East-West BOX-N routes, the fixed end bearings of open web girder bridges are required to be replaced with bearings suitable for MBG loding standards. This

आवश्यकता है। इस कार्य को कार्यक्रमबद्ध आधार पर किया जाना है। तदनुसार, 60 लाख रुपये की अनुमानित लागत से भोपाल—खंडवा और भोपाल—बीना खंडों में 30.50 और 45.72 मीटर स्पैन गर्डरों से निर्मित 7 पुलों में लगे छोर बेयरिंगों को बदलने का प्रस्ताव है जिसके लिए 5 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

3. मुगलसराय—वाराणसी खंड—काशी के निकट अप लाइन पुल सं० 2 पर टूटे हुए चैनल स्लीपरों का पटरीमुक्त स्थिरकों से बदलाव चरण-II—उत्तर रेलवे—पैड प्लेटों में दरार पड़ जाने तथा सरणि स्लीपरों में बुरी तरह से जंग लग जाने के कारण इस पुल पर 40 कि०मी० प्र०घं० का गति प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस गति प्रतिबन्ध को हटाने तथा इस खंड पर गाड़ी चालन क्षमता में सुधार लाने के लिए इस पुल के मौजूदा सरणि स्लीपरों को बदलने तथा पटरीमुक्त स्थिरकों को लगाने की आवश्यकता है। इस कार्य का एक भाग (चरण-1) पहले ही स्वीकृत कर दिया गया था और वर्तमान प्रस्ताव (चरण-2) शेष भाग के संबंध में है। इस कार्य पर 74 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 5 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

4. मुरादाबाद—सहारनपुर—अप लाइन पर पुल सं० 1268 में पुनः अर्धनालीनुमा गर्डर लगाना—उत्तर रेलवे—इस पुल में अर्ध नालीनुमा गर्डर 1920 में निर्मित किये गये तथा लगाये गए थे। वर्तमान लदान मानकों के लिए ये गर्डर कमजोर हैं तथा सभी गाड़ियों के लिए 40 कि०मी० प्र०घं० का स्थायी गति प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसलिए इन गर्डरों को बदलना आवश्यक समझा जाता है इस काम पर 71 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 2 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

5. न्यू जलपाईगुड़ी—रानी नगर खण्ड पर पुल सं० 11 का पुनर्निर्माण—पूर्वोत्तर सीमा रेलवे—इस पुल का निर्माण 1926 में किया गया था। वर्तमान लदान मानकों के लिए इस पुल की उप-संरचना और गर्डर उपयुक्त नहीं हैं। आयु और भारी यातायात के कारण इसकी चिनाई क्षतिग्रस्त हो गयी है और गति प्रतिबन्ध लगाना आवश्यक हो गया है। इस पुल का आयु-एवं-हालत के आधार पर पुनर्निर्माण करना आवश्यक समझा जाता है। इस कार्य पर 1.25 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 0.01 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

6. अरकोणम—जोलारपेट्टै—पुल संख्या 486 का पुनर्निर्माण—दक्षिण रेलवे—अरकोणम-जोलारपेट्टै खंड पर स्थित इस मेहराबदार पुल (अप लाइन) का निर्माण 1986 में किया गया था। इस मेहराबदार पुल में दरार पड़ गयी थी और इसकी पहले मरम्मत की गयी थी जो प्रभावकारी नहीं रही। चूंकि मौजूदा पुल मरम्मत करने के लायक नहीं

work has to be taken up on a programmed basis. Accordingly, it is proposed to replace the fixed end bearings of 7 bridges having 30.50 and 45.72m span girders, on Bhopal-Khandwa and Bhopal-Bina sections at an estimated cost of Rs. 60 lakhs with an outlay of Rs. 5 lakhs.

3. *Mughalsarai-Varanasi—Replacement of cracked channel sleepers with rail free fastenings on Up line Bridge No.* 11 *near Kashi—Phase-II—Northern Railway.*—Due to cracking of pad plates and badly rusted channel sleepers, a speed restriction of 40 kmph has been imposed on this bridge. To remove the speed restriction and improve train running capacity on the section, it is necessary to replace existing channel sleepers of the bridge and provide rail free fastenings. Part of this work was sanctioned earlier (Phase-I) and present proposal (Phase-II) is in respect of the balance portion. The work is estimated to cost Rs. 74 lakhs with an outlay of Rs. 5 lakhs.

4. *Moradabad-Saharanpur—Regirdering of Semi-through girder Bridge No.* 1268 *on up line—Northern Railway.*—The semi-through girders on this bridge were fabricated and erected in 1920. The girders are 'under strength' for the present loading standards and a permanent speed restriction of 40 kmph has been imposed for all trains. It is considered essential to replace the girders at an estimated cost of Rs. 71 lakhs with an outlay of Rs. 2 lakhs.

5. *New Jalpaiguri-Rani Nagar.—Rebuilding of Bridge No.* 11.*—Northeast Frontier Railway.*—This bridge was built in 1926. The sub-structure and girders of the bridge are not suitable for the present day loading standards. Due to age and heavy traffic, its masonry is damaged, necessitating imposition of a speed restriction. It is considered necessary to rebuild the bridge on age-cum-condition basis. The work is estimated to cost Rs. 1.25 crores with an outlay of Rs. 0.01 lakh .

6. *Arakkonam-Jolarpettai —Rebuilding of Bridge No.* 486*—Southern Railway.*—This arch bridge (up line) situated on Arakkonam-Jolarpettai section was constructed in 1896. This arch has developed cracks and repairs carried out earlier are not effective.

है इसलिए 67 लाख रुपये की अनुमानित लागत पर इस पुल का पुनर्निर्माण किया जाना आवश्यक हो गया है जिसके लिए 4 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

As the existing bridge is not amenable to repairs it has become essential to rebuild the bridge at an estimated cost of Rs. 67 lakhs with an outlay of Rs. 4 lakhs.

7. **अरकोणम—जोलारपेट्टै—पुल सं० 600 का पुनर्निर्माण—दक्षिण रेलवे**—अरकोणम-जोलारपेट्टै खंड पर इस पुल का निर्माण 1896 में किया गया था। मेहराव में दरार पड़ने पर समय-समय पर इसकी निरंतर मरम्मत की गयी जो प्रभावकारी सिद्ध नहीं हुई। चूंकि पुल मरम्मत के लायक नहीं रहा है इसलिए इसका पुनर्निर्माण करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 76 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 5 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

7. *Arakkonam-Jolarpettai —Rebuilding of Bridge No. 600—Southern Railway.*—This bridge on Arakkonam-Jolarpettai section was constructed in 1896. The arch has developed cracks and frequent repairs carried out from time to time are not proving effective. As the bridge is not amenable to repairs, it is proposed to rebuild it at an estimated cost of Rs. 76 lakhs with an outlay of Rs. 5 lakhs.

8. **विल्लुपुरम—तिरुच्चिरापल्ली—कोलरून नदी पर पुल सं० 375 का पुनः निर्माण—दक्षिण रेलवे**—इस पुल का निर्माण 1928 में किया गया था। वायुमंडलीय परिस्थिति और सवारी-डिब्बों से कूड़ा-कचरा गिरने के कारण पुल के इस्पाती गर्डरों में जंग लग गया है। संरक्षा की दृष्टि से इस पुल को सुदृढ़ करना आवश्यक हो गया है क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण ट्रंक मार्ग पर स्थित है। चरण-1 के कार्य के रूप में 4 स्पैन के वर्तमान गर्डरों को इस्पात के नये गर्डरों से बदलने और 16 स्पैनों में सुधार करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 1.62 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। इस कार्य के लिए 17 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

8. *Villupuram-Tiruchchirappalli—Rebuilding of Bridge No. 375 across Coleroon river—Southern Railway.*—This bridge was constructed in 1928. Corrosion has occurred in the steel girders of the bridge due to atmospheric condition and falling of effluent from the coaches. It has become essential to strengthen the bridge which serves an important trunk route, on safety consideration. As part of Phase-I of the work, it is proposed to replace 4 spans with new steel girders and recondition 16 spans at an estimated cost of Rs. 1.62 crores. An outlay of Rs. 17 lakhs has been proposed.

9. **विल्लुपुरम—तिरुच्चिरापल्ली—कावेरी नदी पर पुल सं० 383 के 3 स्पैन के गर्डर पुनः लगाना—दक्षिण रेलवे**—इस पुल का निर्माण 1927 में किया गया था। वायुमंडलीय परिस्थितियों और सवारी डिब्बों से कूड़ा-कचरा गिरने के कारण पुल के इस्पाती गर्डरों में जंग लग गया है। संरक्षा की दृष्टि से इस पुल को सुदृढ़ किया जाना आवश्यक हो गया है क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण ट्रंक मार्ग पर स्थित है। 15 स्पैनों को सुदृढ़ किये जाने के चरण-1 के कार्य को 1990-91 के रेल बजट में शामिल किया गया था। चरण-2 के कार्य के भाग के रूप में 3 स्पैनों के वर्तमान गर्डरों का इस्पात के नये गर्डरों से बदलाव और 12 स्पैनों में सुधार करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 1.27 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है, जिसके लिए 12 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

9. *Villupuram-Tiruchchirappalli—Regirdering of 3 spans of Bridge No. 383 across Cauvery river—Southern Railway.*—This bridge was constructed in 1927. Corrosion has occurred in the steel girders of the bridge due to atmospheric conditions and falling of effluent from coaches. It has become essential to strengthen the bridge, which serves an important trunk route, on safety consideration. Phase-I of the work covering strengthening of 15 spans was included in the Railway Budget in 1990-91. As part of Phase-II of the work, it is proposed to replace 3 spans with new steel girders and recondition 12 spans at a cost of Rs. 1.27 crores, with an outlay of Rs. 12 lakhs.

दुर्घटनाओं को रोकथाम करने तथा यातायात की रुकौनी न होने देने के उद्देश्य से व्यस्त समपारों के बदले ऊपरी/निचले सड़क पुलों की व्यवस्था करने की नीति के अनुसरण में 1991-92 के दौरान निम्नलिखित ऊपरी/निचले सड़क पुलों का निर्माण शुरू करने का प्रस्ताव है :

In accordance with the policy of replacing busy level crossings with road over/under bridges to avoid accidents and detention to traffic, it is proposed to take up construction of road over/under-bridges during 1991-92 as below :

(लाख रुपयों में)
(Figures in lakhs of rupees)

क्रम सं० Sl. No.	काम का विवरण Particulars of works		अनुमानित लागत Estimated cost	1991-92 के लिए परिव्यय Outlay for 1991-92
1	2		3	4
1.	अंकापल्ली और थाड़ी के बीच समपार सं० 488 के बदले ऊपरी सड़क पुल (आंध्र प्रदेश, दक्षिण मध्य रेलवे) Road over bridge in lieu of level crossing No. 488 between Ankapalli and Thadi (Andhra Pradesh, South Central Railway) . . .	निक्षेप Deposit	187.78 505.54	5.00
2.	थाड़ी और दुव्वाड़ा के बीच समपार सं० 492 के बदले ऊपरी सड़क पुल (आंध्र प्रदेश, दक्षिण मध्य रेलवे) Road over bridge in lieu of level crossing No. 492 between Thadi and Duvvada (Andhra Pradesh, South Central Railway) . .	निक्षेप Deposit	154.74 408.24	5.00
3.	शाहदरा में समपार सं० 1 ए/स्पेशल के बदले ऊपरी सड़क पुल (दिल्ली, उत्तर रेलवे) . . Road over bridge in lieu of level crossing No. 1A/Spl. at Shahdara (Delhi, Northern Railway)	निक्षेप Deposit	112.80 363.64	5.00
4.	मडगांव और मजोर्डा के बीच समपार सं० 21 के बदले ऊपरी सड़क पुल (गोआ, दक्षिण मध्य रेलवे) Road over bridge in lieu of level crossing No. 21 between Madgaon and Majorda (Goa, South Central Railway)	निक्षेप Deposit	270.52 265.10	3.50
5.	संतरोड और पिपलोद के बीच समपार सं० 20-बी के बदले ऊपरी सड़क पुल (गुजरात, पश्चिम रेलवे) Road over bridge in lieu of level crossing No. 20-B between Sant Road and Piplod (Gujrat, Western Railway) . . .	निक्षेप Deposit	102.71 102.71	20.00
6.	बूटी बोरी में श्रेणी 'ए' के समपार सं० 113 के बदले ऊपरी सड़क पुल (महाराष्ट्र, मध्य रेलवे) Road over bridge in lieu of 'A' class level crossing No. 113 at Buti Bori (Maharashtra, Central Railway)	निक्षेप Deposit	133.23 147.33	7.50
7.	बोरखेड़ी में समपार सं० 107 के बदले ऊपरी सड़क पुल (महाराष्ट्र, मध्य रेलवे) . . Road over bridge in lieu of level crossing No. 107 at Borkhedi (Maharashtra, Central Railway)	निक्षेप Deposit	98.82 110.77	7.50
8.	केसिंगा के निकट समपार के बदले ऊपरी सड़क पुल (उड़ीसा, दक्षिण पूर्व रेलवे) Road over bridge in lieu of level crossing near Kesinga (Orissa, South Eastern Railway)	निक्षेप Deposit	100.06 70.97	30.00
9.	मद्रास बीच और रायपुरम के बीच समपार सं० 3 के बदले ऊपरी सड़क पुल (तमिलनाडु, दक्षिण रेलवे) Road over bridge in lieu of level crossing No. 3 between Madras Beach and Royapuram (Tamilnadu, Southern Railway) . .	निक्षेप Deposit	159.00 159.00	2.00

1	2		3	4
10.	तिरुवलम् और सेवूर के बीच समपार सं० 50 के बदले ऊपरी सड़क पुल (तमिलनाडु, दक्षिण रेलवे). Road over bridge in lieu of level crossing No. 50 between Tiruvalam and Sevur (Tamilnadu, Southern Railway)	निक्षेप Deposit	122.50 122.50	1.00
11.	विलुपुरम के निकट समपार सं० 123 के बदले निचला सड़क पुल (तमिलनाडु, दक्षिण रेलवे). Road under bridge in lieu of level crossing No. 123 near Villupuram (Tamilnadu, Southern Railway)	निक्षेप Deposit	153.60 153.60	1.00
12.	इटावा के निकट समपार सं० 29-ए/टी 3 के बदले निचला सड़क पुल (उत्तर प्रदेश, उत्तर रेलवे). Road under bridge in lieu of level crossing No. 29-A/T3 near Etawah (Uttar Pradesh, Northern Railway)	निक्षेप Deposit	239.20 248.80	5.00

ऊपरी/निचले सड़क पुलों की प्रगति

1990-91 के बजट में वर्तमान व्यस्त समपारों के बदले ऊपरी/निचले सड़क पुलों के 156 निर्माण कार्यों के लिए चालू काम और नये काम के रूप में कार्यक्रम बनाया गया था। 98 निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में अनुमान स्वीकृत किये गये थे। वर्ष के दौरान 7 पुलों का निर्माण पूरा किया गया था और 72 पुलों का कार्य चल रहा था। शेष प्रस्ताव योजना तैयार करने, नक्शे तैयार करने, अभिकल्प तैयार करने और अनुमानों की स्वीकृति के विभिन्न चरणों में थे। (रेलवे-वार और राज्यवार ब्यौरे पृष्ठ 44 से 47 पर दिये गये हैं।)

सिगनल और दूर संचार संबंधी कार्य

1. **जबलपुर—न्यू कटनी—120 चैनल सूक्ष्म-तरंग प्रणाली का 34 एम बिट डिजिटल सूक्ष्मतरंग प्रणाली में बदलाव—मध्य रेलवे :—** जबलपुर—न्यू कटनी के बीच सूक्ष्म तरंग प्रणाली, जो बिलासपुर—कटनी के बीच दक्षिण पूर्व रेलवे की सूक्ष्म तरंग प्रणाली से जुड़ी हुई है, का बदलाव अपेक्षित हो गया है। इसका 2.73 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से इस मार्ग में डिजिटल प्रणाली से बदलाव करने का प्रस्ताव है जिसके लिए 40 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गई है।

2. **बम्बई मंडल—6 स्टेशनों पर लीवर फ्रेमों का पैनल अन्तर्पाशन में बदलाव—मध्य रेलवे :—**बम्बई-पूणे खंड के महत्वपूर्ण ट्रंक मार्गों पर स्थित खडकी, मालवी, खंडावली, वासिंद, आटगांव और खार्डी स्टेशनों पर लीवर फ्रेम बहुत ही अधिक घिस-पिट गए हैं। अतः 5.94 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर इन यंत्रचालित लीवर फ्रेमों का पैनल अंतर्पाशन में बदलाव करने का प्रस्ताव है जिसके लिए 50 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गई है।

PROGRESS OF ROAD OVER/UNDER BRIDGES

156 works of construction of road over/under bridges in replacement of existing busy level crossing were programmed as Works in Progress and New Works in the Budget for 1990-91. Estimates in respect of 98 works were sanctioned. During the year work on 7 bridges was completed and work on 72 bridges was in progress. Remaining proposals were in various stages of planning, preparation of drawings, designs and sanction to the estimates.

(The details, Railway-wise and State-wise are given at pages 44 to 47).

SIGNALLING & TELECOMMUNICATION WORKS

1. *Jabalpur-New Katni.—Replacement of* 120 *channel Microwave System with* 34 *M Bit Digital Microwave System — Central Railway.* — The microwave system between Jabalpur and New Katni, linked with the microwave system of South Eastern Railway between Bilaspur-Katni, is due replacement. It is proposed to replace it with a digital microwave system to improve the communications in this route at an estimated cost of Rs. 2.73 crores with an outlay of Rs. 40 lakhs.

2. *Bombay Division—Replacement of lever frames by Panel Interlocking at six stations—Central Railway.*—The lever frames at Khadki, Malavi, Khandavali, Vasind, Atgaon and Khardi, located on important trunk route of Bombay-Pune section, are heavily wornout. It is, therefore, proposed to replace these mechanically operated lever frames with panel interlocking at an estimated cost of Rs. 5.94 crores with an outlay of Rs. 50 lakhs.

3. **बम्बई वी० टी०—1200 लाइन के विद्युत यांत्रिक एक्सचेंज का इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज में बदलाव—मध्य रेलवे :—** बंबई वी०टी० मुख्यालय में इलेक्ट्रो मेकेनिकल टेलीफोन एक्सचेंज घिसपिट गए हैं और इसका बदलाव अपेक्षित हो गया है। इसे 0.98 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर 1500 लाइन के नये इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज में बदलने का प्रस्ताव है जिसके लिए 20 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गई है।

4. **इटारसी—जबलपुर—7 स्टेशनों पर रेल पथ निर्वाध के लिए धुरा काउंटर—मध्य रेलवे :—** गाड़ी के चालन की संरक्षा में सुधार लाने के लिए, 7 स्टेशनों पर 1.33 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से रन थ्रू लाइनों के रेल पथ को निर्वाध बनाने के लिए रेल पथ परिपथन के बदले धुरा-काउंटरों की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है जिसके लिए 20 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गई है।

5. **गया—सोननगर—6 स्टेशनों पर घिसे-पिटे लीवर फ्रेमों का बदलाव :—पूर्व रेलवे—** गया—सोननगर खंड पर अनेक यांत्रिक फ्रेमों की आयु पूरी हो गई है। मुगलसराय खंड के इन स्टेशनों पर आयु एवं हालत के आधार पर 7.30 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से घिसे-पिटे यांत्रिक सिगनल उपस्कर का बदलाव करने का प्रस्ताव है, जिसके लिए 3 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गई है।

6. **दानापुर मंडल—10 स्टेशनों पर बाहरी चेतावनी सिगनलों के परिचालन के लिए सिगनल मोटरों की व्यवस्था—पूर्व रेलवे :—** पूर्व रेलवे पर मुख्य लाइन के झाझा-पटना—मुगलसराय खंड में द्विसंकेती सेमाफोर सिगनलों की व्यवस्था की गई है। शरारती तत्वों द्वारा सिगनलों के तारों के संचलन के साथ प्रायः छेड़खानी की जाती है जिसके कारण सिगनलों में खराबी आ जाती है और परिणामस्वरूप गाड़ियों की रूकौनी होती है। अतः 0.50 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर सिगनल मोटरों की व्यवस्था करके इन सिगनलों का परिचालन बिजली परिचालित सिगनलों में बदलने का प्रस्ताव है जिसके लिए 7.00 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गई है।

7. **फेयर्ली प्लेस—600 लाइनों वाले स्ट्रोजर टाइप के एक्सचेंज का 1000 लाइनों वाले इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज में बदलाव और न्यू कोयलाघाट एक्सचेंज का बदलाव—पूर्व रेलवे :—** फेयर्ली प्लेस में स्ट्रोजर टाइप टेलीफोन एक्सचेंज बहुत अधिक घिसपिट गया है। इस एक्सचेंज की आयु एवं हालत के आधार पर 1000 लाइन वाले इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज में बदलने का प्रस्ताव है। पुनः मरम्मत करने के बाद रिलीज किया गया स्ट्रोजर टाइप एक्सचेंज न्यू कोयला घाट एक्सचेंज में कार्य करेगा। इस

3. *Bombay VT—Replacement of 1200 line electro mechanical exchange by electronic exchange—Central Railway.*—The electro mechanical telephone exchange at Bombay VT Headquarters Office is worn-out and is overdue for replacement. It is proposed to replace it with a new electronic exchange of 1500 lines at an estimated cost of Rs. 0.98 crore with an outlay of Rs. 20 lakhs.

4. *Itarsi-Jabalpur—Axle counter for proving of track clearance at 7 stations—Central Railway.*—To improve safety of train running, it is proposed to provide axle counters in lieu of track circuit, for proving clearance of track on run through lines at seven stations at an estimated cost of Rs. 1.33 crores with an outlay of Rs. 20 lakhs.

5. *Gaya—Sonnagar—Replacement of worn-out Lever frames at 6 stations—Eastern Railway.*—On Gaya-Sonnagar section a number of mechanical frames have completed their life. It is proposed to replace the worn-out mechanical signalling equipment at these stations of Mughalsarai Division on age-cum-condition basis at an estimated cost of Rs. 7.30 crores with an outlay of Rs. 3 lakhs.

6. *Danapur Division—Signal Motors for operation of outer/warner signals at 10 stations—Eastern Railway.*—Jhajha-Patna-Mughalsarai section of the main line on Eastern Railway is provided with two aspect semaphore signals. The working of signal wires is often interfered with by miscreants causing failure of signals and consequent detention of trains. It is, therefore, proposed to convert the operation of these signals to electric working by providing signals motors at an estimated cost of Rs. 0.50 crore with an outlay of Rs. 7 lakhs.

7. *Fairlie Place—Replacement of 600 lines strowger type exchange by 1000 lines electronic exchange and replacement of New Koilaghat Exchange—Eastern Railway.*—The strowger type telephone exchange at Fairlie Place is heavily wornout. It is proposed to replace this exchange on age-cum-condition basis by 1000 lines electronic exchange. The released strowger type exchange, duly reconditioned will work

कार्य पर 2.37 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है, जिसके लिए 0.50 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

8. **इलाहाबाद मंडल—5 स्टेशनों पर यांत्रिकीय सिगनल व्यवस्था गियरों के बदले पैनल अन्तर्पाशन—उत्तर रेलवे** :—गाजियाबाद–कानपुर विद्युतीकृत खंड पर बहुत से यांत्रिकीय सिगनल उपस्कर घिसपिट गए हैं तथा उन्हें आयु-एवं-हालत के आधार पर बदला जाना है। 5 स्टेशनों पर उपस्कर के बदले केन्द्रीयकृत बिजली चालित पैनल अंतर्पाशन का काम शुरु करने का प्रस्ताव है। इस कार्य की अनुमानित लागत 3.38 करोड़ रुपये है तथा इसके लिए 35 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

9. **उत्तर रेलवे पर (फिरोजपुर मंडल को छोड़कर) टेलीफोन एक्सचेंजों का बदलाव—उत्तर रेलवे** :—माल यातायात परिचालन सूचना प्रणाली (एफ ओ आई एस) नेटवर्क को सही ढंग से चालू करने के लिए, उत्तर रेलवे पर 15 महत्वपूर्ण स्थानों पर स्ट्रोजर टाइप एक्सचेंजों को इलेक्ट्रानिक एक्सचेंजों से बदलना आवश्यक हो गया है। इस कार्य पर 0.67 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 33 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

10. **मुगलसराय-इलाहाबाद खंड-कंट्रोल केबुल का बदलाव-उत्तर रेलवे** :-डाक व तार विभाग के स्वामित्व वाले केबुल जो 1963 में लगाए गए थे, अपनी सामान्य अवधि पूरी कर चुके हैं जिसके परिणामस्वरूप परिपथ की दक्षता में कमी होने से गाड़ियों की स्कौनी होती है। इस केबुल का रेलवे के स्वामित्व वाले केबुल से बदलने का प्रस्ताव है जिस पर 16.20 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है तथा इसके लिए 0.01 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

11. **सिवान-छपरा-7 स्टेशनों और ब्लाक खंडों में पुराने स्वचल-ब्लाक सिगनल उपस्करों का बदलाव—पूर्वोत्तर रेलवे** :—केन्द्रीकृत यातायात नियंत्रण उपस्कर और स्वचल सिगनल उपस्कर 25 वर्ष पूर्व लगाये गये थे। घिसने और बारम्बार व्यतिकरण के कारण उपकरण की हालत खराब हो गयी है। अतः सिवान (छोड़कर)—छपरा (सहित) खंड के 7 स्टेशनों और ब्लाक खंडों पर सिगनल उपस्कर का बदलाव करने का प्रस्ताव है। इस कार्य पर 6.97 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 65.21 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

12. **गोरखपुर—कटिहार—सूक्ष्मतरंग रेडियो उपस्कर के बदले अंकीय सूक्ष्मतरंग उपस्कर लगाना — पूर्वोत्तर रेलवे** :—वर्तमान प्रणाली ने 15 वर्ष की उपयोगी सेवा पहले

at New Koilaghat exchange. The work is estimated to cost Rs. 2.37 crores with an outlay of Rs. 0.50 lakh.

8. *Allahabad Division—Panel interlocking in replacement of Mechanical Signalling gears at 5 stations—Northern Railway.*—Many of the mechanical signalling equipment on Ghaziabad-Kanpur electrified section have become wornout and are due for replacement on age-cum-condition basis. It is proposed to take up replacement of the equipment at 5 stations by centralised power operated panel interlocking. The estimated cost of the work is Rs. 3.38 crores with an outlay of Rs. 35 lakhs.

9. *Replacement of Telephone Exchanges over Northern Railway except in Firozpur Division.—Northern Railway.*—In order to fit in with the introduction of Freight Operation Information System (FOIS) network, it becomes necessary to replace strowger type exchanges by the electronic exchanges at 15 important locations on Northern Railway at an estimated cost of Rs. 0.67 crore with an outlay of Rs. 33 lakhs.

10. *Mughalsarai-Allahabad Section—Replacement of control cable—Northern Railway.*—The P & T owned cable which was commissioned in 1963, has outlived its normal life resulting in decrease of circuit efficiency and thereby detention to trains. It is proposed to replace it with Railway owned cable at a cost of Rs. 16.20 crores with an outlay of Rs. 0.01 lakh proposed.

11. *Siwan—Chhapra,—Replacement of worn-out Automatic Block Signalling equipment at 7 stations and in Block Sections North Eastern Railway.*—The centralised traffic control equipment and automatic signalling equipment were commissioned more than 25 years ago. The condition of the equipment has deteriorated due to wear and frequent interference. It is, therefore, proposed to take up replacement of signalling equipment at 7 stations and in the Block Sections on the Siwan (excluding)-Chhapra (including) section at an estimated cost of Rs. 6.97 crores with an outlay of Rs. 65.21 lakhs.

12. *Gorakhpur—Katihar —Replacement of MW Radio equipment by digital MW equipment—North Eastern Railway.*—The existing system has

ही पूरी कर ली है। स्वदेश में पुर्जे उपलब्ध न होने के कारण उनका आयात किया जाता है। इस सम्पर्क का समरूपी रेडियो के साथ बदलाव पहले ही स्वीकृत है। भविष्य में लम्बे समय तक नेटवर्क में अंकीय द्वीपों की उपस्थिति से बचने के लिए, इस सम्पर्क के लिए प्राप्त समरूपी उपस्कर को अन्य रेलों पर काम में लेने और इस कार्य में अंकीय सूक्ष्मतरंग रेडियो का उपयोग करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 17.25 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है और इसके लिए 2.70 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

already served its useful life of 15 years. Indigenous spares being not available, are imported. Replacement of this link is already sanctioned with analog radio. To avoid presence of digital islands in the network for a long time to come, it is proposed to divert the analog equipment received for this link to other Railways and take up this work with digital MW radio at an estimated cost of Rs. 17.25 crores with an outlay of Rs. 2.70 lakhs.

13. **टीहू, पाठशाला और सारुपेटा पर पेनल परिचालित एम ए सी एल सिगनलों का पैनल अन्तर्पाशन द्वारा बदलाव—पूर्वोत्तर सीमा रेलवे** :—बोंगाई गांव-चंगसारी के बीच के केन्द्रीकृत यातायात नियंत्रण वाले खंड में सिगनल उपस्कर जी आर एस मेक के आयातित रिलेज से संस्थापित किया गया था। ये संरक्षा रिले आयातित थे और मरम्मत तथा ओवरहाल के लिए फालतू पुर्जे उपलब्ध नहीं हैं। संरक्षा की दृष्टि से, वर्तमान रिले उपस्कर और अन्य पुर्जों का बदलाव करने का प्रस्ताव है। इस कार्य पर 2.96 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 8 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

13. *Replacement of panel operated MACL signalling at Tihu, Pathsala and Sarupeta by panel interlocking—Northeast Frontier Railway.—Signalling* equipment in CTC controlled section of Bongaigaon-Changsari was installed with imported relays of GRS make. These safety relays were imported and spares for repair and overhauling are not available. On safety consideration, it is proposed to replace existing relay equipment and other accessories at an estimated cost of Rs. 2.96 crores with an outlay of Rs. 8 lakhs.

14. **पालघाट—ईरोड—दासमपट्टी—इरोड पर सूक्ष्म तरंग प्रणाली का बदलाव—दक्षिण रेलवे** :— पालघाट—मदुरै—तिरुचिरापल्ली–महादानापुरम आदि को जोड़ने वाला सूक्ष्म तरंग संपर्क 7 जी एच जेड एनालाग उपस्कर का है। लगातार उपयोग में लाने के कारण यह उपस्कर खराब हो गया है। इस पुराने जेनरेशन उपस्कर के लिए फालतू पुर्जे मिलना भी बहुत ही मुश्किल हो गया है। इस क्षेत्र में रेलवे संचार व्यवस्था को कारगर रखने के लिए पुराने जेनरेशन क्लाईस्ट्रोन (वाल्व टाइप उपस्कर) को वर्तमान के प्रतिरूप डिजिटल सूक्ष्म तरंग उपस्कर में बदलना आवश्यक है। इस कार्य पर 14.82 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आयेगी जिसके लिए 60 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

14. *Replacement of microwave system on Palghat—Erode—Dasampatti—Erode—Southern Railway.*—The microwave link connecting Palghat—Madurai—Tiruchirappalli–Mahadanapuram etc., is of 7 GHZ Analog equipment. The equipment has deteriorated due to continuous use. It has also become increasingly difficult to get spares for this old generation equipment. To keep Railway communication effective in this area, it is necessary to replace the old generation Klystron (valve type equipment) by present-day version of digital microwave equipment. The estimated cost of the work is Rs. 14.82 crores with an outlay of Rs. 60 lakhs.

15. **पोद्दनूर—सिगनल एवं दूर संचार प्रशिक्षण स्कूल—(क) दो रोड स्टेशनों के साथ माडल यार्ड (ख) डिजिटल उपस्कर एम डब्ल्यू/एम यू एक्स—दक्षिण रेलवे** :—भारतीय रेलों पर सिगनल और दूर संचार प्रणाली का तीव्र गति से आधुनिकीकरण किया जा रहा है जिसमें डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके रूट रिले अंतर्पाशन प्रणाली और सूक्ष्म तरंग का व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है। अतः सिगनल और दूर संचार कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पोद्दनूर प्रशिक्षण स्कूल में उपयुक्त व्यवस्था करना आवश्यक है। प्रशिक्षण के

15. *Podanur S&T Training School—(a) Model yard with two road stations (b) Digital equipment MW/MUX—Southern Railway.*—The Signalling and Telecommunications on the Indian Railways is rapidly getting modernised using extensively Route Relay Interlocking system and microwave using digital technology. It is, hence, necessary to provide appropriate arrangements in the Training School, Podanur to serve the requirements of training for Signalling & Telecommunication staff. To provide suitable faci-

लिए उपयुक्त सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिए इस कार्य को 1.23 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से शुरु करने का प्रस्ताव है जिसके लिए 28 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

16. **काटपाडि—जोलारपेट्टै—5 स्टेशनों पर यांत्रिक लीवर फ्रेमों और यांत्रिक सिगनल गियरों का बदलाव—दक्षिण रेलवे** :—भारी यातायात और गहन इस्तेमाल के कारणों इस खंड पर लीवर फ्रेम बुरी तरह घिस पिट गये हैं। अतः इन लीवर फ्रेमों को आयु एवं हालत के आधार पर बदलना आवश्यक हो गया है। पहले चरण में, 5 स्टेशनों पर लीवर फ्रेम बदलने का प्रस्ताव है। इस कार्य पर 4 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 14 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

17. **टेट्टू और उलावपाडू स्टेशनों पर लीवर फ्रेमों का विद्युत परिचालित पाइंटों और सिगनलों से बदलाव—दक्षिण मध्य रेलवे** :—टेट्टू—उलावापाडू खंड दक्षिण मध्य रेलवे के मद्रास—नयी दिल्ली ट्रंक मार्ग पर स्थित है। स्टेशनों का कार्य संचालन छोर-केबिनों से कांटों के परिचालन से किया जाता है। लीवर फ्रेम और भू गियर बुरी तरह घिस-पिट गये हैं और अपनी निर्धारित आयु पूरी कर चुके हैं। अतः यह आवश्यक हो गया है कि इन्हें धुरा काउंटर ब्लाक परीक्षण के साथ कांटों और सिगनलों के केन्द्रीकृत परिचालन की व्यवस्था करके उन्नत प्रतिरूप के सिगनल उपस्कर लगाकर बदल दिया जाये। इस कार्य पर 1.02 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 0.50 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

18. **विजयवाड़ा—अरकोणम—7 डी 6 क्लाईस्ट्रोन माइक्रोवेव उपस्कर का डिजिटल उपस्कर से बदलाव—दक्षिण मध्य रेलवे** :—विजयवाड़ा—गुडूर खंड पर माइक्रोवेव संपर्क भारतीय रेलों पर संस्थापित माइक्रोवेव सम्पर्कों में से एक था। आयु–एवं–हालत के आधार पर तथा परिचालन सूचना सेवा की आवश्यकताओं के अनुरूप भी इस संपर्क का डिजिटल माइक्रोवेव संपर्क से बदलाव शुरु करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 18.69 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 12 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

19. **सिकन्दराबाद–काजीपेट—चार स्टेशनों पर लीवर फ्रेमों का बदलाव—दक्षिण मध्य रेलवे**—भोंगीर, मौला अली, लालागुडा और बीबीनगर स्टेशनों पर सिगनल गियर 1967 में लगाए गए थे और अब इन्हें बदलना अपेक्षित है। इसलिए, वर्तमान लीवर-फ्रेमों को बदलकर कांटों और सिगनलों के केन्द्रीकृत परिचालन की व्यवस्था करने एवं रंगीन रोशनी वाले सिगनलों की व्यवस्था, जो इस समय रेल विद्युतीकरण के प्रस्तावों में शामिल है, करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 2.30

lities for training, it is proposed to undertake this work at an estimated cost of Rs. 1.23 crores with an outlay of Rs. 28 lakhs.

16. *Katpadi—Jolarpettai—Replacement of mechanical lever frames and signalling gears at 5 stations —Southern Railway.*— In view of heavy traffic and intensive use, lever frames on the section are badly worn out. It has, therefore, become necessary to replace these lever frames on age-cum-condition basis. As a first stage, it is proposed to replace lever frames at 5 stations at an estimated cost of Rs. 4 crores with an outlay of Rs. 14 lakhs.

17. *Replacement of lever frames with electrically operated points and signals at Tettu and Ulvapadu—South Central Railway.*—Tettu-Ulavapadu section is situated on Madras-New Delhi trunk route of South Central Railway. The stations are worked with points operated from end cabins. The lever frames and ground gears are badly worn-out and have also served their codal life. It has, therefore, become necessary to replace these by an improved version of signalling equipment providing centralised operation of points and signals together with axle counter block proving. The work is estimated to cost Rs. 1.02 crores with an outlay of Rs. 0.50 lakh.

18. *Vijayawada—Arakkonam—Replacement of 7D6 Klystron Microwave Equipment with digital equipment—South Central Railway.*—The microwave link on Vijayawada-Gudur section was one of the earlier microwave links commissioned on the Indian Railways. It is proposed to undertake the replacement of this link on age-cum-condition basis and also to suit the requirements of OIS by digital microwave equipment. The work is estimated to cost Rs. 18.69 crores with an outlay of Rs. 12 lakhs.

19. *Secunderabad—Kazipet—Replacement of lever frames at four stations—South Central Railway*—The signalling gears at Bhongir, Moula Ali, Lallaguda and Bibinagar stations installed in 1967 are due for replacement. It is therefore proposed to replace the existing lever frames with centralised operation of points and signals alongwith the work of provision of colour light signals, covered in the Railway

करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है और जिसके लिए 5.51 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

20. बिलासपुर—अनूपपुर—कटनी और अनूपपुर—महेन्द्रगढ़—सूक्ष्म तरंग प्रणाली—दक्षिण पूर्व रेलवे :—पुरानी पीढ़ी के वाल्व किस्म के क्लाइस्ट्रान उपस्करों का हालत के आधार पर अंकीय सूक्ष्मतरंग उपस्कर के वर्तमान रूपान्तर से बदलाव करना आवश्यक हो गया है ताकि इस खंड में संचार व्यवस्था को कारगर बनाया जा सके। इस कार्य को 15.60 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से शुरु करने का प्रस्ताव है जिसके लिए 70 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

21. झारसुगुड़ा—टिटलागढ़ के लिए यू०एच०एफ० सम्पर्क—दक्षिण पूर्व रेलवे :—झारसुगुड़ा—बोलंगीर, रायपुर—टिटलागढ़—बोलंगीर के बीच कुशल परिचालन/सेवाओं के लिए यू० एच० एफ० सम्पर्क की व्यवस्था करना तथा झारसुगुड़ा—बिलासपुर—भिलाई विन्यास यार्ड में मौजूदा सूक्ष्मतरंग सरणियों का विस्तार करना आवश्यक हो गया है। इस कार्य पर 0.64 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 19.85 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

22. झारसुगुड़ा—दुर्ग—संरक्षा उपकरण—दक्षिण पूर्व रेलवे :—हवड़ा—नागपुर व्यस्त ट्रंक मार्ग पर, झारसुगुडा और दुर्ग के बीच सभी स्टेशनों पर अतिरिक्त संरक्षा उपकरणों जैसे अन्तिम ठहराव सिगनल पर स्टेशन मास्टर के नियंत्रण और ब्लाक निमुर्क्ति के लिए 2 रेल पथ सर्किटों की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस कार्य पर 0.97 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए दो लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

23. कोटा—मथुरा—लूप लाइनों पर धुरा काउंटर/रेलपथ परिपथन तथा 20 पैनल अन्तर्पाशित स्टेशनों का रेलपथ परिपथन चरण II—पश्चिम रेलवे :—गाड़ी चालन की संरक्षा में सुधार करने के उद्देश्य से पैनल अन्तर्पाशित स्टेशनों पर सम्पूर्ण स्टेशन यार्ड के पूरे रेलपथ का परिपथन करना आवश्यक है। पश्चिम रेलवे के व्यस्त बम्बई—दिल्ली ट्रंक मार्ग पर कोटा और मथुरा के बीच स्टेशन सेक्शन को शामिल करते हुए 20 स्टेशनों की मुख्य लाइन पर मौजूदा रेलपथ परिपथन का विस्तार और लूप लाइनों पर धुरा काउंटरों की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस काम पर 2.75 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसके लिए 2 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

24. गोधरा—नागदा—लूप लाइनों पर धुरा काउंटर और 14 पैनल अन्तर्पाशित स्टेशनों पर रेलपथ परिपथन चरण-II—पश्चिम रेलवे:—पैनल अन्तर्पाशित स्टेशनों में संरक्षा सुनिश्चित

Electrification proposals concurrently. The work is estimated to cost Rs. 2.30 crores and an outlay of Rs. 5.51 lakhs is proposed.

के लिए दूसरी रिपोर्ट में इन समेकित ऋणों के सम्बन्ध में कोई परिवर्तन करने की सिफारिश नहीं की है ।

(ग) ये वसूलियां राज्यों को 1982-83 और 1983-84 में उनके ओवरड्राफ्टों को चुकाने के लिए दिए गए ऋणों की हैं । इन ऋणों को आठवें/नौवें वित्त आयोग द्वारा निर्धारित समेकन योजना के अन्तर्गत समेकित नहीं किया गया ।

(घ) नौवें वित्त आयोग की 1990-95 की अवधि के लिए दूसरी रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों के अनुसार, जैसा कि सरकार द्वारा मंजूर किया गया है, राज्य सरकारों को 1984-89 के दौरान दिए गए और 1989-90 के अन्त में बकाया राज्य आयोजना ऋणों को 15 वर्षीय ऋणों में समेकित किया गया है ।

(ङ) नौवें वित्त आयोग की 1990-95 की अवधि के लिए दूसरी रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों के अनुसार, जैसा कि सरकार द्वारा मंजूर की गई हैं, संघ राज्य क्षेत्र के रूप में गोवा और मिजोरम सरकारों द्वारा 1986-87 तक की योजनाओं के लिए प्राप्त अधिक केन्द्रीय ऋणों को बट्टे खाते डालने के बाद, 31.3.1990 को बकाया शेष राशियों को 15 वर्षीय ऋणों में समेकित किया गया है ।

(च) जबकि मूल बजट और संशोधित बजट 1990-91, 1984-85 से 1989-90 के दौरान आयोजनागत और आयोजना-भिन्न प्रयोजनों के लिए दिए गए ऋणों के संबंध में, वसूलियों से संबंधित है, 1991-92 का बजट उन वर्षों में दिए गए ऋणों और 1990-91 के दौरान दिए गए ऋणों पर आधारित है ।

1989-90 में राज्य आयोजनाओं के लिए 1990-91 से आगे स्वीकृत ऋणों की परिपक्वता अवधि, 15 वर्ष के बजाए, 20 वर्ष होगी और उनकी वापसी अदायगी 20 समान किस्तों में की जाएगी । परन्तु, इनमें से 50 प्रतिशत ऋणों के लिए पांच वर्ष की रियायती अवधि दी जाएगी, जिसके बाद इन ऋणों की वापसी अदायगी 15 समान वार्षिक किस्तों में की जाएगी।

नौवें वित्त आयोग ने अपनी वर्ष 1990-95 के लिए दूसरी रिपोर्ट में 1984-89 के दौरान पंजाब को दिए गए विशेष ऋणों (2301 करोड़ रुपए) के सम्बन्ध में मूल ऋणों की वापसी अदायगी और ब्याज की अदायगी के लिए स्थगन अवधि की सिफारिश की है ।

पंजाब राज्य सरकार को वर्ष 1989-90 में (560.01 करोड़ रुपए) और 1990-91 में (800 करोड़ रुपए) दिए गए विशेष ऋणों के सम्बन्ध में पंजाब को वर्ष 1991-92 में अतिरिक्त स्थगन अवधि मंजूर की गई है।

(छ) अल्प बचत ऋण भी उन ऋणों में से है, जिनको आठवें वित्त आयोग की समेकन योजना के अन्तर्गत समेकित नहीं किया गया । इन ऋणों की वसूली जो पहले रोक दी गई थी, 1985-86 से फिर से शुरू कर दी गई है। नौवें वित्त आयोग ने अल्प बचतों में संग्रहित राशियों के प्रति केन्द्रीय ऋणों से संबंधित मौजूदा शर्तों में परिवर्तन करने का कोई सुझाव नहीं दिया है ।

इन ऋणों पर मूलधन की वापसी अदायगी की आस्थगन अवधि 5 वर्ष है और वापसी अदायगी की अवधि 25 वर्ष है जिसमें आस्थगन अवधि शामिल है । अगले वर्ष में वृद्धि का कारण 1985-86 में दिए गए ऋणों की वापसी अदायगी किस्त का शुरू होना है ।

(ज) संशोधित अनुमान 1990-91 में इन ऋणों के संबंध में 23 करोड़ रुपए की वसूली होने का अनुमान है । 1991-92 में वृद्धि वर्ष 1990-91 में अनुमानित दिए जाने वाले 520.51 करोड़ रुपए की राशि के 4 वर्षीय ऋणों के कारण है।

(झ) नौवें वित्त आयोग की 1990-95 के लिए दूसरी रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के अनुसार, जो सरकार द्वारा मंजूर कर ली गई है, चालू वर्ष के दौरान निम्नलिखित ऋणों को बट्टे खाते डाल दिया गया है :-

(i) 1986-87 से 1988-89 के दौरान वार्षिक आयोजना परिव्यय के पांच प्रतिशत के अतिरिक्त राज्यों को दिए गए सूखा ऋण (519.57 करोड़ रुपए);

(ii) भोपाल गैस त्रासदी के संबंध में मध्य प्रदेश सरकार को राहत कार्यों के लिए 1984-89 के दौरान दिए गए ऋण (91.62 करोड़ रुपए); और

(iii) अरुणाचल प्रदेश, गोवा तथा मिजोरम द्वारा अपनी आयोजनाओं के लिए 1986-87 तक, संघ राज्य क्षेत्रों के रूप में, प्राप्त अतिरिक्त केन्द्रीय ऋण (355.22 करोड़ रुपए)।

(ञ) यह वसूली हीराकुड चरण-I से सम्बद्ध ऋणों की है जो कि उड़ीसा सरकार को दिए गए थे । ये समेकन योजना के अन्तर्गत नहीं आते है।

for 1989-90 and Second Report for 1990-95 have not recommended any change in respect of these consolidated loans.

(c) These recoveries pertain to loans given to States in 1982-83 and 1983-84 to overcome their overdraft difficulties. These loans were not covered by the scheme of consolidation of the Eighth/Ninth Finance Commission.

(d) In pursuance of the recommendations of the Ninth Finance Commission contained in its second Report for the period 1990-95, as accepted by the Government, the State Plan loans advanced to State Government during 1984-89 and outstanding as at the end of 1989-90 have been consolidated into 15 year loans.

(e) In pursuance of the recommendation of the Ninth Finance Commission contained in the Second Report for the period 1990-95, as accepted by the Government, the remaining outstanding balance as on 31.3.1990, after write-off of the excess of central loans received by the Government of Goa and Mizoram for plans upto 1986-87 as Union Territories, have been consolidated into 15 year Loans.

(f) While the original Budget and the Revised 1990-91 relate to recoveries in respect of loans advanced for Plan and Non-Plan purposes during 1984-85 to 1989-90, Budget 1991-92 is based on loans advanced during those years and also loans advanced during 1990-91.

The maturity period of the loans sanctioned for State Plans from 1990-91 onwards will be 20 years, instead of 15 years in respect of loans sanctioned in 1989-90, repayment being made in 20 equal annual instalments. However, fifty percent of these loans will enjoy a five year initial grace period, after which the repayments of these loans will be effected in 15 equal annual instalments.

The Ninth Finance Commission in its Second Report for 1990-95 have recommended moratorium on repayment of principal and payment of interest during 1990-91 and 1991-92 in respect of special loans given to Punjab during 1984-89 (Rs. 2301 crores).

The additional moratorium has been granted to Punjab in 1991-92 year in respect of Special loans advanced to the State Government in 1989-90 (Rs. 560.01 crores) and 1990-91 (Rs. 800 crores).

(g) Small Savings loans are also among those loans not covered by the scheme of consolidation of the Eighth Finance Commission. The recovery of these loans suspended earlier has been resumed from 1985-86. The Ninth Finance Commission have not suggested any change in the existing terms and conditions relating to central loans against the small savings collections.

These loans carry moratorium of 5 years towards repayment of principal, and the period of repayment is 25 years including moratorium period. The increase in next year is due to commencement of the repayment instalment of loans advanced in 1985-86.

(h) Revised Estimate 1990-91 assumes recoveries of Rs.23 crores in respect of these loans. Increase in 1991-92 is due to 4 years loans amounting to Rs.520.51 crores estimated to be advanced in 1990-91.

(i) In pursuance of the recommendation of the Ninth Finance Commission made in Second Report for 1990-95, as accepted by the Government, the following loans have been written off during the current year:-

(i) Drought loans advanced to States over and above five percent of annual plan outlays during 1986-87 to 1988-89 (Rs.519.57 crores);

(ii) Loans advanced to Government of Madhya Pradesh during 1984-89 for relief works relating to Bhopal Gas Leak Tragedy (Rs.91.62 crores); and

(iii) Excess of the Central loans received by the Government of Arunachal Pradesh, Goa and Mizoram for their plan upto 1986-87, as Union Territories, and outstanding as on 31.3.1990 (Rs.355.22 crores).

(j) The recovery relates to Hirakud Stage-I loans advanced to Government of Orissa, which are not covered by the scheme of consolidation.

उपर्युक्त अनुमानों में नौवें वित्त आयोग की सरकार द्वारा यथास्वीकृत ऋण राहत संबंधी सिफारिशों के प्रभाव को हिसाब में लिया गया है।

The estimates above take into account the effect of recommendations of the 9th Finance Commission regarding debt relief as accepted by the Government.

(ii) **संघ राज्य क्षेत्रों से (विधान मंडल सहित) वसूलियां:** ये वसूलियां पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र को दिए गए ऋणों के सम्बन्ध में है ।

(ii) **Recoveries from Union Territories (with Legislature):** The recoveries are in respect of loans advanced to the Union Territorry of Pondichery.

(iii) **अन्यों द्वारा वापसी अदायगी :** संशोधित अनुमान, 1990-91 में राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को छोड़कर अन्य पार्टियों अर्थात् सरकारी क्षेत्रों के औद्योगिक और वाणिज्यिक उपक्रमों, वित्तीय संस्थाओं, विदेशी सरकारों, नगरपालिकाओं, पत्तन न्यासों तथा गैर-सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों और संस्थाओं, सहकारी समितियों आदि तथा सरकारी सेवकों से ऋणों की वसूलियों के रूप में 2189.25 करोड़ रुपए की प्राप्ति का अनुमान लगाया गया था । 1991-92 के दौरान 2506 करोड़ रुपए की वापसी-अदायगियों का अनुमान लगाया गया है जिसमें रेलवे विकास निधि को सामान्य राजस्व से दिए गए ऋण की वसूली की 58 करोड़ रुपए की राशि भी शामिल है। इनका स्थूल ब्यौरा इस प्रकार है:-

(iii) **Repayments by Others:** Loan repayments by parties other than State and Union Territory Governments, viz. foreign Governments, industrial and commercial enterprises and financial institutions in the public sector, municipalities, Port Trusts, private sector companies and institutions, cooperatives, etc. were estimated at Rs.2189.25 crores in RE 1990-91. During 1991-92, repayment estimates are placed at Rs.2506 crores which also include Rs.58 crores towards recovery of loans advanced from General Revenues to Railway Development Fund. The broad details are:–

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

		बजट Budget 1990-91	संशोधित Revised 1990-91	बजट Budget 1991-92
(क) विदेशी सरकारें	(a) Foreign Governments	372.25	787.62	1202.92
(ख) सरकारी क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक निकाय आदि	(b) Public Sector enterprises, statutory bodies etc.	1266.65	1401.63	1303.08
जोड़	**Total**	**1638.90**	**2189.25**	**2506.00**

विदेशी सरकारों से होने वाली वसूलियों में तकनीकी उधारों के संबंध में संशोधित अनुमानों में 760.80 करोड़ रुपए और 1991-92 बजट में 1150 करोड़ रुपए की राशि शामिल है ।

Recoveries from foreign governments included Rs.760.80 crores in Revised Estimates 1990-91 and Rs.1150 crores in Budget 1991-92 on account of technical credits.

4. सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में इक्विटी का विनिवेश

4. Disinvestment of equity holdings in public sector enterprises.

ये प्राप्तियां सरकारी क्षेत्र के चुनीदा उद्यमों की इक्विटी पूंजी में केन्द्रीय सरकार की धारिताओं के सरकारी क्षेत्र की पारस्परिक निधियों और वित्तीय/निवेश संस्थाओं में आंशिक विनिवेश के कारण है। वर्ष के दौरान सरकारी खाते में प्राप्तियों का वास्तविक समायोजन ऐसे लेन-देनों पर लागू सामान्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार किया जाएगा।

The receipts are on account of partial disinvestment of Central Government's holdings in the equity capital of selected public sector enterprises to mutual funds and financial/investment institutions in the public sector. The actual adjustment of the receipts in the Government account during the course of the year will be made according to the normal accounting principles applicable to such transactions.

5. अल्प बचतें, लोक भविष्य निधि और सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों/सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के कर्मचारियों के लिए जमा योजना

5. Small Savings, Public Provident Fund and Deposit Schemes for Retiring Government Employees/employees of Public Sector Companies.

अनुमान, वापसी अदायगियों को घटाकर निम्नलिखित हैं:

The estimates, net of repayments, are as follows:

(i) अल्प बचतें	(i) Small Savings	5000.00	7280.00	7210.00
(ii) लोक भविष्य निधि	(ii) Public Provident Fund	450.00	700.00	760.00
(iii) सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों/सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के कर्मचारियों के लिए जमा योजना	(iii) Deposit Scheme for Retiring Government Employees/Employees of Public Sector Companies	50.00	20.00	30.00
जोड़	**Total**	**5500.00**	**8000.00**	**8000.00**
राज्यों का हिस्सा	*States Share*	*4500.00*	*6770.00*	*6865.00*
केन्द्र के पास निवल शेष	***Net to Centre***	***1000.00***	***1230.00***	***1135.00***

(i) **अल्प बचतें:-** अल्प बचत के साधनों में, डाक घर बचत खाते, डाकघर सावधिक निक्षेप खाते, डाकघर आवर्ती निक्षेप खाते, राष्ट्रीय बचत पत्र, इंदिरा विकास पत्र और राष्ट्रीय बचत योजना तथा डाकघर मासिक आय योजना और किसान विकास पत्र शामिल हैं।

(i) **Small Savings:** The small savings instruments comprise post office savings accounts, post office time deposits, post office recurring deposits, national saving certificates, Indira vikas patra, national saving scheme, post office monthly income scheme and kisan vikas patra.

अल्प बचत संग्रहों में वृद्धि करने के उद्देश्य से, स्कीमों में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं :-

(क) 1990-91 से राष्ट्रीय बचत योजनाओं में अधिकतम जमा राशि की सीमा 30,000 रुपए से बढ़ाकर 40,000 रुपए कर दी गई है। योजना के अन्तर्गत एक महीने में राशियां जमा करने की संख्या पर लगी पाबन्दी हटा दी गई है ।

(ख) डाकघर आवर्ती जमा नियमों में संशोधन किया गया है। खाता खोलने की तारीख से एक वर्ष के बाद यह पहले ही बंद किया जा सकता है परंतु ऐसे समय पूर्व खाता बंदी पर केवल डाकघर बचत खाते की ब्याज दर पर ही ब्याज देय है। छठे चूक के महीने से छः महीने की अवधि के भीतर चूक फीस का भुगतान करके ही खाता पुनः खोलने की अनुमति होगी। 1.4.1991 को अथवा उसके बाद खोले गए 10 रुपए मूल्य वर्ग के किसी खाते का परिपक्वता मूल्य बढ़ाकर 811.10 रुपए कर दिया गया है।

With a view to step up the small savings collections, the following changes in the schemes have been made.

(a) The limit of maximum deposits in National Savings Scheme has been raised from Rs.30,000 to Rs.40,000 in 1990-91. The restriction on number of deposits in a month under the Scheme has been removed.

(b) Post Office Recurring Deposit Rules have been amended. The account can be closed prematurely after one year from the date of opening the account but interest only at the Post Office Savings account rate is payable on such premature closure. Revival of account is permitted only within a period of six months from the month of sixth default, on payment of a defaulted fee. The maturity value of an account of Rs.10 denomination opened on or after 1.4.1991 stands raised to Rs.811.10.

(ग) राष्ट्रीय बचत पत्र-VIIIवां निर्गम को राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा अनुमोदित आवास वित्त निगम के पास प्रतिभूति के रूप में गिरवी रखना प्राधिकृत कर दिया गया है।

(घ) डाकघर आवधिक जमा नियमों को संशोधित कर दिया गया है। 3 वर्षीय और 5 वर्षीय डाकघर आवधिक जमा खाते में जमाराशि पर ब्याज की दर को 1.4.1991 से 10.5 प्रतिशत और 11 प्रतिशत से बढ़ाकर क्रमशः 11 प्रतिशत और 11.5 प्रतिशत कर दिया गया है।

अल्प बचत योजनाओं की समीक्षा के परिणामस्वरूप सामाजिक प्रतिभूति पत्रों की बिक्री 1.9.90 से समाप्त कर दी गई है ।

(ii) **लोक भविष्य निधि :-** लोक भविष्य निधि अधिनियम, 1968 के अन्तर्गत तैयार की गई लोक भविष्य निधि योजना के अधीन जमा की गई राशियों पर आयकर अधिनियम के अन्तर्गत कर कटौती में छूट मिलेगी । एक अभिदाता एक वर्ष में 60,000 रु. तक की राशि जमा कर सकता है जब कि कम से कम 100 रुपए प्रति वर्ष जमा करना जरूरी है। इन जमा राशियों पर 12 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर पर कर मुक्त ब्याज मिलता है । इस योजना के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति के नाम से और हिन्दू अविभाजित परिवार की ओर से खाते खोले जा सकते हैं।

(iii) **सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए जमा योजना:** यह योजना 1 जुलाई, 1989 से चालू की गई थी । केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार के सेवानिवृत्त/सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस योजना के अन्तर्गत अपने सेवा निवृत्ति लाभों का निवेश कर सकते हैं । इस योजना का प्रचालन भारतीय स्टेट बैंक और राष्ट्रीयकृत बैंकों की चुनी हुई शाखाओं के माध्यम से किया जा रहा है । इस योजना के अन्तर्गत किए गए निवेशों पर 9 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज दिया जाएगा जो छः माह के पश्चात् देय होगा। बाण्डों के मूल्य की राशि पर धनकर से छूट है और ब्याज आय कर मुक्त है । निवेशकर्ताओं को राशि जमा करने की तारीख से 3 वर्ष के पश्चात जमाराशि निकाल लेने का विकल्प है ।

(iv) **सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए जमा योजना :** यह योजना 1 जनवरी, 1991 से शुरू की गई है और सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए जमा योजना जैसी ही है। यह योजना सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, जीवन बीमा निगम तथा सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य कम्पनियों के सेवानिवृत्त / सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों द्वारा निवेश के लिए खुली है ।

प्रत्येक राज्य में किए जाने वाले बचतों के निवल संग्रह लोक भविष्य निधि के तीन चौथाई हिस्से तक के दीर्घावधिक ऋण राज्य सरकारों को स्वीकृत किए जाते हैं । इसके अलावा स्थिर दीर्घावधिक बचतों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकारों को अतिरिक्त ऋण भी दिया जाता है यदि राज्य में हुए सकल संग्रह के प्रति अल्प बचतों के निवल संग्रह का अनुपात 5 प्रतिशत से अधिक बैठे । उपर्युक्त अखिल भारतीय प्रतिशत अनुपात से राज्य के प्रतिशत अनुपात में होने वाली 5 प्रतिशत की प्रत्येक वृद्धि के संबंध में राज्य में होने वाले निवल संग्रह के 2.5 प्रतिशत के बराबर की राशि का अतिरिक्त ऋण भी प्रदान किया जाता है ।

राज्य सरकारें भी सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों और प्रत्येक राज्य में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों के सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए जमा योजना के अधीन निवल संग्रहों के 50 प्रतिशत तक लेने की हकदार हैं।

6. ***राज्य भविष्य निधियां :-*** इस शीर्ष के अन्तर्गत दिखाए जाने वाले लेनदेन सरकारी कर्मचारियों की विभिन्न भविष्य-निधियों से सम्बद्ध होते हैं। जो रकमें जमा की जाती हैं उनमें से निधि में जमा की गई राशियों तथा शेष राशि पर ब्याज और निकासियों तथा अस्थायी अग्रिमों की राशियां घटा दी जाती है । पहली अप्रैल, 1986 से जमा रकमों पर 12 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज लगेगा । बजट अनुमान 1990-91 में कुल 1130 करोड़ रुपए की निवल प्राप्ति का अनुमान था । इसकी तुलना में संशोधित अनुमान में 1200 करोड़ रुपए की व्यवस्था थी । वर्ष 1991-92 के बजट में 1300 करोड़ रुपए की निवल प्राप्ति आंकी गई है।

7. ***विशेष जमा योजना:-*** गैर-सरकारी भविष्य निधियों, अधिवर्षता और उपदान निधियों द्वारा अपनी निवल प्राप्तियों और जीवन बीमा निगम, साधारण बीमा निगम, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, आदि के अधिशेषों में से सरकार के पास किए जाने वाले निवेशों के भाग के रूप में संशोधित अनुमान 1990-91 में 8004 करोड़ रुपए के निवेश का अनुमान लगाया गया था। बजट अनुमान 1991-92 में इस मद में 7763 करोड़ रुपए की प्राप्ति का अनुमान है।

(c) Pledging of National Savings Certificates VIII Issue as a security with housing finance companies, as approved by the National Housing Bank has been authorised.

(d) Post Office Time Deposit Rules have been amended. The rate of interest on deposits in 3 year and 5 year POTD accounts have been raised from 10.5% and 11% to 11% and 11.5% respectively with effect from 1.4.1991.

As a result of review of the small savings schemes, the sale of Social Security Certificates has been discontinued with effect from 1.9.1990.

(ii) **Public Provident Fund:** Deposits under the Public Provident Fund Scheme framed under the Public Provident Fund Act, 1968 qualify for tax deduction under the Income-tax Act. A subscriber can make deposits upto Rs.60,000 in a year, while the minimum deposit necessary in a year is Rs.100. These deposits carry a tax-free interest at 12 per cent per annum. Under the Scheme accounts can be opened in the name of individual and on behalf of HUF.

(iii) **Deposit Scheme for Retiring Government Employees:** This scheme was introduced from Ist July, 1989. The retired/retiring Central and State Government employees can invest their retirement benefits under the scheme which is being operated through selected branches of State Bank of India and nationalised banks. The investments under this scheme earn interest at the rate of 9% per annum payable half yearly. The value of deposits is exempt from Wealth tax and the interest income is exempt from Income-tax. The investors have the option to withdraw the deposit after 3 years from the date of deposit.

(iv) **Deposit Scheme for Retiring Employees of Public Sector Companies :** The scheme has been introduced from 1st January, 1991 and is on the lines of Deposits Scheme for Retiring Government Employees. The scheme is open to investment by retired/retiring employees of Public Sector Banks, LIC, GIC and other Public Sector Companies.

Long term loans are advanced to the State Governments to the extent of three-fourth of the net collections under Small Savings and the Public Provident Fund in each State. Further, with a view to encourage stable long term savings, additional loan is advanced to State Government if the percentage of net Small Saving collections to gross collections in the State exceeds the all India percentage in this behalf by more than 5 per cent. Additional loan is given to the extent of 2.5 per cent of the net collections in the State for every 5 per cent increase in the State's percentage over the all India percentage.

State governments are also entitled to long term loans to the extent of 50 per cent of the net collections under the Deposit schemes for Retiring Government Employees/Retiring employees of Public Sector Companies in each State.

6. ***State Provident Funds:-*** The transactions under this head relate to various Provident Funds of Government employees. Credit assumed is net of the deposits into the funds including interest and withdrawals / temporary advances therefrom. Effective from 1.4.1986, the deposits carry interest at 12 per cent per annum. Net accretions to the Funds were assumed at Rs. 1130 crores in 1990-91 against which the R.E. was placed at Rs.1200 crores. Budget 1991-92 assumes a net accretion of Rs. 1300 crores.

7. ***Special Deposit Schemes:-*** Investments with Government of part of net accretions by non-Government provident funds, superannuation and gratuity funds and of surplus funds of Life Insurance Corporation, General Insurance Corporation, Employees' State Insurance Corporation, etc. were estimated at Rs.8004 crores in Revised Estimates 1990-91. Budget Estimates 1991-92 assume a credit of Rs.7763 crores on this account.

8. अन्य प्राप्तियां: इनके अन्तर्गत अन्य निधियों और खातों तथा निक्षेपों आदि शीर्षों के अन्तर्गत होने वाले लेनदेनों के निवल प्रभाव को प्रदर्शित किया जाता है । इनमें सम्मिलित कुछ मदें इस प्रकार हैं:

(i) 182 दिनों की राजकोषीय हुंडियां

182 दिनों की राजकोषीय हुंडियां, वित्तीय संस्थानों (जैसे बैंक आदि) और अन्य पार्टियों को अल्पावधिक निवेश का अवसर प्रदान करती है। इन हुंडियों को भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा बोली के आधार पर सावधिक रूप में विक्रय के लिए प्रस्तुत किया जाता है । इन हुंडियों को भारतीय रिजर्व बैंक से बट्टे पर दुबारा नहीं भुनाया जा सकता । संशोधित अनुमान 1990-91 में 200 करोड़ रुपए के निवल ऋण के मुकाबले बजट अनुमान 1991-92 में 300 करोड़ रुपए के निवल ऋण का अनुमान लगाया गया है ।

(ii) 9 प्रतिशत राहत बांड, 1987

इन बांडों से संबंधित योजना, पहली दिसम्बर, 1987 को लागू की गई थी । इन बांडों में एकल व्यक्ति और हिन्दू अविभक्त परिवार पूंजी का निवेश कर सकते हैं, जिसके संबंध में कोई सीमा नहीं रखी गई है । एकल व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से बांडों को धारित करने की अनुमति है। बांडों की परिपक्वता अवधि 5 वर्ष की है । इन पर 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज लगता है । इन बांडों की बिक्री से संशोधित अनुमान 1990-91 में और बजट अनुमान 1991-92 में 175 करोड़ रुपए की प्राप्ति मान ली गई है ।

(iii) अनिवार्य जमा के आधार पर उधार

वर्ष 1990-91 के बजट में, अनिवार्य जमा (आय कर दाता) योजना, 1974 के अन्तर्गत जमा के आधार पर लिए गए उधारों की वापसी अदायगी के लिए 105 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है । संशोधित अनुमानों में भी उतनी ही रकम की व्यवस्था की गई थी । बजट 1991-92 में ऐसी वापसी अदायगी के लिए 55 करोड़ रुपए की व्यवस्था शामिल कर ली गई है, जो अंतिम किस्त है ।

(iv) विशेष धारक बाण्ड, 1991

विशेष धारक बाण्ड, 1991 की बिक्री दो चरणों में अर्थात् 2 फरवरी, 1981 से 30 अप्रैल, 1981 तक, और 1 दिसंबर, 1981 से 9 जनवरी, 1982 तक की गई थी । बाण्डों की वापसी-अदायगी जारी किए जाने की तारीख से 10 वर्ष के पश्चात् की जाएगी । पहले चरण में बिक्री किए गए बाण्ड वापसी के लिए परिपक्व हो गए हैं। जारी किए गए बाण्ड 10,000 रु. के मूल्य वर्गों के थे और बाण्डधारी परिपक्वता अवधि पूरी हो जाने पर प्रत्येक बांड के 12,000 रु. प्राप्त करने के हकदार हैं । 2,000 रु. के फर्क की राशि ब्याज की राशि मानी जाएगी ।

बाण्डों की बिक्री से कुल 964.26 करोड़ रुपए की वसूली हुई थी। संशोधित अनुमान 1991-92 में 31.3.1981 तक बेचे गए बाण्डों के सम्बन्ध में मूलधन की वापसी अदायगी के लिए 88 करोड़ रुपए और ब्याज की अदायगी के लिए 17.60 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है । बजट अनुमान 1991-92 में शेष राशि की वापसी अदायगी के लिए 876.26 करोड़ रुपए और ब्याज के लिए 175.25 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

(v) रेलवे आरक्षित निधियां

8. Other Receipts: These show the net effect of transactions occurring under the other funds and accounts, deposits, etc. heads. Some of the items included here are:

(i) 182 Days Treasury Bills

182 days treasury bills offer short term investment opportunity to financial institutions (like banks, etc.) and other parties. These bills are periodically offered for sale on auction basis by the Reserve Bank of India. The bills cannot be rediscounted with the Reserve Bank of India. B.E. 1991-92 assumes a net credit of Rs.300 crores as compared to Rs.200 crores assumed in RE 1990-91.

(ii) 9% Relief Bonds, 1987.

This Bond Scheme was introduced from 1st December, 1987. The Bonds are open to investment without limit by individuals and Hindu Undivided Families; joint holding by individuals is also permitted. The Bonds which carry tax free interest at 9% per annum have a maturity period of 5 years. Revised Estimates 1990-91 and Budget Estimates 1991-92 assume a receipt of Rs.175 crores each from sale of these Bonds.

(iii) Borrowings against Compulsory Deposit

Budget for 1990-91 provided Rs.105 crores for repayment of borrowings against deposits under the Compulsory Deposit (Income-tax payers) Scheme 1974. The Revised Estimates were placed at the same level. Budget 1991-92 includes Rs.55 crores for such repayment, which is the last instalment.

(iv) Special Bearer Bonds, 1991

The Special Bearer Bonds, 1991 were on sale in two phases, namely from 2nd February, 1981 to 30th April, 1981 and from 1st December, 1981 to 9th January, 1982. The Bonds are repayable after 10 years from the date of issue. The Bonds sold in the first phase have matured for redemption. The Bonds issued were of the denomination of Rs. 10,000 and the holders are entitled to receive Rs. 12,000 for every bond on maturity, the difference of Rs. 2,000 being treated as interest.

The total realisation from sale of the bonds amounted to Rs. 964.26 crores. R.E. 1990-91provided 88 crores towards repayment of the principal and Rs. 17.60 crores for interest in respect of bonds sold upto 31.3.1981. BE 1991-92 provides Rs.876.26 crores towards the repayment of the balance amount and Rs.175.25 crores for interest.

(v) Railway Reserve Funds:

(करोड़ रुपए) *(in crores of Rupees)*

		बजट Budget 1990-91	संशोधित Revised 1990-91	बजट Budget 1991-92
रेलवे पेंशन निधि	Railway Pension Fund			
जमा	Cr.	918.52	919.33	1071.99
नामे	Dr.	835.00	875.94	963.00
निवल	*Net*	*+83.52*	*+43.39*	*+108.99*
रेलवे मूल्यह्रास प्रारक्षित निधि	Railway Depreciation Reserve Fund			
जमा	Cr	2026.07	2019.16	2080.73
नामे	Dr.	1820.00	1877.00	1887.00
निवल	*Net*	*+206.07*	*+142.16*	*+193.73*
रेलवे राजस्व प्रारक्षित निधि	Railway Revenue Reserve Fund			
जमा	Cr	0.03	0.03	0.03
नामे	Dr.	–	–	–
निवल	*Net*	*+0.03*	*+0.03*	*+0.03*
रेलवे विकास निधि	Railway Development Fund			
जमा	Cr	243.15	209.78	235.00
नामे	Dr.	243.15	209.78	235.00
निवल	*Net*	..	..	..
रेलवे दुर्घटना, क्षतिपूर्ति, सुरक्षा और यात्री सुविधा निधि	Railway Accident, Compensation, Safety and Passenger Amenities Fund			
जमा	Cr	69.06	67.47	68.48
नामे	Dr.	84.68	86.38	80.83
निवल	*Net*	*-15.62*	*-18.91*	*-12.35*
जोड़	**TOTAL**	**+274.00**	**+166.67**	**+290.40**

(क) रेलवे पेंशन निधि: रेलवे पेंशन निधि रेलवे कर्मचारियों के पेंशन संबंधी खर्च को पूरा करने के लिए बनाई गई है । हर साल इस निधि में उपयुक्त रकम अन्तरित की जाती है और यह रकम राजस्व और पूंजी व्यय शीर्षों में नामे डाल दी जाती है । पेंशन संबंधी व्यय को शुरू में "राजस्व और पूंजी व्यय शीर्षों" के रूप में माना जाता है और इसके साथ उसे निधि से वसूली के रूप में दिखा दिया जाता है । वर्ष 1990-91 में निधि में 919.33 करोड़ रुपए की रकम जमा होने का अनुमान था जिसमें निधि की बकाया रकमों पर सामान्य राजस्व द्वारा देय ब्याज के रूप में 2.20 करोड़ रुपए शामिल हैं जबकि निधि से 875.94 करोड़ रुपए निकाले जाने का अनुमान था । 1991-92 में इस निधि में 6.99 करोड़ रुपए के ब्याज सहित 1071.99 करोड़ रुपए की रकम जमा होने के अनुमान है । निधि से 963.00 करोड़ रुपए की रकम की निकासी का अनुमान है ।

(ख) रेलवे मूल्यह्रास प्रारक्षित निधि : इस निधि में सुधारात्मक कार्यों सहित प्रतिस्थापन और नवीकरण की व्यवस्था की जाती है । अनुमान है कि इस निधि में 1990-91 में सामान्य राजस्व से ब्याज की अदायगी सहित 2019.16 करोड़ रुपए का और 1991-92 के लिए 2080.73 करोड़ रुपए का अंशदान किया जायेगा । इस निधि से 1990-91 के लिए 1877.00 करोड़ रुपए की रकम और 1991-92 के लिए 1887.00 करोड़ रुपए की राशि निकाली जाएगी ।

(ग) रेलवे राजस्व प्रारक्षित निधि: इस निधि का अथशेष 0.61 करोड़ रुपए है जो निवेश और उस पर प्राप्त लाभांश का द्योतक है । 1990-91 और 1991-92 में इस निधि को ब्याज तथा निवेशों पर लाभांश के रूप में क्रमशः 3 लाख और 3 लाख रुपए प्राप्त होने का अनुमान था । इस प्रकार 1991-92 के अन्त में में निधि का इति शेष 0.67 करोड़ रुपए होने का अनुमान है ।

(घ) रेलवे विकास निधि: रेलवे विकास निधि की स्थापना 1950 में रेलवे अभिसमय समिति, 1949 की सिफारिशों के आधार पर की गई थी जिसका उद्देश्य यात्रियों और रेलों का उपयोग करने वाले अन्य लोगों के लिए सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिए किए जाने वाले सभी निर्माण कार्यों का खर्च, श्रमिक कल्याण कार्य संबंधी खर्च तथा उन सभी अलाभकारी सुधार कार्यों का खर्च पूरा करना है जिनमें से प्रत्येक कार्य के लिए निर्धारित सीमा से अधिक खर्च होता है । इस निधि के लिए धन की व्यवस्था रेलों के अधिशेष, यदि कोई हो, के उस भाग से की जाती है, जिसका सरकार द्वारा निर्धारण किया जाता है और जिसकी स्वीकृति संसद द्वारा दी जाती है । यदि रेलवे अधिशेष के एक भाग की रकम निधि में अंतरित करने के बाद इस निधि में इकट्ठी होने वाली रकम उन कार्यों के खर्चों को पूरा करने के लिए काफी न हो जिसका खर्च इस निधि से पूरा किया जाता है, तो निधि में जमा करने के लिए सामान्य राजस्व निधि से ब्याज पर उधार लिए जाते हैं । 1990-91 में रेलवे विकास निधि में जमा की जाने वाली अनुमानित राशियां रेलवे के प्रत्याशित अधिशेष से 155.00 करोड़ रुपए और सामान्य राजस्व से ऋण के रूप में, 54.78 करोड़ रुपए है जो कुल 209.78 करोड़ रुपए की है । 1990-91 के दौरान निधि से निकाली गई राशियां अनुमानतः 209.78 करोड़ रुपए की थी जिसमें सामान्य राजस्वों से लिए गए ऋणों पर ब्याज की अदायगियों के लिए 54.78 करोड़ रुपए शामिल थे । 1991-92 के अनुमानित अधिशेषों से निधि में 235 करोड़ रुपए जमा होने का अनुमान लगाया गया है।

1991-92 में निधि से 235 करोड़ रुपए की निकासी का अनुमान है, जिसमें से निधि को प्रभार्य कार्य के लिए 125.00 करोड़ रुपए और निधि के अधीन बकाया ऋण पर देय ब्याज के रूप में 52 करोड़ रुपए की राशि और सामान्य राजस्व को बकाया निधि से ऋण की वापसी-अदायगी की 58.00 करोड़ रुपए की राशि शामिल है।

(ङ) रेलवे दुर्घटना, क्षतिपूर्ति, सुरक्षा और यात्री सुविधा निधि: यह निधि रेलवे दुर्घटनाओं, कुछ सुरक्षा कार्यों और यात्री सुविधाओं के अन्तर्गत यात्रियों के क्षतिपूर्ति व्यय को पूरा करने के लिए पहली अप्रैल 1974 को स्थापित की गई थी । 1990-91 में निधि में, यात्री यातायात पर लगे अधिभार से अनुमानतः 67.47 करोड़ रुपए और शेष धनराशियों पर ब्याज के रूप में 2.47 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे जबकि निधि से 86.38 करोड़ रुपए की निकासियों के अनुमान हैं । 1990-91 के लिए निधि में कुल मिलाकर अनुमानतः 68.48 करोड़ रुपए जमा होंगे, जिसमें से यात्री यातायात पर लगे अधिभार के समायोजन से 67 करोड़ रुपए और ब्याज के रूप में 1.48 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे । निधि से निकाली जाने वाली राशियां 80.83 करोड़ रुपए की है ।

(a) Railway Pension Fund: is intended to meet the pensionary charges of Railway employees. Suitable amounts are transferred annually to the Fund by debit to revenue and capital expenditure heads. The pensionary charges are initially met as part of revenue and capital expenditure heads and simultaneously shown as recovered from the Fund. Credit to the Fund during the year 1990-91 was estimated at Rs.919.33 crores, including Rs.2.20 crores by way of interest payable by the General Revenues on the balance in the Fund, while withdrawals were estimated at Rs. 875.94 crores. During 1991-92 credit is estimated at Rs. 1071.99 crores, including Rs.6.99 crores on account of interest. Withdrawals are estimated at Rs. 963.00 crores.

(b) Railway Depreciation Reserve Fund: provides for replacement, renewal of assets including the improvement element. Contribution to the Fund inclusive of interest payable by General Revenues was estimated at Rs. 2019.16 crores during 1990-91 and Rs.2080.73 crores for 1991-92. The outgo from the Fund was placed at Rs.1877.00 crores for 1990-91 and Rs. 1887.00 crores for 1991-92.

(c) Railway Revenue Reserve Fund: has an opening balance of Rs. 0.61 crore representing investment and dividend thereon. The Fund was estimated to receive about Rs.3 lakhs during1990-91 and Rs.3 lakhs in 1991-92 as interest and dividend on investments. The Fund is expected to close with a balance of Rs. 0.67 crore at the end of 1991-92.

(d) Railway Development Fund: was set up in 1950 on the recommendation of the Railway Convention Committee, 1949, to meet the cost of all works for providing amenities to passengers and other railway users, the cost of labour welfare works and the entire expenditure on unremunerative improvement works costing more than a prescribed limit. The Fund is financed by appropriation of such portion of the Railway surplus, if any, as may be fixed by the Government and voted by Parliament. If the accumulated balance in the Fund, after transfer of the railway surplus to it, be not enough to meet the expenditure to be financed from the Fund, interest-bearing loans are taken from the General Revenues for credit to the Fund. The credits to the Railway Development Fund were estimated at Rs. 155.00 crores out of anticipated Railway surplus in 1990-91 and Rs.54.78 crores as loan from General Revenues totalling Rs. 209.78 crores. Withdrawals from the Fund during 1990-91 including Rs.54.78 crores for interest payments on loans taken from General Revenues, were also estimated at Rs.209.78 crores. Credits to the Fund 1991-92 are placed at Rs.235 crores out of anticipated surplus.

Withdrawals from the Fund in 1991-92 are estimated at Rs.235 crores, comprising Rs.125.00 crores for Works chargeable to the Fund, Rs. 52 crores of interest payable on the outstanding loan under the Fund and Rs.58.00 crores repayment of loan to the Fund outstanding to General Revenues.

(e) Railway Accident Compensation, Safety and Passenger Amenities Fund: was set up from 1st April, 1974 to meet expenditure on compensation payable to passengers involved in railway accidents and on certain safety works and passenger amenities. Credits to the Fund in 1990-91 were estimated at Rs.67.47 crores from surcharge on passenger traffic and Rs.2.47 crores as interest on balances while withdrawals were placed at Rs. 86.38 crores. The credits for 1991-92 are estimated at Rs.68.48 crores of which Rs.67 crores will be by adjustment of the element of surcharge in passenger earnings and Rs.1.48 crores as interest. Withdrawals from the Fund are placed at Rs.80.83 crores.

(vi) दूर संचार प्रारक्षित निधि

(vi) Telecommunication Reserve Funds

(करोड़ रुपए) (In Crores of Rupees)

		बजट Budget 1990-91	संशोधित Revised 1990-91	बजट Budget 1991-92
दूर-संचार राजस्व प्रारक्षित निधि	**Telecom.Revenue Reserve Fund**			
जमा	*Credits*	3.80	20.86	34.32
नामे	*Debits*	..	17.00	30.00
निवल	Net	3.80	3.86	4.32
पूंजी प्रारक्षित निधि	**Capital Reserve Fund**			
जमा	*Credits*	1711.06	1450.93	1498.58
नामे	*Debits*	1674.57	1413.78	1456.90
निवल	Net	36.49	37.15	41.68
जोड़	**Total**	**40.29**	**41.01**	**46.00**

(क) दूर-संचार-राजस्व प्रारक्षित निधि : विभाग के कार्यचालन के परिणाम में से, अधिशेष के एक हिस्से को, यदि कोई हो, इस निधि में अंतरित कर दिया है । यदि विभाग सामान्य राजस्व के लिए देय लाभांश की अदायगी, चालू राजस्व में से न कर सके तो इस अदायगी को पूरा करने के लिए निधि में से इसी रकम की निकासी कर ली जाती है । विभाग के कार्यचालन के परिणामों में होने वाले घाटों को, यदि कोई हो, पूरा करने के लिए भी इस निधि में से निकासी की जाती है । दिनांक 1.4.1990 से टैलीमेटिक्स विकास केन्द्र को दिये जाने वाले सहायता अनुदान को भी इसी निधि से पूरा किया जाता है ।

(a) Telecom.Revenue Reserve Fund: A part of the surplus, if any, in the working results of the Department is transferred to this Fund which is drawn upon for meeting payment of dividend to General Revenues in case the Department is not in a position to pay the same from current revenues. The Fund is also drawn upon to meet the deficit, if any, in the working results of the Department. Effective from 1.4.1990, the grant assistance provided to Centre for Development of Telematics is also met from this Fund.

निधि में, वर्ष 1990-91 में, ब्याज की 3.76 करोड़ रुपए की राशि सहित 20.86 करोड़ रुपए की राशि जमा होने का अनुमान था । वर्ष 1991-92 में ब्याज की 4.22 करोड़ रुपए की राशि सहित 34.32 करोड़ रुपए की राशि जमा होने का अनुमान है ।

The credits to the Fund in 1990-91 were estimated at Rs.20.86 crores including Rs.3.76 crores as interest. During 1991-92, credits to the Fund are estimated at Rs.34.32 crores including Rs.4.22 crores as interest.

1991-92 में इस निधि में से निकाले जाने वाली की अनुमानित धनराशियां पिछले वर्ष की ही तरह केवल सी. डोट. को सहायता अनुदान प्रदान करने के लिए ही हैं।

Withdrawals from the Fund in 1991-92, as in the preceding year, are entirely intended for providing grant assistance to C.DOT.

(ख) दूर-संचार पूंजी प्रारक्षित निधि: इस निधि का वित्तपोषण दूरसंचार विभाग के चालू अधिशेष के हिस्से का अंतरण करके किया जाता है तथा इस निधि से इस विभाग के पूंजीगत लेखे में आयोजनागत व्यय (सामान्य राजस्व से प्राप्त बजट समर्थन के अतिरिक्त) तथा महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड को उनकी योजना के वित्तपोषण हेतु दिये जाने वाले ऋणों की पूर्ति के लिए किया जाता है ।

(b) Telecom. Capital Reserve Fund: The Fund is fed by transfer of a part of the current surplus of the Department of Telecommunications, as may be available, for meeting the Plan expenditure of the Department on Capital account (in addition to the budgetary support from the General Revenues) and for loans advanced to Mahanagar Telephone Nigam Limited for financing their Plan.

वर्ष 1991-92 के दौरान इस निधि को 1498.58 करोड़ रुपए दिए जाने का अनुमान है, जिसमें सामान्य राजस्व से 41.68 करोड़ रुपए की ब्याज राशि भी सम्मिलित है । वर्ष 1991-92 में इस निधि में से 1456.90 करोड़ रुपए की निकासी किये जाने का अनुमान है जो दूरसंचार विभाग (1449.90 करोड़ रुपए) के पूंजी परिव्यय को पूरा करने और विदेशी सहायता से आयात की व्यवस्था का एम.टी.एन.एल. को अंतरण करने के लिए है।

Credits to the Fund in 1991-92 are estimated at Rs.1498.58 crores, including interest of Rs.41.68 crores from General Revenues. Withdrawals from the Fund in 1991-92 estimated at Rs.1456.90 crores are intended to meet the Capital Outlay of DOT (Rs.1449.90 crores) and for transfer of portion of foreign aided imports as loan to MTNL.

(vii) अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान

(vii) International Financial Institutions

(क) अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में भारत के अभिदान/अंशदान के लिए जारी की गई विशेष प्रतिभूतियों तथा (ख) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ हुए कतिपय लेनदेन, जिनमें विशेष आहरण अधिकारों का उपयोग किया गया है, संबंधी अनुमान इस प्रकार है :

The estimates relating to (a) special securities issued towards India's subscriptions/contribution to International Financial Institutions and (b) certain transactions involving use of Special Drawing Rights (SDRs) with the I.M.F. are :

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

		बजट Budget 1990-91			संशोधित Revised 1990-91			बजट Budget 1991-92		
		प्राप्तियां Receipts	भुगतान Discharges	निवल Net	प्राप्तियां Receipts	भुगतान Discharges	निवल Net	प्राप्तियां Receipts	भुगतान Discharges	निवल Net
1. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष	1. International Monetary Fund	509.40	0.05	*509.35*	549.98	326.18	*223.80*	3410.03	0.05	*3409.98*
2. अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण तथा विकास बैंक	2. International Bank for Reconstruction and Development	115.77	14.00	*101.77*	115.77	18.00	*97.77*	93.38	28.33	*65.05*
3. अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ	3. International Development Assocation	..	0.60	*-0.60*	0.00	0.60	*-0.60*	0.00	0.60	*-0.60*
4. अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि	4. International Fund for Agricultural Development	4.49	1.85	*2.64*	4.49	1.85	*2.64*	4.83	2.31	*2.52*
5. एशियाई विकास बैंक	5. Asian Development Bank	..	0.10	*-0.10*	..	0.40	*-0.40*	..	0.40	*-0.40*
6. अफ्रीकी विकास निधि और अफ्रीकी विकास बैंक	6. African Development Fund and African Development Bank	7.44	4.80	*2.64*	7.44	4.70	*2.74*	7.63	5.53	*2.10*
जोड़	**Total:**	**637.10**	**21.40**	***615.70***	**677.68**	**351.73**	***325.95***	**3515.87**	**37.22**	***3478.65***
एस.डी.आर	***S.D.Rs***	**1250.17**	**1033.73**	***216.44***	**2736.26**	**2562.35**	***173.91***	**1323.86**	**1088.66**	***235.20***

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष : कोष के करार-पत्र के "मूल्य अनुरक्षण" (एम.ओ.वी.) उपबंधों के अन्तर्गत सदस्यों द्वारा सामान्य संसाधन खाते में धारित मुद्राओं के मूल्य को विशेष आहरण अधिकार (एस.डी.आर.) के रुप में बनाए रखना जरूरी है और इस उपबन्ध के अनुसार कोष में किसी सदस्य की मुद्रा की धारिता में उस समय समायोजन किया जाता है जब किसी प्रचालन में उस मुद्रा का प्रयोग हो या कोष तथा दूसरे सदस्य के बीच लेन-देन से या जब कोष ऐसा करने का निर्णय करे या सदस्य ऐसा करने का अनुरोध करे । 30 अप्रैल, 1991 को कोष में भारत की मुद्राधारिता के पुनर्मूल्यांकन के परिणामस्वरूप बजट अनुमान 1991-92 में इसके लिए 1805.03 करोड़ रुपए के व्यय की व्यवस्था है और उतनी ही राशि प्रतिभूति खाते में जमा के रूप में दिखा दी गई है ।

International Monetary Fund (IMF): Under the 'Maintenance of Value' provision of the Fund's Article of Agreement, the value of the currencies of members held in the General Resources Account is required to be maintained in terms of the Special Drawing Rights and an adjustment in the Fund's holdings of a member's currency pursuant to this provision is made on the occasion of the use of that currency in a operation or transaction between the Fund and another member and at such other times as the Fund may decide or the member may request. As a result of revaluation of Fund's holdings of Indian currency as on April 30, 1991 the Budget Estimates 1991-92 provide Rs. 1805.03 crores as expenditure for this purpose with corresponding credit under securities acccount.

जून, 1990 में नौवीं कौटा समीक्षा के परिणामस्वरूप, भारत का कोटा भाग एस.डी.आर 22077 लाख से बढ़कर एस.डी.आर.30555 लाख हो जाएगा । एस. डी. आर. 8478 लाख की यह वृद्धि अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के वर्तमान विनिमय दर पर जनवरी-फरवरी, 1992 तक संदेय होगी। इस वृद्धि का 75% अर्थात् 1605 करोड़ रुपए की राशि अपरक्राम्य निर्ब्याज रुपया प्रतिभूतियों में संदेय होगी ।

As a result of 9th quota review in June 1990 India's quota share will go up from SDR 2207.7 million to SDR 3055.5 million. This increase of SDR 847.8 million would be payable to IMF by January-February, 1992 at the current rate of exchange. Of the increase, 75% i.e. Rs.1605 crores would be payable in non-negotiable, non-interest bearing rupee securities.

विशेष आहरण अधिकार: भारत अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के एस.डी.आर. विभाग का भागीदार है । 1990-91 के दौरान भारत को आबंटित निवल संचित एस.डी.आर. 327.00 लाख बने रहे क्योंकि एस.डी.आर. का नया आबंटन नहीं किया गया । भारत अपने एस.डी.आर. का उपयोग प्रभारों की अदायगी और पुनः क्रय संबंधी देनदारियों को पूरा करने के लिए कर सकता है । भारत अपने एस.डी.आर. का उपयोग अतिरिक्त अंशदान की अदायगी के लिये भी कर सकता है ।

Special Drawing Rights (SDRs): India is a participant in the Special Drawing Rights Department of the IMF. During the year 1990-91 the net cumulative allocations of SDR to India remained at SDR 327.00 million as there was no fresh allocation of SDRs. The SDRs are used in transactions such as payment of charges and discharge of repurchase obligations including for payment of additional subscription.

कोष प्रत्येक धारक को उसके द्वारा धारित एस.डी.आर. पर ब्याज की अदायगी करता है और प्रत्येक भागीदार के निवल संचित आबंटन पर उसी दर से प्रभार लगाता है । कोष सभी भागीदारों के निवल संचित आबंटनों पर उनके एस.डी.आर. खाते के प्रशासन के संबंध में निर्धारण प्रभार भी लगाता है । प्रत्येक वर्ष के फरवरी, मई, अगस्त और नवम्बर के आरम्भ में निवल ब्याज अथवा निवल प्रभारों को व्यक्तिगत धारक खाते को जमा करके अथवा नामे डाल कर तय किया जाता है ।

The Fund pays interest to each holder on its holding of Special Drawing Rights and levies charges at the same rate on each participant's net cumulative allocation. It also levies assessment charges in regard to administration of the SDR account, for all participants on their net cumulative allocations. The net interest or net charges are settled by crediting or by debiting individual holding account at the beginning of February, May, August and November of each year.

1990-91 के दौरान विस्तारित निधि सुविधा के अन्तर्गत भारत ने 30.4.1984 तक 3900 मिलियन एस.डी.आर. का उपयोग करके 1048 करोड़ रुपए के बराबर की राशि की पुनः खरीद की है । इस उद्देश्य के लिए 1991-92 के बजट में 760.29 करोड़ रुपए की राशि के बराबर एस.डी.आर. की राशि के प्रयोग किए जाने का अनुमान है।

During 1990-91India has repurchased an amount of Rs.1048 crores by using SDRs on account of the drawing of SDR 3900 million made upto 30.4.1984 under the Extended Fund Facility. Budget for 1991-92 assumes use of SDRs for an amount equal to Rs.760.29 crores for this purpose.

खरीदारी तथा पुनः खरीदारी संबंधी लेनदेनों को लोक खाते में "विशेष निकासी अधिकार" नामक शीर्षक में नामे/जमा के रूप में दिखा दिया जाता है। विशेष निकासी अधिकारों के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को जो अदायगियां की जाती हैं उनको इस शीर्ष के अंतर्गत प्रत्यावस्थित आधार पर जमा करके सम्बद्ध व्यय शीर्षों में नामे डाल दिया जाता है । इसी प्रकार से विशेष निकासी अधिकारों के रूप में जो धनराशियां वसूल की जाती है उनको भी सम्बद्ध प्राप्ति शीर्षों में जमा के रूप में दिखा दिया जाता है और इस शीर्ष में उनको प्रत्यावस्थित आधार पर नामे डाल दिया जाता है । विशेष निकासी अधिकार नामक शीर्ष में संशोधित अनुमान 1990-91 में कुल जमा की गई राशि 2736.26 करोड़ रुपए की है और बजट अनुमान 1991-92 में यह राशि 1323.86 करोड़ रुपए की है । संशोधित अनुमान 1990-91 में कुल मिलाकर नामे डाली गई राशि 2562.35 करोड़ रुपए है और बजट अनुमान 1991-92 में यह राशि 1088.66 करोड़ रुपए की है।

अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक:- वर्ष 1990-91 के बजट अनुमान में अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण तथा विकास बैंक प्रस्ताव संख्या 425 के अंतर्गत "1988 सामान्य पूंजी वृद्धि" के अन्तर्गत आवंटित 6522 शेयरों की किश्त (45.05 करोड़ रुपये), और मूल्य संबंधी दायित्वों के अनुरक्षण (75.22 करोड़ रुपये) की अदायगी के लिए कुल 95.59 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई थी। संशोधित अनुमान 1990-91 में वास्तविक अदायगी के समय विनिमय संबंधी परिवर्तनों के कारण यह राशि बढ़ाकर 118.21 करोड़ रुपये कर दी गई थी । इस राशि में से 113.71 करोड़ रुपये की अदायगी अपरक्राम्य निर्ब्याज रुपया प्रतिभूति के रूप में और शेष 4.50 करोड़ रुपये की अदायगी नकद अमरीकी डालर के रूप में की गई थी।

बजट अनुमान 1991-92 में (i) 1988 सामान्य पूंजी वृद्धि के अन्तर्गत आवंटित 6552 शेयरों की तीसरी किस्त की अदायगी के लिए (45.05 करोड़ रुपये), और (ii) मूल्य संबंधी दायित्वों के अनुरक्षण के लिए (51.50 करोड़ रुपये) की अदायगी के लिए कुल 96.55 करोड़ रुपयों की राशि की व्यवस्था की गई है । इसके अलावा बजट अनुमान 1991-92 में नव गठित विश्व पर्यावरण न्यास निधि में भारत की पहली किस्त के रूप में 1.33 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। भारत, विश्व पर्यावरण का सहयोगी सदस्य होने के रूप में 40 लाख एस. डी. आर. अंशदान करेगा, जिसकी अदायगी बराबर आठ वार्षिक किस्तों में की जाएगी। अदायगी अपरक्राम्य और ब्याज मुक्त रुपए प्रतिभूतियों के रूप में की जाएगी।

97.88 करोड़ रुपये की कुल व्यवस्था में से अमरीकी डालर के रूप में 4.50 करोड़ रुपये और रुपया प्रतिभूति के रूप में 93038 करोड़ रुपये की राशि देय है । 1990-91 के संशोधित अनुमान में 18 करोड़ रुपये के मूल्य की प्रतिभूतियों को नगदीकरण के लिए व्यवस्था है । 1991-92 के बजट अनुमान में 28.33 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है जिसमें से 24 करोड़ रुपये परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में भुनाए जाएंगे ।

अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ : 1990-91 के संशोधित अनुमानों और 1991-92 के बजट अनुमानों में अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण द्वारा प्रतिभूतियों के नकदीकरण के लिए प्रत्येक वर्ष 60 लाख रुपए की व्यवस्था की गई है।

अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि: भारत अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि के, जो कि संयुक्त राष्ट्र संघ का एक विशिष्ट अभिकरण है, मूल सदस्यों में से एक है । भारत अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि के संसाधनों के तीसरे पुनर्भरण के संबंध में 8 मिलियन डालर का अंशदान करने के लिए सहमत हो गया है । यह अंशदान तीन किस्तों में देय है; अदायगियां अपरक्राम्य, निर्ब्याज रुपया प्रतिभूतियां जारी करके की जाती है । वर्ष 1990-91 के लिए पहली किश्त की अदायगी के लिए बढ़ाई गई रुपए प्रतिभूति की राशि 4.49 करोड़ रुपए है। वर्ष 1991-92 में दूसरी किस्त की अदायगी के लिए राशि 4.83 करोड़ रुपए है।

बजट अनुमान 1991-92 में अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि द्वारा प्रतिभूतियों के नकदीकरण के लिए सं.अ. 1990-91 में 1.85 करोड़ रुपए की तुलना में 2.31 करोड़ रुपए की व्यवस्था शामिल है।

एशियाई विकास बैंक: एशियाई विकास बैंक रुपया प्रतिभूतियों को भारतीय रिजर्व बैंक के पास रखता है, जिनको वह समय-समय पर भारत में रुपयों में किए गए खर्च को पूरा करने के लिए भुनवा लेता है ।

Purchase and repurchase transactions are debited/credited to the head "Special Drawing Rights" in the Public Account. Payments made to the IMF in the form of SDR's are debited to the relevant expenditure heads by contra credit to this head. Similarly, receipts realised in the form of SDR's are credited to the relevant receipt heads by contra debit to this head. The total credits to the head Special Drawing Rights amount to Rs.2736.26 crores in the Revised Estimates 1990-91 and Rs.1323.86 crores in Budget Estimates 1991-92. The total debits amount to Rs.2562.35 crores in R.E. 1990-91 and Rs.1088.66 crores in B.E. 1991-92.

It is important to note here that the list of departmental commercial undertakings as given above does not exhaust the activities of a commercial or semi-commercial nature, undertaken by the Central Government. It is technically possible to treat activities like those of the Publication Division of the Ministry of Information and Broadcasting, Currency Note Press and Security Press as commercial activities of the Government. This has not been done here either because of the bulk of the sale of their services is not on a commercial basis or because the sale is mainly to Government Departments.

The items in this account are self-explanatory. The expenditure side of the operating account of departmental commercial undertakings spells out compensation to employees (i.e. wages and salaries), pension payments, purchases of raw materials etc. (i.e. commodities and services), expenditure on repairs and maintenance, interest charged to these undertakings and provision for depreciation. With effect from 1979-80 the shortfall in the revenues of the Railways are treated as their "deferred dividend liability" and are deducted from the dividends payable by them to general revenues. However, in order to truly reflect the financial position of the Railways, their full dividend liability has been taken into account and the shortfall has been treated notionally as loans to Railways. The receipt side shows their gross sale proceeds and the interest receipts on their outstanding balances in various funds. A part of the surplus emerging out of this is transferred to the current account of Government administration (Account I) as undertakings' contribution and the balance appears as retained profits.

These retaind profits together with the savings of the Government administration and depreciation provision of departmental undertakings constitute total gross Government savings, available for gross capital formation.

Account 3: *Transactions in commodities and services and transfers : Capital account of Government Administration and Departmental Commercial Undertakings (combined)*

This account is concerned with the total capital outlay representing physical asset formation by administration and departmental commercial undertakings and capital transfers. A distinction between administration and departmental commercial undertakings in respect of capital expenditure is not very meaningful for the reason that the entire expenditure on capital formation is a final expenditure which is a charge on the national product and for which Government has to find resources either from its own savings or by drawing on private savings.

The physical asset formation by Government has been shown in terms of gross and net asset formation (excluding the renewal and replacement expenditure of departmental commercial undertakings) and net increase in inventories. A breakdown of capital transfers has also been indicated. The deficit on all transactions in commodities and services and transfers is shown as a balancing item in Account 3 and this measures the change in Government's net indebtedness to the rest of the economy.

Item 1.1: Building and other construction include all buildings for residential, office and other purposes, road construction, works of railways and posts, telecommunications, power and other capital projects.

मद 1.2 : मशीनें और उपकरण मद में, विभिन्न किस्मों की मशीनों और उपकरणों की खरीद के संबंध में किये जाने वाला व्यय शामिल है। इनमें विदेशी सहायता के अंतर्गत प्राप्त मशीनें भी शामिल होती है नवीकरण और प्रतिस्थापन शीर्षक के अन्तर्गत दिखाए गए व्यय का संबंध विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों की मूल्यह्रास निधियों से वित्तपोषित व्यय से है। इसलिए मशीनों और उपस्करों पर तथा सरकारी प्रशासन द्वारा किए जाने वाले निर्माण संबंधी समस्त व्यय को "नयी परिव्यय" शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया गया है क्योंकि इन परिसम्पत्तियों के मूल्यह्रास के लिए बजट में कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

मद 2 : निर्माण कार्य संबंधी भंडार में वृद्धि : निर्माण कार्य के लिए आवश्यक धारित सामान और विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों तथा प्रशासनिक विभागों के तालिकागत सामान में होने वाली वृद्धि अथवा कमी को इस मद में दिखाया गया है। 1977-78 में (वास्तविक) से शुरू करके सरकार के आयातित उर्वरकों के स्टाकों के वर्गीकरण में परिवर्तन किया गया है, जिसके अन्तर्गत दिखाई गई बकाया उन प्राप्तियों को घटा कर भण्डारों में होने वाली वृद्धि के रूप में, जिनको विविध पूंजी प्राप्तियों के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।

मद 3.1 : पूंजी निर्माण के लिए अनुदान : राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को दिए जाने वाले पूंजीगत अनुदानों में, आयोजनागत स्कीमों के लिए केन्द्रीय सहायता के रूप में दिए जाने वाले एकमुश्त का आधा शामिल है, जो पूंजी निर्माण (अर्थात् ग्रामीण निर्माण कार्य) में सहायता देने के उद्देश्य से दिए जाने है। गैर-विभागीय उपक्रमों को दिए जाने वाले अनुदानों में, तेल और प्रकृतिक गैस आयोग जैसे स्वायत्त निगमों को दी जाने वाली पूंजीगत सहायता (ऋणों से भिन्न) शामिल है। अन्यों को दिए जाने वाली अनुदानों में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् तथा औद्योगिक संस्थानों जैसे सरकारी क्षेत्र की संस्थाओं को दिए जाने वाले अनुदानों का एक भाग शामिल है जो उपस्करों की खरीद और निर्माणों के लिए दिए जाते है।

मद 3.3 : इस मद में विदेशों को दिए जाने वाला अनुदान शामिल है। चूंकि इसका संबंध, देश से बाहर के आर्थिक पुनर्निर्माण और विकास के लिए की जाने वाली बचतों के अंतरण न मानकर पूंजीगत अंतरण मानना युक्तिसंगत होगा।

मद 5 और 6 : पूंजी निर्माण के लिए उपलब्ध प्राप्तियों में विवरण 1 और 2 से आगे लाई गई चालू खाते की सकल बचते, दान कर और सम्पदा शुल्क तथा विदेशी अनुदानों की प्राप्तियां शामिल है। विदेशी अनुदानों में नगद अनुदान और अन्य देशों से प्राप्त वस्तु अनुदान शामिल हैं। अन्य पूंजीगत प्राप्तियों में, निष्क्रांत सम्पत्ति की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि तथा जमीन की बिक्री की रकम को भवन और अन्य निर्माण पूंजी की राशि में से घटा दिया गया है।

विवरण 4 : *वित्तीय परिसंपत्ति के परिवर्तन : सरकारी प्रशासन और वाणिज्यिक उपक्रमों का पूंजी खाता*

विवरण 4 का संबंध औद्योगिक और वाणिज्यिक उपक्रमों को शेयर पूंजी में निवेश राशि और शेष अर्थ-व्यवस्था को दिए जाने वाले ऋणों और अग्रिमों जैसी वित्तीय परिसंपत्तियों के लेन-देन से है। ऋणों की राशि पूंजी निर्माण तथा अन्य प्रयोजनों के लिए नियत कर दी जाती है पूंजी निर्माण के लिए शेयरों ओर ऋणों में निवेशित रकमों से जो विवरण 4 में दिखाई गई है, यह पता चलता है कि केन्द्रीय सरकार प्रत्यक्ष रूप से पूंजी निर्माण करने का जो काम हाथ में लेती है उसके अतिरिक्त वह वित्तीय सहायता देकर अर्थ-व्यवस्था में किस सीमा तक पूंजी निर्माण को प्रोत्साहन देती है। विवरण 4 संतुलनकारी मद सहित, जो वित्तीय निवेशों और केन्द्रीय सरकार के ऋणों के निवल परिव्यय की द्योतक है, विवरण 3 के घाटे की राशि से यह पता चलता है कि निवल आन्तरिक और निवल विदेशी ऋणों की रकम से तथा घाटे की वित्त व्यवस्था द्वारा

Item 1.2: Machinery and equipment include expenditure incurred on the purchase of various types of machinery and equipments including machinery obtained under foreign aid. The expenditure shown against 'renewals and replacement' refers to expenditure financed out of the depreciation funds of the departmental commercial undertakings. The entire expenditure on machinery and equipment as well as on construction by the Government administration therefore appears as 'new outlay', since no provision for depreciation of these assets is made in the budget.

Item 2: *Increase in works stores:* The net increase or decrease in stores needed for construction work and inventories of departmental commercial undertakings and administrative departments is shown under this item. There has been a change introduced in classifying imported fertilizers' transactions beginning 1977-78(Accounts) whereby the net transactions are treated as subsidy instead of increase in stocks after deducting arrear receipts shown under recoveries for past years which are classified under miscellaneous capital receipts.

Item 3.1: Grants for Capital Formation: Capital grants to States and Union Territories include one-half of block grants given as Central assistance for plan schemes, as well as such grants in the revenue budget as are intended to assist capital formation(e.g. rural works). Grants to non-departmental commercial undertakings include capital assistance (other than by way of loans, to autonomous corporations like the Oil and Natural Gas Commission). Grants to others include part of grants to public sector institutions like Council of Scientific and Industrial Research and Institutes of Technology, treated as intended for purchase of equipment and for construction.

Item 3.3: This item includes grants to foreign countries. The rationale of treating these grants as capital rather than current transfer is that they involve transfer of savings for economic reconstruction and development outside the country.

Item 5 and 6: Receipts available for capital formation consist of gross savings on current account brought over from Accounts 1 and 2, and receipts of foreign grants include both cash grants and commodity grants received from other countries. Other capital receipts include sale proceeds of evacuee property and proceeds from sale of land. The sale of other physical assets has been netted against outlay on building and other construction.

Account 4: *Changes in financial assets : Capital Account of Government Administration and Departmental Commercial Undertakings*

Account 4 is concerned with transactions in financial assets, i.e. investment in share capital of industrial and commercial concerns and loans and advances granted to the rest of the economy. Loans have been allocated between those meant for capital formation and those for other purposes. Investments in shares and loans for capital formation as shown in Account 4 indicate the extent to which the Central Government promotes capital formation in the rest of the economy through financial assistance in addition to the capital formation directly undertaken by it. The balancing item of Account 4, representing net outlay on financial investments and loans of the Central Government together with the deficit in Account 3 represents the total requirements of finance to be met out of net domestic

पूरी की जाने वाली कुल वित्तीय आवश्यकता कितनी है ।

मद 1 : सरकारी प्रतिष्ठानों के शेयरों में किए जाने वाले निवेशों का तात्पर्य-सरकार के ऐसे गैर-विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमो की शेयर पूंजी में निवेश, जिनके 50 प्रतिशत से अधिक शेयर केन्द्रीय सरकार के पास हो । बैकों, सामान्य बीमा आदि का राष्ट्रीयकरण किए जाने के परिणामस्वरूप अधिगृहीत शेयरों आदि को भी निवेश माना जाता है अन्य सभी प्रतिष्ठानों को, चाहे वे गेर-सरकारी, सहकारी अथवा सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों हो, "अन्य प्रतिष्ठान" कहा गया हैं । सरकारी प्रतिष्ठानों के मामले में, वित्तीय प्रतिष्ठानों और गैर-वित्तीय प्रतिष्ठानो के बीच भेद किया गया है ।

मद 2 : पूंजी निर्माण के लिए देय ऋणों में पूंजी-परिसम्पत्ति का निर्माण करने के लिए दिए जाने वाले ऋण शामिल हैं । जिसमें राज्यों, स्थानीय प्राधिकरणों, गेर-विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों तथा औरों को दिए जाने वाले ऋण शामिल है । अल्प बचतों को राशि में से राज्यों को दिए जाने वाले ऋणों को पूंजी निर्माण के लिए देय ऋण माना गया है केवल गैर-विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के दिए गये आयोजनागत ऋणों को पूंजी निर्माण के लिए देय ऋण माना गया है पूंजी निर्माण के लिए औरों को दिए जाने वाले ऋणों में गैर-सरकारी औद्योगिक उपक्रमों, सहकारी आवास समितियों को दिए जाने वाले तथा मकान बनाने के लिए सरकारी कर्मचारियों के दिए जाने वाले ऋण शामिल हैं।

मद 3 : राज्य ररकारों और संघ राज्य क्षेत्रों को दिए जाने वाले अन्य ऋण में अर्थोपाय अग्रिम, अल्पावधिक कृषि ऋण, दैवी विपत्तियों के संबंध में देय ऋण तथा आयोजना-भिन्न अन्तर को पूरा करने के लिए दिए जाने वाले विशेष ऋण शामिल हैं । चूंकि राज्यों को दिए गए सभी अर्थोपाय अग्रिम उसी वित्तीय वर्ष में ले लिए जाते है इसलिए 1975-76 से इस शीर्ष के अन्तर्गत भुगतान और प्राप्तियों को छोड़ देने का निश्चय किया गया था । इसी प्रकार, कृषि विनिष्टियों के लिए राज्य सरकारों को अल्पावधि ऋणों को 1985-86 (वास्तविक) से छोड़ दिया गया है । राज्यों को दिये गये मध्यावधि ऋणों को, जो भारतीय रिजर्व बैंक के पास उसके घाटों/ओवर ड्राफ्टों को पूरा करने के लिए उन्हें दी गई थी, छोड़ दिया गया क्योंकि इनसे भारतीय रिजर्व बैंक की लेखा पुस्तकों में राज्यों की देनदारियों का केन्द्र को अंतरण ही प्रकट होता था । गैर-विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमो को अन्य ऋण में उसके घाटा की पूर्ति के लिए तथा पहले की ऋणों की वापसी अदायगियों के लिए दिए गए आयोजना-भिन्न ऋण शामिल हैं । तथापि 1975-76 (संशोधित अनुमान) से गैर-विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमो के पिछले ऋणों के नवीनीकरण का ब्यौरा उपलब्ध हो गया है और इस कारण इनको "व्यय" "आय" में शामिल नहीं किया गया है । विदेशी सरकारों को दिए जाने वाले ऋणों में वे प्रक्रियात्मक ऋण शामिल हैं जो उन देशों को दिए जाते हैं जिनके साथ रुपयों में अदायगी करने के लिए करार किए गए हैं । चूंकि अधिकांश प्रक्रियात्मक ऋणों की वसूली उसी वित्तीय वर्ष में की जाती है इसलिए उन्हें अब 1981-92 (वास्तविक) से निवल आधार पर दिखाया गया है । अन्यों को दिए जाने वाले ऋणों में सरकारी कर्मचारियों के देय वाहन अग्रिम तथा राहत ऋण (जैसे तूफान सहायता) शामिल हैं ।

मद 4 : इसमें अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक, अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ तथा एशियाई विकास बैंक को दिए जाने वाले अभिदान शामिल हैं ।

मद 5 : यह मद स्वर्ण की किसी भी बिक्री की राशि के समायोजन के बाद स्वर्ण की वास्तविक खरीद की द्योतक है जैसे कि 1980-81 में 4 करोड़ रूपए के राष्ट्रीय रक्षा स्वर्ण बांडो के रुप में वापसी अदायगी किया जाना ।

मद 7 : औरों द्वारा "ऋणों की वापसी" अदायगी में सरकारी उपक्रमो द्वारा वापस अदा किए गए ऋण शामिल हैं । यहां पर यह उल्लेख किया जा सकता है कि चूंकि राज्यों को दिए जाने वाले अर्थोपाय अग्रिमों और अल्पावधि कृषि ऋण को उसी वर्ष में वापस अदा करना पड़ता है जिसमें वे दिए जाते हैं लेकिन उन्हें प्राप्ति और व्यय दोनों मदों में दिखाया जाता है ।

and net foreign borrowing and by the deficit financing.

Item 1: Investments in shares of Government concerns denote investments in the share capital of such non-departmental commercial undertakings of the Government, in which the Central Government ownership is more than 50 per cent. Acquisition of shares as a result of nationalisation of banks, general insurance etc., is also treated as investment. All other concerns whether in the private, cooperative or public sector have been treated as 'others'. In the case of Government concerns, a distinction has been drawn between financial concerns and non-financial concerns.

Item 2: Loans for capital formation include loans given for the creation of capital assets and comprise loans to States, local authorities, non-departmental commercial undertakings and others. Loans to States out of small savings have been treated as loans for capital formation. Only plan loans given to non-departmental commercial undertakings have been taken as loans for capital formation. Loans for capital formation to others include loans to private industrial undertakings, cooperative housing societies and house-building loans to Government employees.

Item 3: 'Other loans' to State Governments and Union Territories include ways and means advances, short-term agricultural loans, loans for natural calamities and special loans for meeting non-plan gaps. Since the entire ways and means advances to States are recovered within the same financial year, it was decided to ignore both the disbursements and the receipts under this head with effect from 1975-76. Similarly, short-term loans to State Governments for agricultural inputs have been ignored with effect from 1985-86 (Accounts). Medium-term loans to States to clear their deficits/ overdrafts with the Reserve Bank of India are also ignored, as these represent only transfer of liability from the States to the Centre in the books of the Reserve Bank. 'Other loans' to non-departmental commercial undertakings include non-plan loans given for meeting their losses and also for the repayment of past loans. However, from 1975-76(RE) onwards, the details of renewals of past loans in respect of non-departmental commercial undertakings became available and therefore, these have been excluded both from the outgoings and the incomings. Loans to foreign Governments also include technical credits to countries having rupee payment agreements. Since a large part of technical credits are recovered within the same financial year, these are now shown on a net basis with effect from 1981-82(Accounts). Loans to 'others' include conveyance as well as relief (e.g. cyclone) loans to Government employees.

Item 4: This include subscription to IMF, IBRD, IDA and ADB.

Item 5: This represents net purchase of gold after adjusting for any sale of gold, as for instance repayment in gold of National Defence Gold Bonds in 1980-81 valued at Rs.4 crores.

Item 7: Repayments by others include loan repayments by public undertakings. It may be noted that short-term agricultural loans in respect of States are supposed to be repaid in the course of the same year but appear as items of receipts as well as of expenditure.

विवरण 5 : ***वित्तीय देनदारियों में परिवर्तन : सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों का पूंजी खाता***

यह विवरण केन्द्रीय सरकार के ऋण संबंधी लेखे का द्योतक है और इसका संबंध विवरण 3 और 4 से होने वाली कमियों को पूरा करने के लिए की जाने वाली वित्तीय व्यवस्था से है । प्राप्तियों से सकल बाजार ऋण की रकमें, सकल विदेशी ऋण और अल्प बचतों से निवल प्राप्तियां, भविष्य निधियां, गैर-सरकारी भविष्य निधियों की जमाराशियां, अनिवार्य जमाराशियों विविध पूंजीगत प्राप्तियों (निवल) के विरुद्ध भारतीय रिजर्व बैंक से विशेष उधार, 'राजकोषीय हुंडियों' (मद 13) की बिक्री से रिजर्व बैंक से लिए जाने वाले अन्य उधारः राजकोषीय हुण्डियों की निवल बिक्रियां निधि परिचालनों के समायोजन करने के बाद दर्शायी जाती है । विशेष प्रतिभूतियों की निवल बिक्री (मद 12) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक, अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ और एशियाई विकास बैंक को अभिदान देने के लिए जारी की जाने वाली हस्तान्तरणीय गैर-ब्याज प्रतिभूतियों की द्योतक है ।

इस संबंध में खर्च होने वाली रकमों में बाजार ऋणों (मद 1) और विदेशी ऋणों (मद 2) के संबंध में वापिस अदायगी की जाने वाली शामिल हैं । इस विवरण के अन्तर्गत शेष राशि को समायोजित रकम के साथ मिलाने पर वह वि व रण 3 और वि वरण 4 की संतुलनकारी मदों के योग के बारबर हो जाती है ।

विवरण 6 : ***सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों का रोकड़ और पूंजी समाधान खाता***

यह एक ऐसा समाधान खाता है जो सार रूप से विव रण 3, 4 और 5 की निवल स्थिति का द्योतक है थऔर केन्द्रीय सरकार के सभी लेन-देनों के, उसकी नकदी राशि पर पड़ने व ाले प्रभाव को दिखाता है । विव रण 5 में राजकोषीय हुंडियों की बिक्री की निवल राशियों और नकद शेष राशि में होने वाले अन्तर को मिलाकर देखना केन्द्रीय सरकार के बजट संबंधी घाटे को मापने की एक परम्परागत व्यवस्था है । किन्तु आर्थिक दृष्टि से घाटे की वित्तव्यवस्था को ठीक-ठीक समझने के लिए और बातों का समायोजन आवश्यक होता है जैसे कि भारतीय रिजर्व बैंक को छोड़कर अन्य पार्टियों के हाथ बेचे जाने वाली राजकोषीय हुंडियों की रकमों को अलग करना पड़ता है और इस घाटे का हिसाब लगाने के लिए बाजार ऋणों के संबंध में रिजर्व बैंक द्वारा दिए जाने वाले समर्थनों को इसमें शामिल करना पड़ता हैं।

ख. कार्य संबंधी वर्गीकरण

कार्य संबंधी वर्गीकरण का उद्देश्य मुख्य अभीष्ट प्रयोजनों के अनुसार सरकारी खर्च की मुख्य मदों अर्थात् रक्षा, प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक सेवाओं आदि मदों को भिन्न-भिन्न वर्गों में संकलित करना हैं । किन्तु इस पुस्तिका में वर्गीकरण का उद्देश्य सरकारी व्ययों के कार्य संबंधी वर्गीकरण में कुछ संशोधन करना नहीं है जो कि वर्तमान बजट पत्रों में हैं, बल्कि यह आर्थिक वर्गीकरण के साथ कार्यों के अनुसार पुनः वर्गीकरण करने का एक प्रयास है जिसके आर्थिक वर्गीकरण से उत्पन्न आयामों का महत्व बढ़ाया जा सके ।

यह बात भी उल्लेखनीय है कि कार्य संबंधी वर्गीकरण की स्कीम, वस्तुतः व्यय से संबंधित है और यह प्राप्तियों पर लागू नहीं होती । केन्द्रीय सरकार का कुल परिव्यय जिस पर यह लागू होता है, आर्थिक वर्गीकरण विवरण 1 में चालू व्यय, विवरण 3 में पूंजी परिव्यय और विवरण 4 में वित्तीय निवेशों और श्रेणियों तथा अग्रिमों से बनता है । ये तीन विवरण उन व्ययों को प्रदर्शित करते हैं जिनका संबंध सरकारी नीतियों द्वारा पूरे किए जाने वाले विशिष्ट प्रयोजनों के साथ जोड़ा जा सकता है यही बात विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के चालू व्यय के लिए नहीं कहीं जा

Account 5: ***Changes in financial liabilities : Capital Accounts of Government Administration and Departmental Commercial Undertakings***

This represents the borrowing account of the Central Government, and is concerned with the provision of finance for meeting the deficits emerging from Account 3 and 4. Incomings detail gross market borrowing, gross borrowing from abroad, net accretions to small savings, provident funds, deposits of non-government provident funds, special borrowings from the R.B.I. against compulsory deposits and miscellaneous capital receipts (net) other borrowing from the Reserve Bank in the sale of 'treasury bills' (item 13): net sales of treasury bills are shown after adjusting for funding operations. The net sale of special securities (item 12) denotes mainly the result of transactions in the issue of non-negotiable non-interest bearing securities from subscriptions to IMF, IBRD, IDA and ADB and their encashment.

The outgoings on this account include repayments on account of market borrowings (item 1) and foreign loans (item 2). The balance emerging from this Account represents the net increase in financial liabilities and together with adjustment in cash balances is equivalent to the sum of balancing items in Account 3 and 4.

Account 6: ***Cash and Capital Reconciliation Account of Government Administration and Departmental Commercial Undertakings***

This is the reconciliation account summing up the net position in respect of Accounts 3, 4 and 5 and showing the effect of all transactions of the Central Government on its cash position. The net variation in the cash balance read with net sales of treasury bills in Account 5 provide a conventional measure of the Central Government's budgetary deficit. The derivation of deficit financing in an economically more meaningful sense, however, calls for further adjustments; sales of treasury bills to parties other than the Reserve Bank of India have to be excluded and the Reserve Bank's support to market borrowings included in the computation of this deficit.

B. Functional Classification

A functional classification is designed to group the main items of Government expenditures in terms of broad purposes to be served, i.e. defence, administration, health, education, economic services etc. The objective of the classification adopted in this brochure, however, is not to introduce some refinements in the functional grouping of Government expenditures as may be already existing in the budget documents, but rather it is to attempt a reclassification by functions in conjunction with an economic classification in order to increase the significance of the magnitudes emerging from the latter.

It is also noteworthy that the scheme of functio[nal] classification relates essentially to expenditures and does [not] apply to receipts. The total outlay of the Central Governm[ent] to which it applies is made up of the current expenditure [in] Account 1, capital expenditure in Account 3 and financial investments and loans and advances in Account 4 of the Economic Classification. These three accounts show expenditures which can be related to specific purposes to be served by Government policies. The same cannot be said of the

सकती। (जैसा आर्थिक वर्गीकरण के विवरण 2 में दिखाया गया है) हालांकि इन उपक्रमों द्वारा किया गया पूंजी निर्माण कार्य संबंधी वर्गीकरण में शामिल किया जाता है ।

केन्द्रीय सरकार के व्यय का वर्गीकरण चार मुख्य श्रेणियों में किया गया है :—

1. सामान्य सेवाएं
2. सामाजिक सेवाएं
3. आर्थिक सेवाएं
4. अनावंटनीय

श्रेणी 1 : इसका संबंध सामान्य सेवाओं से है और इसमें असैनिक (सिविल) तथा रक्षा संबंधी दोनों व्यय आते हैं । ये व्यय राष्ट्र के बुनियादी प्रशासनिक ढंचे की व्यवस्था के लिए किए जाते हैं अतः सामान्य प्रशासन, कर संग्रह, पुलिस, करेंसी तथा टकसाल, विदेशों से संबंध, रक्षा तथा दैवी विपत्तियों से बचाव के लिए किया जाने वाला आयोजना-भिन्न व्यय इस श्रेणी के अन्तर्गत दिखाया जाता है यह भी ध्यान दिया जाए कि विभिन्न सामाजिक और आर्थिक कार्यकलापों के निदेशन तथा अधीक्षण से संबंधित प्रशासनिक व्यय को संबद्ध कार्य के संबंधी शीर्षकों के अन्तर्गत दिखाया गया है जहाँ एक से अधिक कार्यकलाप शामिल हों (उदाहरणार्थ लोक निर्माण कार्य), वहां ऊपरी प्रशासनिक खर्च को यथा सम्भव सीमा तक, विभिन्न कार्यकलापों में बांटने का प्रयास किया गया है।

श्रेणी 2 : इसका संबंध सामाजिक सेवाओं से है और यह समाज की बुनियादी सामाजिक सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्था से संबंधित है इसमें शिक्षा, चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य तथा अन्य सामाजिक सेवाओं का व्यय शामिल है शिक्षा के अन्तर्गत सामान्य और अनुप्रयुक्त अनुसंधान को संबद्ध कार्यकलाप में आवंटित किया गया है उदाहरण के लिए परमाणु तथा औद्योगिक अनुसंधान दोनों उद्योग के अन्तर्गत दिखाए गए हैं । उपसमूह चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य में परिवार कल्याण के कार्यक्रम भी आते हैं उपसमूह अन्य सामाजिक सेवाओं में आवास, श्रमिक कल्याण तथा अन्य समाज कल्याण योजनाएं, संग्रहालय, पुरातत्व, सार्वजनिक पुस्तकालय तथा प्रसारण और प्रचार के अन्य साधनों से संबंधित व्यय भी शामिल हैं विभिन्न रोजगार कार्यक्रम के व्यय के लिए बजट में जो व्यवस्था की गई है वह इसमें शामिल है । इसी उपसमूह में प्रथमिक शिक्षा, गन्दी बस्ती के सुधार, ग्रामीण जल पूर्ति और ग्रामीण आवास स्थलों के लिए बजट में एक मुख्य रकम के रूप में की गई व्यय व्यवस्था भी शामिल हैं । बच्चों के लिए पोषाहार कार्यक्रम का व्यय भी यहां पर दिखाया गया है । विस्थापितों के लिए राहत कार्य पर किया जाने वाला व्यय इसमें शामिल है।

श्रेणी 3 : इसमें आर्थिक सेवाओं के लिए की गई व्यवस्था आती है और इसमें सभी व्यय शामिल हैं जो अर्थ-व्यवस्था के उत्पादक कार्यों को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा देते हैं । इसलिए उत्पादक आर्थिक सहायता जैसे कि उर्वरकों, कोयला और रेलवे के लिए दी जाने वाली सहायता के साथ-साथ निर्यात संवर्धन और सहायता बाजार विकास के लिए यहां शामिल की जाती है । कृषि, उद्योग, परिवहन तथा संचार और 'अन्य आर्थिक सेवाएं' में और आगे अन्तर-विभाजित आर्थिक कार्यकलाप की किस्म के अनुसार किया जाता है । कृषि में सिंचाई, पशु-पालन, मीन उद्योग, वन पालन, सहकारिता तथा सामुदायिक विकास शामिल है । उद्योग में मोटे तौर पर बड़े और छोटे उद्योग, ग्रामोद्योग, विद्युत विकास, खनिज साधनों का उपयोग तथा व्यापार और निर्यात संवर्धन आते हैं । परिवहन और संचार में रेल, डाक, दूर-संचार, सड़क, पत्तन, नौवहन,

current expenditure of departmental commercial undertakings (as shown in Account 2 of the Economic Classification) although capital formation by these undertakings is included in the functional classification.

The expenditure of the Central Government has been grouped into four main categories:

1. General Services
2. Social Services
3. Economic Services
4. Unallocable

Category 1 : Category 1 relates to General Services and covers both civil and defence. These expenditures are incurred for the provision of the basic administrative structure of the nation; thus expenses on general administration, tax collection, police, currency and the mint, conduct of external relations, defence and the non-plan provision against natural calamities are shown under this category. It may be noted that the administrative expenditures concerned with the direction and superintendence of the various social and economic activities appear under the relevant functional heads. Where more than one activity is involved (e.g. public works), an attempt has been made to apportion, to the extent possible, the administrative overheads to the various activities.

Category 2 : Category 2 relates to Social Services and is concerned with the provision of basic social amenities to the community. Expenditures on education, medical and public health and other social services are included here. Education covers both general and technical education (e.g. engineering and medical colleges) and also basic research. However, in-service training and applied research have been allocated to the activities concerned. For instance, both atomic and industrial research appear under Industry. The sub-group 'medical and public health' also covers family welfare programmes. The sub-group 'other social services, includes housing, labour welfare and other social welfare schemes, museums, archaeology, public libraries and also expenditures connected with broadcasting and other publicity media. Expenditures provided in the budget for various programmes of employment are also included here. This sub-group also covers such expenditures as the lump-sum provision made in the budget for primary education, slum improvement, rural water supply and rural home sites. The expenditure on nutrition programme for children is also shown here. The relief expenditure for displaced persons are included here.

Category 3 : Category 3 comprises provision for Economic Services and includes all such expenditures as to promote, directly or indirectly, productive activity within the economy. Producer's subsidies such as for fertilisers, coal and railways, as also the assistance for export promotion and market development are, therefore, included here. Further sub-division into agriculture, industry, transport and communications and 'other economic services' is done according to the type of economic activity. Agriculture includes irrigation, animal husbandry, fisheries, forestry, cooperation and community development. Industry broadly covers both large, small scale and village industries, power development, exploitation of mineral resources and trade and export promotion. Transport

नागर विमानन आदि शामिल है । 'अन्य आर्थिक सेवाएं' एक अवशिष्ट श्रेणी है जिसमें बहुप्रयोजनी परियोजनाओं पर व्यय और अल्प बचतों में राज्यों के हिस्से जैसी मदें शामिल हैं, राज्यों को आयोजनागत सहायता के लिए केन्द्र द्वारा मंजूर किए गए एकमुश्त अनुदान और ऋण भी इसी श्रेणी में आते है, हालांकि इन्हें अलग दिखाया गया है । ये सभी व्यय ऐसे हैं जिनका संबंध आर्थिक कार्यकलापों की एक से अधिक किस्मों से है।

अन्त में, कुछ ऐसी किस्म के व्यय हैं जिनका संबंध विशिष्ट प्रयोजनों के साथ नहीं जोड़ा जा सकता और उनका वर्गीकरण अनावंटनीय श्रेणी के अन्तर्गत किया गया है इसमें शामिल व्यय की मुख्य किस्में हैं-ब्याज अदायगी, पेंशन, खाद्य, खाद्य तेल तथा नियंत्रित कपड़े पर दी जाने वाली उपभोक्ता आर्थिक सहायता तथा राज्य सरकारों को सांविधिक सहायता, अनुदान अर्थोपाय अग्रिम और विशेष ऋण । यद्यपि खपत संबंधी आर्थिक सहायता की रकमें अनावंटनीय मानी गई हैं किन्तु अन्य आर्थिक सहायता की रकमें संगत कार्य श्रेणियों में आवंटित की गई है । अनावंटनीय श्रेणी में विदेशों को रकमों का अन्तरण जैसे नेपाल और भूटान को अनुदान तथा विदेशों को प्रक्रियात्मक ऋण तथा अन्य ऋण आते हैं । जहां तक अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों को दिए जाने वाले अभिदानों का संबंध है, यह बात स्पष्ट है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ के विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा खाद्य और कृषि संगठन को दिए जाने वाले अंशदान उनके अपने-अपने कार्य संबंधी शीर्षकों (जैसे स्वास्थ्य तथा कृषि) के अन्तर्गत आते हैं किन्तु संयुक्त राष्ट्र संघ को अंशदान तथा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा निधि, अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक आदि को दिए जाने वाले सामान्य सेवाएं के अन्तर्गत दिखाए गए हैं ।

आर्थिक श्रेणियों तथा कार्यों के द्वारा केन्द्रीय सरकार के व्ययों के सम्मिलित वर्गीकरण में, जैसा इस पुस्तिका में बताया गया है, स्तम्भ (कालम) कार्य संबंधी वर्गों के अनुरूप है और पंक्तियां उनके आर्थिक स्वरूप को सूचित करती है जिसका आधार आर्थिक वर्गीकरण है । स्तम्भों के अनुसार पढ़ते हुए आर्थिक शीर्षकों के अन्तर्गत प्रत्येक कार्य संबंधी श्रेणी का ब्योरा देखा जा सकता है, उदाहरण के लिए इससे यह पता चलता है कि प्रत्यक्ष चालू व्यय के रूप में शिक्षा पर कुल कितना व्यय हुआ, अनुदानों और ऋणों के रूप में कितना व्यय हुआ और पूंजी निर्माण अर्थात् स्कूली इमारतों आदि के रूप में कितना खर्च हुआ । इसी प्रकार पंक्तियों के साथ-साथ पढ़ते हुए यह पता चलता है कि खपत पूंजी पर होने वाले व्यय में से प्रशासनिक सेवाओं के लिए और सामाजिक तथा आर्थिक शक्ति तैयार करने पर कितना खर्च किया गया। इस प्रकार सम्मिलित वर्गीकरण केन्द्रीय सरकार के कुल व्यय का द्योतक है जिसे, खपत, सकल पूंजी निर्माण, चालू और पूंजीगत वित्तीय निवेशों तथा ऋणों और अग्रिमों की मदों में उसके मुख्य प्रशासनिक, सामाजिक तथा आर्थिक प्रयोजनों के हिसाब से बांट कर दिखाया गया है।

and communications include Railways, Posts, Tele-cummunications, ports, shipping, civil aviation, roads etc. 'Other economic services' is a residual category which includes items like outlays on multipurpose projects, and States' share in small savings. The block grants and loans granted by the Centre to the States for plan assistance, although shown separately, also belong to the same category. All these expenditures are as such concerned with more than one type of economic activity.

Finally, there are certain types of expenditure which cannot be related to specific purposes and have been grouped under the category "unallocable". The main types of expenditures included here are interest payment, pensions, consumer subsidies (such as on food, edible oils and controlled cloth) and such transfers to the State Governments as statutory grants-in-aid, and special loans. While consumption subsidies have been treated as unallocable, other subsidies such as subsidies for fertilisers, cotton and exports have been allocated to the relevant functional categories. The unallocable category also includes transfer to foreign countries e.g. grants to Nepal and Bhutan, technical credits and other loans to foreign countries. As regards contributions to international organisations, it may be noted that while contributions to such organisations as World Health Organisation and Food and Agricultural Organisation of the United Nations, appear under the respective functional heads (viz. health and agriculture) contribution to the United Nations and also subscription to IMF, IBRD etc., are shown under General Services.

In the cross-classification of the Central Government expenditure by economic categories and by functions, as presented in this brochure, columns correspond to the functional categories and rows indicate their economic character, as derived from the Economic Classification. Thus reading along columns one may find out the breakdown of each functional category under economic heads; for instance, it would show as to how much of the total expenidutre on education is in the form of direct current expenditure, how much in the form of grants and loans and how much in the form of capital formation i.e. construction of school buildings, etc. Similarly, reading along rows, one may find out as to how much of the expenditure on consumption or capital formation is for administrative services and how much for building up social and economic potential. The cross-classification thus shows the total expenditure of the Central Government as broken down into consumption, gross capital formation, current and capital transfers and financial investments and loans and advances and as related to their broad administrative, social and economic purposes.

वित्त मंत्रालय (मुद्रणालय) द्वारा मुद्रित
Printed by Ministry of Finance(Press) 10991291

Key to Budget Documents for 1991-92

वर्ष 1991-92 के बजट-पत्रों का संक्षिप्त परिचय

वार्षिक वित्तीय विवरण

संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार प्रत्येक वित्तीय वर्ष के सम्बन्ध में, जो 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है, भारत सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण संसद में प्रस्तुत किया जाता है । "वार्षिक वित्तीय विवरण" नामक यह विवरण मुख्य बजट-दस्तावेज होता है । वार्षिक वित्तीय विवरण में सरकार की प्राप्तियों और अदायगियों को तीन भागों में, जिनके अनुसार सरकारी लेखे रखे जाते हैं, दिखाया जाता है । ये भाग इस प्रकार है :- (i) समेकित निधि (ii) आकस्मिकता निधि और (iii) लोक खाता ।

2. सरकार को प्राप्त होने वाले सभी राजस्वों से, सरकार द्वारा लिए जाने वाले उधारों से और उसके द्वारा दिए गए ऋणों की वसूलियों से जो धनराशियां प्राप्त होती हैं वे सब "समेकित निधि" में दिखाई जाती हैं । सरकार का सभी खर्च समेकित निधि से किया जाता है और जब तक संसद की स्वीकृति नहीं मिल जाती तब तक इस निधि में से कोई भी रकम खर्च नहीं की जा सकती।

3. कभी-कभी ऐसे अवसर भी आ सकते हैं जब सरकार को संसद की स्वीकृति मिलने के पहले ही कुछ ऐसा बहुत जरुरी खर्च करना पड़ता है जिसका पहले से अन्दाजा नहीं रहता । इस तरह का खर्च आकस्मिकता निधि से किया जाता है । यह निधि अग्रदाय के रूप में राष्ट्रपति के पास रहती है । इस प्रकार आकस्मिकता निधि से जो रकम खर्च की जाती है उसके बारे में, बाद में संसद का अनुमोदन ले लिया जाता है और संसद की स्वीकृति से समेकित निधि में से उतनी ही रकम निकाल कर वापस आकस्मिकता निधि में डाल दी जाती है । इस समय, इस निधि के लिए संसद द्वारा निर्धारित कुल राशि 50 करोड़ रूपए है ।

4. सरकार की सामान्य प्राप्तियों और व्यय के अतिरिक्त, जिनका सम्बन्ध समेकित निधि से होता है, सरकारी खातों में कुछ अन्य लेन-देनों जैसे भविष्य निधियों के सम्बन्ध में लेन-देन, अल्प बचत संग्रह, अन्य जमा आदि का हिसाब भी रखा जाता है । सरकार इन लेन-देनों के सम्बन्ध में लगभग बैंकर के रूप में कार्य करती है । इस तरह जो रकमें प्राप्त होती हैं उन्हें लोक खाते में दिखाया जाता है और सम्बन्धित संवितरण इसी में से रकम निकाल कर किया जाता है । आम तौर से लोक खाते में दिखाई जाने वाली रकम सरकार की निधियां नहीं होती, क्योंकि इस धनराशि को किसी न किसी समय उन व्यक्तियों या प्राधिकारियों को, जो इसे जमा कराते हैं, वापस देना होता है। इसलिए लोक खाते से अदायगी करने के लिए संसद की स्वीकृति लेना आवश्यक नहीं होता । सरकार की आय का कुछ भाग, कुछ मामलों में, खास-खास कार्यों के लिए, जैसे चीनी विकास के लिए या वाणिज्यिक उपक्रमों में जो मशीनरी आदि पुरानी पड़ गई हो उसके स्थान पर नई मशीनरी लाने आदि के लिए अलग-अलग निधियों में अलग निकाल कर रख लिया जाता है । यह रकम संसद की स्वीकृति लेकर समेकित निधि से निकाली जाती है और विशेष कार्यों पर खर्च किए जाने के लिए लोक खाते में जमा रखी जाती है । फिर भी, कार्य-विशेष पर जो खर्च किया जाता है उसे संसद के सम्मुख उसकी स्वीकृति के लिए फिर प्रस्तुत किया जाता है, हालांकि यह रकम निधियों को अन्तरित किए जाने के लिए पहले ही संसद द्वारा निर्धारित की हुई होती है।

5. संविधान के अनुसार, बजट में राजस्व खाते के व्यय को अन्य व्यय से अलग दिखाना होता है । इसलिए सरकार का बजट (i) राजस्व बजट और (ii) पूंजी बजट, दो भागों में बंटा होता है।

6. राजस्व बजट में सरकार को राजस्व (कर-राजस्व और अन्य राजस्व) से होने वाली आय तथा इन राजस्वों से किया जाने वाला व्यय शामिल होता है । कर-राजस्व में संघ द्वारा लगाए गए करों और अन्य शुल्कों से प्राप्त होने वाली प्राप्तियां शामिल होती हैं । वार्षिक वित्तीय विवरण में दर्शाए गए राजस्व प्राप्तियों के अनुमान में वित्त विधेयक में किए गए कराधान संबंधी प्रस्तावों का प्रभाव शामिल होता है । सरकार की अन्य प्राप्तियों में मुख्यतः उसके द्वारा निवेशित पूंजी पर ब्याज और लाभांश, फीस तथा सरकार द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के लिए अन्य प्राप्तियां शामिल होती हैं। राजस्व व्यय सरकारी विभागों और विभिन्न सेवाओं के सामान्य संचालन, सरकार द्वारा लिए गए ऋण के ब्याज प्रभारों आदि पर होता है । मोटे तौर पर ऐसे सभी व्यय जिनसे किसी परिसम्पत्ति का निर्माण नहीं होता, राजस्व व्यय माना जाता है । राज्य सरकारों और अन्य पार्टियों को दिए जाने वाले सभी अनुदान भी राजस्व व्यय माने जाते हैं यद्यपि, ऐसे कुछ अनुदान परिसम्पत्तियों के सृजन के लिए हो सकते हैं ।

7. पूंजी बजट में पूंजीगत प्राप्तियां और भुगतान शामिल हैं । पूंजीगत प्राप्तियों की मुख्य मदें ये हैं :- सरकार द्वारा जनता से लिए गए उधार जिन्हें बाजार उधार कहा जाता है, राजकोषीय हुंडियों की बिक्री के जरिए सरकार द्वारा रिजर्व बैंक और अन्य पक्षों से लिए जाने वाले उधार, विदेशी सरकारों और संस्थाओं से प्राप्त उधार और राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों और अन्य पक्षों को केन्द्रीय सरकार द्वारा दिए गए उधार की वसूली से होने वाली वसूलियां । पूंजीगत भुगतान में ये मदें शामिल होती हैं :- जमीन, इमारतों, मशीनों, उपकरणों जैसी परिसम्पत्तियों की प्राप्ति पर किया जाने वाला पूंजी व्यय और शेयरों आदि में लगाई जाने वाली पूंजी और राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों, सरकारी कंपनियों, निगमों और अन्य पार्टियों आदि को केन्द्रीय सरकार द्वारा दिए जाने वाले उधार और अग्रिम । पूंजी बजट में लोक खाते के लेन-देन भी शामिल होते हैं ।

लेखाओं का वर्गीकरण

8. वार्षिक वित्तीय विवरण में प्राप्तियों और भुगतानों के अनुमान तथा अनुदानों की मांगों में व्यय के अनुमान लेखाओं के वर्गीकरण की उसी प्रणाली के अनुसार दिखाए जाते हैं जो संविधान के अनुच्छेद 150 के अन्तर्गत विहित है। इस वर्गीकरण का उद्देश्य संसद और जनता को यह समझने में सहायता देना है कि प्रत्येक कार्यक्रम के लिए कितना धन निर्धारित किया गया है और इस तरह खर्च करने में सरकार के उद्देश्य क्या हैं ।

9. संविधान के अनुसार, खर्च की कुछ मदें, जैसे राष्ट्रपति की परिलब्धियां, राज्य सभा के सभापति और उप-सभापति तथा लोक सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के वेतन और भत्ते, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के वेतन, भत्ते और पेंशनें, सरकार द्वारा लिए गए उधारों के ब्याज और उनकी वापसी-अदायगियों और अदालती डिक्रियों के सम्बन्ध में की गई अदायगियां, समेकित निधि पर भारित होती हैं और इन्हें लोकसभा द्वारा स्वीकृति देने की आवश्यकता नहीं है । वार्षिक वित्तीय विवरण में समेकित निधि पर भारित खर्च को अलग से दिखाया जाता है ।

अनुदानों की मांगें

10. वार्षिक वित्तीय विवरण में समेकित निधि से किए जाने वाले व्यय के अनुमान दिए गए हैं। ये अनुमान संविधान के अनुच्छेद 113 के अनुसरण में अनुदानों की मांगो के रूप में प्रस्तुत किए जाते हैं और इनकी स्वीकृति लोक सभा से लेनी होती है । सामान्यतः, प्रत्येक मंत्रालय अथवा विभाग के सम्बन्ध में एक मांग प्रस्तुत की जाती है । लेकिन बड़े मंत्रालयों या विभागों के सम्बन्ध में एक से अधिक मांगें प्रस्तुत की जाती हैं । प्रायः प्रत्येक मांग में एक सेवा के लिए कुल आवश्यक व्यवस्था दी गई होती है अर्थात् इसमें राजस्व से किया जाने वाला व्यय, पूंजी व्यय, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को दिए जाने वाले अनुदान और उस सेवा के सम्बन्ध में उधारों और अग्रिमों के लिए की गई व्यवस्था शामिल होती है । विधानमंडल रहित संघ राज्य क्षेत्रों के संबंध में ऐसे प्रत्येक संघ राज्य क्षेत्र के लिए एक अलग मांग पेश की जाती है । जिन मामलों में किसी सेवा से संबद्ध व्यवस्था पूर्ण रूप से समेकित निधि पर भारित व्यय के लिए होती है, जैसे ब्याज की अदायगियां, तो उस व्यय के लिए, मांग से बिल्कुल भिन्न, एक अलग विनियोग प्रस्तुत किया जाता है और उसके लिए संसद से स्वीकृति लेने की आवश्यकता नहीं होती । किन्तु किसी ऐसे सेवा व्यय के मामले में, जिसमें स्वीकृत एवं भारित दोनों मदें शामिल हों, तो उस सेवा के लिए प्रस्तुत की जाने वाली मांग में भारित व्यय भी शामिल कर लिया जाता है लेकिन स्वीकृत और भारित व्यवस्थाएं उक्त मांग में अलग-अलग दिखाई जाती हैं ।

11. अनुदानों की मांगें वार्षिक वित्तीय विवरण के साथ लोक सभा में प्रस्तुत की जाती हैं। प्रत्येक मांग में ऊपर की ओर पहले "स्वीकृत" और "भारित" व्यय तथा साथ ही मांग में सम्मिलित "राजस्व" और "पूंजी" व्यय के अलग-अलग जोड़ दिखाए जाते हैं । इसके अलावा जिस खर्च के लिए मांग प्रस्तुत की जाती है, उसका कुल जोड़ भी इसमें दिखाया जाता है । इसके बाद विभिन्न मुख्य लेखा शीर्षों के अन्तर्गत व्यय के अनुमान दिए जाते हैं । प्रत्येक मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत व्यय का आयोजना और आयोजना-भिन्न विभाजन भी दिखाया जाता है । खातों में व्यय में से घटाई गई वसूलियां भी दिखाई जाती हैं । पुस्तक के प्रारम्भ में अनुदानों की मांगो का सारांश दिया जाता है तथा इसके अंत में "नई सेवा" अथवा "नई सेवा के साधनों" जैसे कि नई कम्पनी, उपक्रम का निर्माण, अथवा नई योजना का शुरू किया जाना आदि का विवरण भी दिया जाता है ।

वित्त विधेयक

12. संसद द्वारा अनुमोदित अवधि के आगे नए कर लगाने, विद्यमान कर ढांचे के संशोधन अथवा विद्यमान कर ढांचे को जारी रखने से संबंधित सरकार के प्रस्तावों को वित्त विधेयक के जरिए संसद में प्रस्तुत किया जाता है ।

13. संविधान की शर्तों के अनुसार प्रस्तुत किए जाने वाले बजट दस्तावेजों को कुछ विशेष कानूनी और प्रक्रियात्मक आवश्यकताएं पूरी करनी होती हैं और इसलिए स्वयं उनके द्वारा बजट की प्रमुख विशेषताओं का स्पष्ट संकेत नहीं दिया जा सकता । बजट के सरल बोध को सुविधाजनक बनाने के लिए बजट के साथ कुछ विशेष व्याख्यात्मक दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते हैं।

बजट का सार

14. बजट का सार नामक पुस्तक में, मोटे तौर पर कर-राजस्व और अन्य प्राप्तियों के ब्यौरे के साथ-साथ, संक्षिप्त रूप में प्राप्तियों और भुगतानों का विवरण दिया गया है । इस पुस्तक में मोटे तौर पर आयोजना और आयोजना-भिन्न व्यय, आयोजना परिव्यय के क्षेत्रवार आवंटन और केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को अन्तरित किए गए साधनों का

ब्योरा भी दिया गया है । इस पुस्तक में राजस्व घाटा, समग्र घाटा और केन्द्रीय सरकार का राजकोषीय घाटा भी दिखाया जाता है । सरकार की राजस्व प्राप्तियों की तुलना में अधिक राजस्व व्यय सरकार का राजस्व घाटा होता है । पूंजी व्यय और पूंजी प्राप्तियों को मिलाकर भी किसी एक वर्ष की प्राप्तियों और व्यय में अन्तर होता है । यह अन्तर, जो 91 दिन की राजकोषीय हुण्डियां (जोकि अधिकांशतः रिजर्व बैंक द्वारा धारित होती हैं) जारी करके पूरा किया जाता है, समग्र बजटीय घाटा होता है । राजकोषीय हुण्डियों के जरिए इस उधार के अलावा सरकार बहुत-सी स्कीमों के तहत निधियां उधार लेती है, जो पूंजी प्राप्तियों का भाग होती हैं । एक ओर, राजस्व, पूंजी और वापसी अदायगियों को घटाकर ऋणों के द्वारा सरकार के कुल व्यय और दूसरी ओर, सरकार की राजस्व प्राप्तियां और पूंजी प्राप्तियां, जिनका स्वरूप उधार का नहीं होता परन्तु जो अन्तिम रूप से सरकार को प्राप्त होती हैं, के बीच का अन्तर राजकोषीय घाटा होता है ।

व्यय बजट, खंड-I

15. व्यय बजट, खंड I में राजस्व तथा पूंजी संवितरणों का ब्योरा तथा इनमें से प्रत्येक के सम्बन्ध में "आयोजना" और "आयोजना-भिन्न" के अन्तर्गत अनुमानों की जानकारी दी गई है तथा दोनों के अनुमानों में हुई घट-बढ़ के कारण बताए गए हैं । इसमें विभिन्न प्रकार के व्यय का विश्लेषण भी किया जाता है ।

16. लेखा तथा बजट संबंधी वर्तमान प्रणाली के अन्तर्गत कुछ एक प्रकार की प्राप्तियों को जैसे एक विभाग द्वारा दूसरे विभाग को की गई अदायगी और पूंजी परियोजनाओं या योजनाओं से होने वाली आय के उस विभाग के खर्च में से जिसे यह रकम मिलेगी, घटा दिया जाता है । अनुदानों की मांगों में व्यय के जो अनुमान दिए गए है वे सकल व्यय के अनुमान हैं जबकि वार्षिक वित्तीय विवरण में दिए गए अनुमान, जैसाकि लेखाओं से पता चलता है, निवल व्यय के अनुमान होते हैं, अर्थात् इसमें से वसूलियों को घटा दिया जाता है । व्यय बजट पुस्तक में कतिपय अन्य शोधन भी किए गए हैं जैसे संबंधित प्राप्तियों का व्यय घटाना ताकि प्राप्तियों और व्यय के आंकड़े बढ़ने से बचा जा सके और विभिन्न व्यय की मात्रा का बेहतर मूल्यांकन हो सके । अलग-अलग अनुबन्धों में, सरकार द्वारा दी गई गारंटियों, जो मार्च, 1990 के अन्त तक बकाया थीं, तथा अन्तर्राष्ट्रीय निकायों को किए गए अंशदान दिखाए गए हैं । इस पुस्तक में विभिन्न सरकारी विभागों की स्थापना की अनुमानित संख्या और उनके लिए की गई व्यवस्था दर्शाने वाले एक विवरण भी शामिल किया गया है ।

व्यय बजट, खण्ड-II

17. अनुदानों की मांगों में शामिल प्रस्तावित व्यय के उद्देश्यों को समझने के लिए, मांगों में शामिल प्रमुख कार्यक्रमों के व्यय की विभिन्न मदों और चालू वर्ष के मूल बजट अनुमानों और संशोधित बजट अनुमानों के बीच के अन्तर के कारण और बजट वर्ष की आवश्यकताएं इस पुस्तक में दी गई हैं।

प्राप्ति बजट

18. "वार्षिक वित्तीय विवरण" में शामिल प्राप्तियों के अनुमानों का और आगे विश्लेषण "प्राप्ति बजट" नामक पुस्तक में किया गया है । इस पुस्तक में राजस्व प्राप्तियों और पूंजी प्राप्तियों का ब्योरा दिया जाता है और अनुमानों को स्पष्ट किया जाता है । प्राप्तियों की पिछले वर्षों की प्रवृत्तियों और प्राप्त हुई विदेशी सहायता का ब्योरा भी इसमें दिया जाता है।

19. वित्त विधेयक में दिए गए कराधान संबंधी प्रस्तावों को समझने में सुविधा देने के लिए विधेयक की व्यवस्थाओं की वित्त विधेयक में व्यवस्था का व्याख्यात्मक ज्ञापन शीर्षक वाली पुस्तक में व्याख्या की जाती है ।

